राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 13 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 74, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अधर में अटका माता कालरात्रि मन्दिर मार्ग का निर्माण...06

डीएम ने देर रात किया शहर का निरीक्षण, रैनबसेरों व अलाव की व्यवस्थाओं की ली समीक्षा....12

## क्या सभी को चांद पर भेज देना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा ऐसा, भूकंप पर दायर याचिका खारिज

**● सुप्रीम कोर्ट ने भारत में बढ़ते भूकंप के मामले में नुकसान को कम करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है. एससी ने याचिका को खारिज कर दिया है. वहीं याचिकाकर्ता ने कहा कि भूकंप आने की स्थिति में अधिकारियों को नुकसान को कम करने के लिए व्यवस्था करनी चाहिए**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत में बढ़ते भूकंप के मामले में नुकसान को कम करने वाली एक याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान स्ट ने याचिका को खारिज करते हुए पूछा, तो क्या हमें सबको चांद पर बसा देना चाहिए या कहीं और? याचिका में भारत की 75 प्रतिशत आबादी के उच्च भूकंपीय क्षेत्र में होने का जिक्र करते हुए भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अधिकारों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में मौजूद याचिकाकर्ता ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पहले यह माना जाता था कि केवल दिल्ली ही उच्च भूकंपीय क्षेत्र में है, लेकिन हाल में यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारत की 75 प्रतिशत आबादी इसके अंतर्गत आती है. इस पर पीठ ने पूछा, 'तो क्या हमें सबको चांद पर बसा देना चाहिए या कहीं और?' इस पर याचिकाकर्ता ने बताया कि हाल में जापान में एक बड़ा भूकंप आया था. पीठ ने कहा, पहले हमें इस देश में ज्वालामुखी लाने होंगे, तब हम इसकी तुलना जापान से कर सकते हैं।

### आपकी याचिका पर सुनवाई पूरी

याचिकाकर्ता ने कहा कि भूकंप आने की स्थिति में अधिकारियों को नुकसान को कम करने के लिए व्यवस्था करनी चाहिए. पीठ ने कहा, यह सरकार की जिम्मेदारी है; कोर्ट इसे नहीं संभाल सकती. याचिका खारिज की जाती है. याचिकाकर्ता ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग तरह से अपने तर्क को सही साबित करने का हरसंभव प्रयास किया. लेकिन पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि आपकी याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है. अब इसे खारिज कर दिया गया है.

### सरकार को रखना चाहिए ध्यान

सुनवाई की शुरुआत में याचिकाकर्ता ने कहा कि हाल में कई जानकारी आई हैं जो उसकी याचिका को ठीक ठहराती हैं. पीठ ने कहा कि ये सभी नीतिगत मामले हैं जिनका ध्यान सरकार को रखना चाहिए. जब याचिकाकर्ता ने मीडिया की कुछ खबरों का हवाला दिया तो पीठ ने कहा, 'ये अखबारों की खबरें हैं. हमारा इनसे कोई लेना-देना नहीं है.' इसके बाद याचिकाकर्ता कोर्ट से निकल गया।

## यूपी में नया 'आरएसएस': राजभर की एसबीएसपी ने लॉन्च की राष्ट्रीय सुहेलदेव सेना

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। भाजपा की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) ने अब अपना खुद का वैचारिक संगठन 'राष्ट्रीय सुहेलदेव सेना' (आरएसएस) लॉन्च कर दिया है। यह संगठन वर्दी, कंधे पर बैज और लाठी जैसे प्रतीकों के साथ तैयार किया गया है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से प्रेरित तो लगता है, लेकिन एसबीएसपी इसे अपनी विचारधारा का वाहक बताती है। यह कदम 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को मिली हार के बाद कैडर को मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

एसबीएसपी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी घोषणा की। संगठन का उद्घाटन पूर्वांचल के 22 जिलों में अगले सप्ताह से शुरू होने वाले प्रशिक्षण शिविरों के साथ होगा, जो धीरे-धीरे पूरे 75 जिलों में फैल जाएगा। पार्टी का लक्ष्य एक लाख स्वयंसेवकों को नामांकित करना है, खासकर ग्रामीण इलाकों के 18 से 25 वर्ष के युवाओं को। इन स्वयंसेवकों को न केवल वैचारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि करियर गाइडेंस भी प्रदान की जाएगी।

राजभर ने कहा, 'आज कई गांवों में 60 से 70 प्रतिशत छात्रों को यह नहीं पता कि वे क्या बनना चाहते हैं। हमारे आरएसएस संगठन के माध्यम से हम उन्हें विभिन्न क्षेत्रों के रिटायर्ड प्रोफेशनल्स से जोड़ेंगे, जिससे वे अलग-अलग करियर विकल्पों को समझ सकेंगे।' उन्होंने जोर दिया कि यह संगठन राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि विचारधारा का केंद्र होगा, जो पूर्वांचल के लगभग 25 प्रतिशत आबादी वाले अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) समुदाय को एकजुट करेगा।



### बीजेपी ने सरकारी योजनाओं के नाम पर जुटाए पार्टी फंड्स, चंदा लिए- RTI: रिपोर्ट

यदि कोई सरकारी योजनाओं में पैसे डालने के नाम पर अपने लिए लोगों से चंदा जुटाए तो इसे क्या कहेंगे? क्या यह कोई अपराध होगा? यदि कोई पार्टी ऐसा करे तो क्या कार्रवाई होगी? आरटीआई के जवाबों से खुलासा हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी ने 2021-22 में स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और किसान सेवा जैसी सरकारी कल्याण योजनाओं के नाम पर अवैध रूप से जनता से चंदा जुटाया था।

द वायर की रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई के वरिष्ठ पत्रकार और सथियम टीवी के न्यूज एडिटर बी.आर. अराविंदाक्षन द्वारा दायर आरटीआई आवेदनों के जवाबों में केंद्रीय मंत्रालयों ने साफ़ किया है कि बीजेपी को इन योजनाओं के लिए फंड जुटाने की कोई विशेष अनुमति नहीं दी गई या अधिकृत नहीं किया गया था। फिर भी, नमो ऐप और narendramodi.in पोर्टल पर आज भी इन सरकारी योजनाओं के नाम पर चंदा के विकल्प दिखाए जा रहे हैं।



यह मामला 2021-22 के बीच चले 'माइक्रो-डोनेशन' अभियान से जुड़ा है, जिसमें बीजेपी ने चंदा देने वालों को सरकारी योजनाओं का विकल्प देकर पार्टी फंड में योगदान करवाया। रिपोर्ट के अनुसार अराविंदाक्षन ने इन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और किसान सेवा के नाम पर 100-100 रुपये दान दिए, तो उन्हें बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय से रसीदें ईमेल से मिलीं, लेकिन मंत्रालयों ने पुष्टि की कि ये फंड सरकारी योजनाओं तक नहीं पहुंचे। पत्रकार ने इसे 'धोखाधड़ी' करार देते हुए चेन्नई पुलिस कमिश्नर, सीबीआई के क्षेत्रीय निदेशक, प्रधानमंत्री, संबंधित मंत्रालयों के सचिवों और गृह मंत्रालय को शिकायत भेजी है। उन्होंने अदालत जाने की चेतावनी भी दी है।

## माघ मेल सुरक्षा तैयारियों की पुलिस उपायुक्त नगर ने किया व्यापक निरीक्षण

**● बेली कछार से बड़ा-छोटा बघाड़ा तक सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** आने वाले माघ मेला-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं पूरी तरह निर्विघ्न आयोजित कराने के लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त नगर ने मेला क्षेत्र से सटे प्रमुख पार्किंग स्थलों–बेली कछार, छोटा बघाड़ा और बड़ा बघाड़ा–का व्यापक निरीक्षण कर तैयारियों की जमीन-स्तर पर समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग एरिया में प्रवेश-निर्गम मार्ग,बैरिकेडिंग,प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तैनाती,सीसीटीवी कवरेज, भीड़ प्रबंधन तथा आपातकालीन रेस्पॉन्स सिस्टम की स्थिति का गहन रूप से अवलोकन किया।

उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने, संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने, तथा वाहनों के सुचारु संचालन के लिए स्पष्ट रूट- प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि माघ मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए पार्किंग प्रबंधन किसी भी स्थिति में ढीला नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकाश,सफाई,मार्ग चिन्हांकन और सुरक्षा घेराबंदी जैसी व्यवस्थाएँ अंतिम समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की



असुविधा न हो। प्रशासन का दावा है कि माघ मेला-2026 को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिल्ली पुलिस ने 11 साल से फरार हत्या के आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया



**अधिकारियों ने कहा, ''21 नवंबर 2014 को खेड़ी बाबा पुल के पास नाले के किनारे 40-45 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। बाद में उसकी पहचान राकेश के रूप में हुई।''**

**दिल्ली** पुलिस ने हत्या के एक मामले में 11 वर्षों से फरार एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, कई राज्यों में समन्वित छापेमारी के बाद आरोपी लखन सिंह (43) को उत्तर प्रदेश के कासगंज से पकड़ा गया। उन्होंने बताया, ''वह रनहोला थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में लंबे समय से फरार था। पुलिस ने कहा कि लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान एक टीम ने रनहोला में हुई हत्या के इस अनसुलझे मामले पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें सिंह एक दशक से अधिक समय से फरार था। अधिकारियों ने कहा, ''21 नवंबर 2014 को खेड़ी बाबा पुल के पास नाले के किनारे 40-45 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। बाद में उसकी पहचान राकेश के रूप में हुई।'' जांच के दौरान लखन सिंह का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आया, लेकिन हत्या के तुरंत बाद वह कथित तौर पर फरार हो गया और वर्षों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस को बाद में सूचना मिली कि सिंह उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। इसके बाद 10 दिसंबर को कासगंज में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि 28 सितंबर 2015 को एक स्थानीय अदालत ने सिंह को 'भगोड़ा अपराधी' घोषित किया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए वह 11 साल तक राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच स्थान बदलता रहा।

## नाला निर्माण में लगे भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुर-** सरीला नगर पंचायत के ममना रोड पर बने रहे नव-निर्माणाधीन नाले में घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री उपयोग होने का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने कार्यदाई संस्था और ठेकेदार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सरकार भले ही विकास कार्यों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का दावा करती हो, लेकिन ममना रोड पर बन रहे नाले में मानकों को खुलेआम दरकिनार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, नाले के निर्माण में मानक विपरीत ईंटों का उपयोग किया जा रहा है, वहीं अन्य निर्माण सामग्री में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। लोगों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस नाले का भविष्य शुरुआत से ही खतरे में नजर आ रहा है।

स्थानीयों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा तीन नंबर की ईंटें और मानकविहीन सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कराया जा रहा है। इससे नाला कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। नागरिकों ने इसे साफ तौर पर भ्रष्टाचार और निगरानी की कमी बताया।

घटिया गुणवत्ता की सूचना मिलने पर मीडिया द्वारा जब उपजिलाधिकारी सरीला से बात की गई, तो उन्होंने मौके पर जेई को भेजकर जांच कराए जाने की बात कही है। नगरवासियों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## पीड़ित और उसके ग्यारह सहयोगियों के मुंशी ने मजदूरी हड़पे लाखों रूपए

**● ठग पुत्र पिता दे रहे जान माल की धमकी मामला हैदराबाद का**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में ग्राम लेगड़ीपुर के रहने वाले पीड़ित इन्द्रेश अपने साथ अपने भाई रमाकान्त, देवराज, व रामगोपाल पुत्र श्याम लाल राकेश पुत्र मनोज निवासीगण ग्राम लेगड़ीपुर)(बराती लाल पुत्र रामकुमार, काशीराम पुत्र रामकुमार निवासीगण ग्राम तेतारपुर डीह )अनिल पुत्र रामगोपाल,रमेश पुत्र स्वामीदयाल निवासी ग्राम अचाकापुर थाना कोतवाली फूलबेहड़ जिला खीरी विपिन पुत्र सन्तोष,सन्दीप पुत्र रामू निवासीगण ग्राम भंगहरपुरवा मजरा मकसोहा थाना शारदानगर जिला खीरी। कुछ सभी ग्यारह सहयोगियों का हेड होने के साथ दिनांक 04.जून.2025 सेमाक कंसल्टेंट्स लिमिटेड पलवल हरियाणा में स्कार फोलडींग लाइन का काम करने के लिए मुंशी अवधेश पाल पुत्र सुरेश पाल नन्दलालपुर मोहम्मदाबाद थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर-खीरी के साथ गया था अगले दिन दिनांक 05.जून.2025 को काम प्रारंभ किया दो माह काम करने के बाद रक्षा बंधन का त्योहार पड़ने पर पीड़ित 03.अगस्त.2025 को अपने साथियों के साथ घर आया जहां पीड़ित को दो माह की जगह एक माह का रूपया दिया शेष रूपए अवधेश ने आन लाइन पेमेंट करने की बात कही चार माह से ऊपर हो गये पीड़ित को विपक्षी ने रूपए नही दिया जिस कारण पीड़ित को सहयोगियों द्वारा काफी परेशान किया जा रहा है। काफी प्रयास करने पर विपक्षी अवधेश ने दीपावली पर पूरा पेमेंट दे देंगे अभी ठेकेदार सलमान ने रूपए नही दिया ठेकेदार सलमान से मो0.नं0.7532885011 फ़ोन पर बात करने पर मालूम हुआ की विपक्षी अवधेश को सारा पेमेंट दे दिया जिसका रिकॉर्ड सलमान ठेकेदार ने पीड़ित को दे दिया। पीड़ित कोई वाद विवाद नहीं चाहता था इसलिए पीड़ित विपक्षी अवधेश के घर नंदलालपुर गया जहां विपक्षी अवधेश के




माता पिता मिले जिन्होंने रूपए न होने की बात करते हुए मिल चलने पर रूपए दे देंगे लेकिन मिल चलने के बाद पीड़ित पुनः रूपए लेने विपक्षी अवधेश के पिता सुरेश पाल के पास गया जहां सुरेश पाल मो.नं0.7054649663 आमादा फौजदारी होते हुए ऐलानिया कहा एक रूपए नही देंगे अगर पुत्र अवधेश की शिकायत की तो सारा रूपए पुलिस में देकर झूठे केस में फसा देंगे विपक्षी व विपक्षी का पिता काफी सर्कस एव शातिर किस्म के लोग हैं जो कुछ भी कर सकते हैं जो पीड़ित के न्याय हित में नहीं है भयभीत पीड़ित ने दिनांक 29. अक्टूबर.2025 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी,व श्रम आयुक्त से की जिसमें 23. दिसंबर .2025 पेशी की डेट लगी हुई है शिकायत करने पर 56 हजार आन लाइन देने की बात कही महोदय जब की शेष रूपए की बात नकार दिया। लगातार विपक्षी अवधेश व उसके पिता द्वारा झूठ पर झूठ बोलकर जान माल की धमकी दी जा रही है पीड़ित के 1 लाख 85 हजार 5 सौ 75 रूपए विपक्षी के पास शेष है जो विपक्षी देने से इन्कार कर रहा है इतनी बड़ी रकम आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीड़ित अपने सहयोगियों को नहीं दे सकता अगर विपक्षी इसी तरह मूर्ख बनाता रहा तो पीडित आत्महत्या कर लेगा जिसका जिम्मेदार विपक्षी व उसका पिता होगा। क्योंकि पीड़ित हर तरफ़ घिर चुका है दिल्ली देखते हैं पीड़ित को न्याय मिल सकेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## यातायात के नियम ताक में रखकर मासूमों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः**-मौदहा कस्बा सहित विभिन्न गांवों के लिए आने जाने वाले आटो और ई रिक्शा चालक स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंक बड़ी दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। तिपहिया वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को ढो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार विभागों के अधिकारी चेकिंग के नाम पर अपनी जेब गर्म कर इनको खुली छूट दे रहे हैं। जिससे कि तिपहिया वाहन चालकों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं। और आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जिसमें एक तिपहिया वाहन के पीछे लदे स्कूली बच्चे कंधों में बैग टांगें लटके हुए दिखाई दे रहे हैं।



बताते चलें कि शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ। उक्त वायरल वीडियो में एक तिपहिया आटो में चार स्कूली बच्चे कंधों में बैग टांगें पीछे लटके हुए दिखाई दे रहे हैं। उक्त वीडियो जहां से बनाया गया वो कस्बे के सबसे व्यस्ततम मार्ग की श्रेणी में आता है। बताते चलें कि उक्त स्थान में लोगों की भीड़ भी अच्छी खासी इकट्ठा रहती है और पुलिस का विचरण भी बना रहता है। वहीं एक आटो चालक अपनी आटो के अंदर सवारियां बैठाए हुए है तथा पीछे स्कूली बच्चे लटके हुए स्कूल की ओर जा रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि उक्त वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से जिम्मेदारों तक न पहुंचे लेकिन जिम्मेदार ठहरे मूकदर्शक। हालांकि यदा कदा इस मार्ग पर यातायात पुलिस तो विचरण करती है लेकिन किस उद्देश्य से करती है आज तक पता नहीं चल सका। लोगों का यह भी मानना है कि कस्बे की गुड़ाही बाजार जो लगभग आधा दर्जन गांवों के आटो स्टैंड के नाम से प्रचलित है। यहां लगभग दो दर्जन आटो तथा ई रिक्शा दिनभर खड़े रहते हैं तो यातायात पुलिस समेत स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अपनी जेब गर्म करने जरूर आते हैं लेकिन कभी आटो चालकों को नियमों का पाठ नहीं पढ़ाते।

वहीं नगर पालिका के जिम्मेदार भी नगर में प्रवेश करने वाले वाहनों से टैक्स के नाम पर उगाही तो करते हैं लेकिन आज तक नगरपालिका एक स्थाई स्टैंड आटो चालकों को उपलब्ध नहीं करा सकी है। ऐसे ही लगभग सभी विभागों की चरमराई हुई लचर व्यवस्था का लाभ लेते हुए ऐसे वाहन चालक अपनी मनमर्जी पर उतारू होकर जिम्मेदारों को चिढ़ाते हुए दुर्घटनाओं को दावत देते हैं जो चिंता का विषय है।

## शोहरतगढ़ में चला प्रशासन का बुलडोजर मेनरोड से हटवाया गया अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ मेन रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरियों पर कब्जा कर दुकानें लगाने से प्रतिदिन वाहनों के जाम लग जाते थे जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था तो वहीं दूसरी तरफ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है?। आखिरकार दो वर्ष बाद शुक्रवार को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चल गया। एसडीएम विवेकानंद मिश्र व सीओ मयंक द्विवेदी की अगुवाई में ईओ सचिन कुमार व थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने पुलिस जवानों व नगर पंचायत कर्मियों के साथ बुलडोजर लेकर तिरंगा चौराहा पर पहुंच गये। यहां से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हुआ जो इक्कावन तिराहा व बैंक रोड तक जाकर समाप्त हुआ।तिरंगा चौक के पास सड़क की पटरी पर दुकानदारों द्वारा सामान रखकर अतिक्रमण किए जाने पर बुलडोजर ने हटाना शुरू किया तो सड़क की पटरियां खाली होने लगी।



एसडीएम विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि हाईकोर्ट का सख्त निर्देश है कि सड़क की पटरियों को हर हाल में खाली कराया जाए ताकि वाहनों का जाम न लगने पाए और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।सीओ मयंक द्विवेदी व ईओ सचिन कुमार ने कहा कि दुकानदार सड़क की पटरियों पर दुकानें न लगाएं ऐसा करने वालों के खिलाफ जुर्माना के साथ कार्रवाई भी की जाएगी और सामानों को जब्त कर लिया जाएगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान तिरंगा चौक से शुरू हुआ जो पुलिस बूथ होते हुए इक्कावन तिराहा व तहसील रोड तक जाकर समाप्त हो गया।सभासद राजकुमार मोदनवाल, सतीश वर्मा व बब्लू गौड़ ने कहा कि तिंरगा चौक के पास चार पहिया वाहन घंटों खड़े रहते है जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।इस पर सीओ मयंक द्विवेदी ने थाना प्रभारी को वाहन हटवाने का निर्देश दिया। सभासदों ने कहा कि सबसे अधिक अतिक्रमण नगर के अंदर है जहां पैदल चलना दुश्वार हो गया है। आपातकाल स्थिति में एम्बुलेंस व चार पहिया वाहन नहीं आ जा सकते हैं।दुकानदारों द्वारा इतना ज्यादा अतिक्रमण किया गया है कि प्रतिदिन राहगीरों व दुकानदारों से आने जाने को लेकर नोंक झोंक होती रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### ठंड बढ़ी, पर बस्ती पालिका अभी भी तैयार नहीं लोग ठंड से बेहाल हो रहे हैं



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंतेज़ी से बढ़ती ठंड ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, लेकिन बस्ती नगरपालिका की तैयारियाँ कागज़ों से बाहर नहीं निकल सकीं। अलाव की व्यवस्था हो, रात में ठंड से बचाव के लिए अस्थायी शेल्टर हो या बुजुर्गों और गरीबों के लिए राहत सामग्री–कहीं भी प्रशासन की सक्रियता दिखाई नहीं दे रही। जनता पूछ रही है–जब मौसम विभाग पहले ही चेतावनी दे चुका था, तो फिर पालिका ने क्या तैयारी की? नगर प्रशासन की उदासीनता ने यह साफ कर दिया है कि योजनाएँ तो बनती हैं, पर जमीन पर उतरती नहीं। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बार-बार ठंड से राहत के लिए सक्रिय उपायों के निर्देश दे चुके हैं। बस्ती के नागरिकों का यही आग्रह है कि पालिका तुरंत मैदान में उतरे,अलाव स्थल बढ़ाए जाएँरैन-बसेरों में कंबल, रोशनी और सुरक्षा सुनिश्चित होअस्पतालों में ठंड से बचाव के इंतज़ाम मजबूत हों और चौक-चौराहों पर निगरानी बढ़े ठंड बढ़ रही है... जनता ठिठुर रही है... लेकिन पालिका अभी भी जाग नहीं रही।

### बाइक चोरी का मुकदमा नही लिख रही पुलिस, एसपी से मिला पीड़ित



**बस्ती।** बस्ती जिले में चोरों का आतंक छाया हुआ है पुलिस चोरी की घटनाएं लिखने से परहेज कर रही है जिससे पीड़ित मजबूर होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी आप बीती सुनाई ताजा मामला मगर थाना क्षेत्र में नगर थाना क्षेत्र के आकारी गांव का हैबाइक चोरी के मामले मे एफआईआर दर्ज कराने के लिये पीड़ित को पुलिस कप्तान से गुहार लगानी पड़ रही है। पुलिस की सक्रियता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। ताजा मामले मे नगर थाना क्षेत्र के अकारी निवासी सचिन पुत्र राजाराम ने एसपी को पत्र देकर कहा है कि वे गांव के ही नीलम पत्नी राकेश की मोटर साईकिल लेकर 2 दिसम्बर को बस्ती आये थे। उन्होने हीरो स्पेलेन्डर मोटरसाईकिल यू.पी. 51 ए जेड 4044 को मालवीय रोड स्थित गीतांजलि पैलेस के सामने खड़ा किया था। काम से वापस आने के बाद मोटरसाईकिल वहां से गायब थी। उन्होने 112 नम्बर पर पुलिस को मामले की सूचना दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकिल चुरा कर ले जा रहा है। मामले की लिखित तहरीर रौता चौराहा पुलिस चौकी और कोतवाली को दिया किन्तु 10 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही मोटसाईकिल बरामद हुई। उन्होने एसपी से मांग किया है कि मोटरसाईकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उसे बरामद कराया जाय।

### 14 दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान को लेकर जन जागरूकता हेतु सीएमओ कार्यालय से निकाली गई रैली



**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**अमेठी।** महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार 14 दिसंबर 2025 को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु जिला मुख्यालय सहित सभी सीएचसी पर रैलियां निकाली गई। इसी क्रम में जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से छात्राओं द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 14 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है अभियान के दौरान जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी इसके लिए अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज रैलियां निकाली गई हैं। उन्होंने सभी से अपील भी किया है कि 14 दिसंबर को अपने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं।

# BDO दुबौलिया संदीप सिंह के अथक प्रयास से ग्राम पंचायतों में रुका मनरेगा फर्जीवाड़ा

**●गर्मी बीतने व बरसात शुरू होते ही ग्राम पंचायतों में बढ़े भ्रष्टाचार को लेकर एक्टिव हुए थे BDO संदीप सिंह BDO ने सचिव और टीए व मनरेगा एपीओ को मनरेगा भ्रष्टाचार रोकने की सौंपी थी जिम्मेदार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के खण्ड विकास अधिकारी दुबौलिया संदीप सिंह की सक्रियता से विकासखण्ड दुबौलिया के अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा भ्रष्टाचार रुका हुआ है। BDO संदीप सिंह के सक्रियता की तरह यदि जिले के सभी BDO एक्टिव हो जाय तो ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार रुक जायेगा और विकास कार्यो की गति बढ़ जायेगी। आपको बता दें कि खण्ड विकास अधिकारी दुबौलिया संदीप सिंह ने गर्मी का मौसम बीतने के बाद से ही एक्टिव हो गये थे और बरसात लगते ही मनरेगा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सचिव , तकनीकी सहायक व मनरेगा एपीओ को निर्देश दे दिया था और कहा था कि किसी भी हाल में ग्राम पंचायतों में मनरेगा भ्रष्टाचार न हो यदि किसी ग्राम पंचायत से मनरेगा भ्रष्टाचार की शिकायत होती है तो सम्बंधित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। BDO संदीप सिंह की मेहनत रंग लाई है और जिले के अन्य विकास खण्डों की अपेक्षा सबसे कम मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं और ग्राम पंचायतों में विकास की गति बढ़ी है। झमाझम बारिश में भी जिले के अनेक ग्राम पंचायतों में बढ़ चढ़कर मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगी थी और BDO व अन्य जिम्मेदारों की मिलीभगत से झमाझम बारिश में लगे हुए मनरेगा मजदूरों के मस्टर रोल का भुगतान हो चुका है जिसकी जांच करना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

BDOसंदीप सिंह के ईमानदारी की चर्चा पूरे जिले में चल रही है कि BDO संदीप सिंह ने कमीशन की लालच को छोड़कर ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो को बढ़ाने में जुटे हुए हैं। BDO संदीप सिंह का सीधा मतलब है कि जब काम नही तो दाम नही अर्थात् जब मनरेगा मजदूर कार्य नही करेंगे तो फर्जी भुगतान नही होगा और जब मनरेगा मजदूर कार्य करेंगे तभी मनरेगा कार्यो का भुगतान होगा। BDO संदीप सिंह का कार्य सराहनीय है जिसको लेकर जिले में चर्चा का बाजार गर्म है।

# भ्रष्टाचार की चपेट में बीडीओ रुधौली की कुर्सी, जनता सवालों में उलझी भ्रष्टाचार की डूब रही नैईया

**●चकमार्ग पर उगी घास और दोनों तरफ खेतो में गेहूँ ने खोली पोलसच्चाई को किसी बयान की जरूरत नहीं बगल की जमीन खुद दे रही गवाहीगाय-भैंस भी समझ जाए कि फर्जी हाजिरी रजिस्टर में हो रही दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली विकास खंड की ग्राम पंचायत छतरिया में मनरेगा कार्यो में भारी फर्जीवाड़ा चल रहा है। मनरेगा के दो कार्यस्थलों पर 61 मजदूर कागज़ों मे दिखाए गए हैं , जबकि जमीन पर एक भी मजदूर नहीं मिला। दो कार्यो पर जारी 7 मस्टरोल के बावजूद दोनों साइटों पर सन्नाटा और चकमार्ग पर महीनों से उगी घास ने पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली साइट मोहम्मद उमर से विजय के खेत तक मास्टर रोल में 38 मजदूर, जमीन पर शून्य न कोई ताज़ी खुदाई, न मिट्टी की हलचल, चकमार्ग पर घास अगल बगल गेहूं की फसल दूसरी साइट नजीबुल्लाह से कलावती के खेत तक 23 मजदूर दर्ज, लेकिन साइट का दृश्य भी हूबहू वही है कोई निर्माणगत गतिविधि का चिन्ह तक नहीं मिला। चकमार्ग पर उगी घास और दोनों तरफ खेतो में गेहूँ यहां किसी बयान या कागज़ी रिपोर्ट की ज़रूरत नहीं जमीन ने खुद सच बयां कर दिया। चकमार्गो पर उगी घास और खेतों में गेहूं की फसल यह साबित कर रहा है कि फर्जी हाजिरी के सहारे फर्जी भुगतान का प्रयास चल रहा है। चकमार्ग के किनारे खेतों में गेहूं की फसल कागजों में दर्ज भारी भीड़ के बीच अंतर मनरेगा कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है और यह बना हुआ है कि रुधौली बीडीओ की निगरानी नाकाम साबित हुई है। फील्ड में जीरो विजिट और फाइलों में 100 प्रतिशत काम के दावे ने भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ाया है। बीडीओ की चुप्पी अब उनकी सबसे बड़ी ढाल बनी हुई है।कागज़ों में 69, मैदान में 0... मस्टरोल और अटेंडेंस की धज्जियां उड़ रहीं, जिम्मेदारो की खामोशी मनरेगा की यह स्थिति न सिर्फ प्रणाली की साख पर प्रश्न चिन्ह है बल्कि बीडीओ की मनमानी और लापरवाही से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की छवि पर भी बट्टा लग रहा है। जमीन पर फर्जीवाड़ा जिम्मेदारों की मिलीभगत से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। छतरिया के चकमार्गो की जमीनी हकीकत ने एक बार फिर मनरेगा निगरानी तंत्र की पोल खोल दी है।

# ठाकुर अजित विजय सिंह आईटीआई में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**●डेढ़ सौ से अधिक युवाओं को मिला रोजगार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** ठाकुर अजित विजय सिंह आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार मेले में क्षेत्रभर से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में मदरसन सुमि वायरिंग इंडिया लिमिटेड कंपनी ने अपने लखनऊ एवं नोएडा ब्रांच के लिए प्रतिभागी छात्रों का कौशल आकलन किया और मौके पर ही चयन प्रक्रिया पूरी की।रोजगार मेले का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह रहा कि डेढ़ सौ से अधिक युवाओं को कंपनी में प्लेसमेंट मिला। चयनित युवाओं और उनके अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।आयोजक के अनुसार, इस प्रकार के रोजगार मेलों का उद्देश्य उद्योग और युवाओं के बीच सेतु बनाना है, ताकि कौशलयुक्त युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। मेले के सफल आयोजन के लिए संस्थान प्रशासन, स्टाफ और स्थानीय उद्योगों का विशेष सहयोग रहा। चयनित युवाओं ने इस अवसर को अपने करियर के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जनपद में विभिन्न आईटीआई में विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार मेला समय-समय पर लगाया जाता है, जिनमें प्रशिक्षित युवाओं को प्लेसमेंट के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। वही ठाकुर अजित विजय सिंह आईटीआई के प्रबंधक महेंद्र विजय सिंह ने बताया कि आईटीआई परिसर में समय-समय पर विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार मेला लगाया जाता है, ठाकुर अजित विजय सिंह आईटीआई के प्रशिक्षित छात्रों को प्लेसमेंट के जरिए रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य प्रशिक्षित शत प्रतिशत छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराना है।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, जगदीशपुर आईटीआई के प्रधानाचार्य अजय सिंह, ठाकुर अजीत विजय सिंह आईटीआई के प्रबंधक महेंद्र विजय सिंह, प्रधानाचार्य मानवेंद्र विजय सिंह, अशोक शुक्ला, राजेश यादव सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# इंदौर से पाली जा रही नाबालिग युवती को मुस्लिम युवक भगाकर ले गया, बजरंग दल ने भोपाल में करवाया बरामद

**●सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाली।** इंदौर से पाली के लिए बस में सफर कर रही एक नाबालिग लड़की को उसी के गांव का युवक फिल्मी अंदाज़ में बाइक पर बैठाकर भगा ले गया। घटना उस समय हुई जब बस रास्ते में खराब हो गई और यात्रियों को हाईवे किनारे स्थित ढाबे पर सुरक्षित बैठा दिया गया था। मामला सामने आने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भोपाल के छोला थाना क्षेत्र से दोनों को बरामद कर पुलिस के हवाले किया।

**बस खराब होते ही युवक मौके पर पहुंचा**

जानकारी के अनुसार, इंदौर से पाली के लिए चलने वाली बस में कुल 42 यात्री सवार थे। बस जब सिरोंज के पास पहुंची, तभी अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बस स्टाफ ने सभी यात्रियों को सड़क किनारे स्थित एक ढाबे पर बैठाकर मिस्त्री लाने के लिए वाहन से उतर गए। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक वहां पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लड़की फोन पर बात कर रही थी और अचानक युवक के साथ बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गई। लड़की की मां और कुछ यात्रियों ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

**बजरंग दल को मिली सूचना, छोला मंदिर क्षेत्र से पकड़े गए**

बस के ठीक होने पर यात्रियों से घटना की पूरी जानकारी ली गई। इस बीच, भोपाल के छोला थाना क्षेत्र में कुछ स्थानीय लोगों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि एक युवक-युवती संदिग्ध रूप से वहां छिपे हुए हैं। सूचना पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने दोनों से पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अरवाज खां, पिता इसरहिल खां, निवासी थाना पाली, जनपद ललितपुर (उत्तर प्रदेश) बताया। लड़की ने भी अपना पता इसी थाना क्षेत्र का बताया। बताया जा रहा है कि लड़की नाबालिग है।

**कार्यकर्ताओं ने युवक की खबर ली, फिर पुलिस को सौंपा**

सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवक से कड़ाई से सवाल-जवाब किए और पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद दोनों को छोला थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अब लड़की की उम्र, परिजनों का बयान और घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

**पुलिस जांच में जुटी**

फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि युवती अपनी मर्ज़ी से गई या उसे बहलाकर ले जाया गया। नाबालिग होने की स्थिति स्पष्ट होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूरी से लौट रहे युवक से बुलैरो सवारों ने की मारपीट

**ललितपुर।** जाखलौन थानान्तर्गत ग्राम जीरोंन निवासी गोदन अहिरवार पुत्र हरजू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े चार बजे वह गांव में रोड के पास खड़ा था। वह मजदूरी करके बरखेरा से घर लौट रहा था। इसी बीच सामने से बुलैरो संख्या यू.पी.94 ए.एल. 3339 आकर रूकी और उसे रोकते हुये कार सवार ने गालियां दीं। जब उसने विरोध किया तो उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने बताया कि जीरोंन निवासी निर्मल कुमार पुत्र खुशीलाल अहिरवार, शहर के नेहरू नगर निवासी नीरज पुत्र गनपत अहिरवार व अखिलेश पुत्र दयाराम अहिरवार सवार थे, जिन्होंने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। यह भी आरोप लगाया कि उक्त मारपीट की घटना गांव के प्रकाश पुत्र गज्जूराम अहिरवार द्वारा करायी गयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## परसरामपुर में कलयुगी पिता ने तीन मासूम बच्चों को दफनाने की कोशिश, पुलिस ने बचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के परसरामपुर थाना क्षेत्र के नंदनगर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता अपने ही तीन मासूम बच्चों को जिंदा दफनाने की कोशिश करता पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार आरोपी इरफान नशेड़ी व झाड़-फूंक करने वाला पिछले कई दिनों से अपने बच्चों 11 वर्षीय माहीनूर, 9 वर्षीय अमीन और 6 वर्षीय महजबीन को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। दो दिन पहले उसने अपनी पत्नी को भी गंभीर रूप से पीटा, जिसके बाद मायके वाले उसे घर ले गए, लेकिन बच्चे वहीं रह गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इरफान नशे की हालत में बच्चों को सर्द रातों में बाहर सुलाता था और उनकी मदद करने पर कपड़े तक जला देता था। बुधवार को उसने घर के एक कमरे में बड़ा गड्ढा खोदकर बच्चों को पीटते हुए उसमें दफनाने की कोशिश शुरू कर दी। बच्चों की चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। कमरे से बड़ा गड्ढा और फावड़ा भी बरामद हुआ। आरोपी मौके से भाग गया था, लेकिन कुछ ही देर बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ स्वर्णिम सिंह ने बताया कि बच्चों की स्थिति सुरक्षित है और उनकी मां को सूचना दे दी गई है।

# बस्ती में खौफनाक घटना : पिता ने तीन बच्चों को जिंदा दफनाने की कोशिश, पुलिस ने बचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के घटनाओं की बाढ़ आ गई क्या थाना अध्यक्ष गुरुद्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करने से भी नहीं डर है अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के बावजूद भी घटनाएं बढ़ रही है राजा मामला परशुरामपुर थाना क्षेत्र के नंदनगर गाँव मे एक पिता द्वारा अपने तीन बच्चों को जिन्दा दफन करने के प्रयास का सनसनीखेज मामला प्रकाश मे आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कलियुगी बाप के चंगुल से तीनों मासूमों को बचायामामले की जानकारी देते हुए एस ओ परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को रात में डायल112 पर सूचना मिली कि नंदनगर का इरफान हाशमी घर मे गड्ढा खोदकर अपने बच्चों महिनूर11,अमीन7,तथा माहेजबीन7 को जिन्दा दफन करना चाहता है। सूचना के बाद एस ओ थाने की पुलिस के साथ नंदनगर पहुँचे। वहाँ से इरफान को हिरासत मे लेकर जब पूँछताछ की गयी तो मामला सही पाया गया। इरफान ने घर मे बनाये गड्ढे को पुलिस को दिखाया। उसने बताया कि घरेलू कलह से वह ऊब चुका है। एक दिन पहले उसने अपनी पत्नी मोमीना को मारपीट कर भगा दिया।वह रूधौली स्थित अपने मायके चली गयी। पुलिस ने इरफान पर मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। दोनो बेटियों और एक बेटे को पुलिस ने मायके से आयी उसकी माँ मोमीना को सुपुर्द कर दिया है। लोगों की मानें यदि पुलिस तत्परता न दिखाती तो तीनों मासूम जिंदा दफन हो गये होते।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की नई टीम

**●जिलाध्यक्ष कंचन गुप्ता ने जनपदीय इकाई का किया गठन**

**गरीब व बेसहारा कन्याओं के विवाह को लेकर पुनः राजेश मसाला की पहल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी राजेश अग्रहरि उर्फ राजेश मसाला व अयोध्या मंडल प्रभारी हरिकेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कंचन गुप्ता ने गांव गांव जाकर महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और दूसरी ओर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की जनपदीय इकाई का गठन किया गया जिसमें उन्होंने सरिता मिश्रा को कोषाध्यक्ष और संगीता सिंह को सह कोषाध्यक्ष तो वहीं मिथिलेश मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष व फूला देवी को सदस्य का पदभार सौंपा,वहीं समाजसेविका व जिलाध्यक्ष कंचन गुप्ता ने जानकारियां देते हुए बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश प्रभारी व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला द्वारा कुछ दिनों पूर्व अपने बेटे की शादी में 101 बेसहारा कन्याओं की शादी को लेकर प्रत्येक कन्याओं को 1 लाख 51 हज़ार की धनराशि का चेक वितरित किया था जिसमें उन्होंने एक करोड़ 52 लाख 51000 की धनराशि बेसहारा कन्याओं को दिया था वही दूसरी ओर पुनः निर्देशन पर जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता द्वारा ऐसी ही बेसहारा कन्याओं का चयन किया जा रहा है जिससे उनकी भी मदद की जा सके समाजसेविका कंचन गुप्ता का कहना है कि समाज के प्रति इस तरह की संवेदनशीलता प्रेरणादायक है और इससे बेसहारा कन्याओं के नए जीवन को दिशा मिलेगी।पूरे जनपद में दानवीर के नाम से मशहूर राजेश अग्रहरी द्वारा हमेशा ही जरूरतमंदों की सहायता की जाती है तथा धार्मिक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जाती है। उनके द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना पूरे देश में हो रही है। वहीं जनपद की मानी जानी समाजसेविका कंचन गुप्ता द्वारा जनपद में भ्रमण करते हुए महिला जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला महामंत्री योगिता सिंह भी उपस्थित रहीं।

# डीएम ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण, आशा बहुओं के साथ की बैठक

**● ग्रामस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को विकास खंड बलरामपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का विस्तार से जायज़ा लिया। डीएम ने वार्ड व ओपीडी का भ्रमण कर उपचार प्रक्रिया, मरीजों की संख्या और चिकित्सकों की उपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवा स्टॉक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और मरीजों को दवा वितरण में किसी प्रकार की कमी ना आए। इसके साथ ही टीकाकरण कक्ष तथा कोल्ड चेन रूम का निरीक्षण करते हुए टीकों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था, तापमान नियंत्रण और रिकॉर्ड मेंटेनेंस की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज को असुविधा न हो तथा सभी को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएं। आशा बहुओं के साथ बैठक, जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर बल निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कार्यरत आशा बहुओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आशा बहुएं ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, जो गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, टीकाकरण, परिवार नियोजन और स्वास्थ्य योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डीएम ने आशाओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनके बिना ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र प्रभावी नहीं हो सकता। उन्होंने आशा बहुओं का मानदेय बढ़ाए जाने के निर्देश दिए तथा उनके कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आशा बहुएं गांवों में नियमित भ्रमण करें, मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा टीकाकरण की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें और किसी भी समस्या की सूचना समय से स्वास्थ्य विभाग को दें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, संबंधित एमओआईसी तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# खजनी कस्बे में नाले निर्माण का औचक निरीक्षण, विधायक ने तेजी और गुणवत्ता पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** खजनी कस्बे में चल रहे नाले निर्माण कार्य की धीमी प्रगति और गुणवत्ता को लेकर शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण स्थल के विभिन्न चरणों को बारीकी से देखा और अधिकारियों व कार्यदायी संस्था से विस्तृत जानकारी ली। विधायक शुक्ला ने पाया कि नाले निर्माण का कार्य लंबे समय से चल रहा है, लेकिन निर्माण क्षेत्र समयानुसार आगे नहीं बढ़ रहा है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराज़गी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कार्य कस्बे के जलनिकासी सिस्टम को सुधारने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। गुणवत्ता को लेकर भी विधायक सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मजबूती और मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि उपयोग हो रही सामग्री की नियमित जांच हो और कार्य की निगरानी सतत रूप से की जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। मौके पर कस्बे के प्रमुख दुकानदार और क्षेत्रीय नेता हरिधर दुबे (बचई), मनोज दुबे, जगन्नाथ चौबे, राहुल यादव, शातिष यादव, अविनाश दुबे, गब्बू मद्देशिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने आशा जताई कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद नाले निर्माण कार्य में तेजी आएगी, जिससे बरसात के दिनों में कस्बे में जलभराव की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## जल निगम द्वारा पानी आपूर्ति के लिए डाली गई मुख्य पाइप लाइन पांच जगहों से टूटी



**महराजगंज रायबरेली–** सलेथू रजबहा नहर पर नरई बाजार के पास लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा पुल निर्माणाधीन है। पुल बनाने के लिए जेसीबी मशीन द्वारा की गई खुदाई में जल निगम द्वारा पानी आपूर्ति के लिए डाली गई मुख्य पाइप लाइन पांच जगहों से टूट गई है। जिससे नरई, डीहा, महापतगंज, ईशागंज, पूरे तिवारी समेत लगभग आधा दर्जन गांवों के लोगों की जलापूर्ति बाधित है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। नरई गांव निवासी बिन्नू सिंह, रामू सिंह, बबलू पासवान, आदि का कहना है कि पुल निर्माण के लिए की गई खुदाई में पाइप लाइन पांच जगहों से टूट गई है जिससे कई दिनों से लोगों को जलापूर्ति बाधित है।

## समय पर नहीं खुल रहा ऐहार सरकारी अस्पताल, मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानी




**लालगंज (रायबरेली),** शुक्रवार को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार में अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल का गेट निर्धारित समय पर नहीं खोला जाता, जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीज घंटों बाहर बैठे रहते हैं।मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि कई बार गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीजों को भी गेट बंद मिलने से तत्काल उपचार नहीं मिल पाता। इससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है।शुक्रवार को मौके पर पता चला कि केंद्र में चार कर्मचारियों की तैनाती के बावजूद केवल आयुष चिकित्सक और वार्डबॉय ही ड्यूटी पर मिले। ग्रामीणों के मुताबिक इनका भी समय पर न आने-जाने से अस्पताल की सेवाएं बाधित हो रही हैं गांववासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल को निर्धारित समय पर खोला जाए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को समय से उपचार मिल सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली से मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन फोन नहीं उठाया जिससे सम्पर्क नहीं हो सका।

## राघवपुर में कक्षा एक के दलित छात्र को प्रधानाचार्य ने बैट से पीटा छात्र का फटा सर



**बछरावां/रायबरेली:** प्राथमिक विद्यालय राघवपुर में कक्षा एक के दलित छात्र ऋतिक पुत्र रामबरन, निवासी गरीबदास का पुरवा मजरे राघवपुर के साथ मारपीट का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किसी बात को लेकर छात्र के सिर पर बैट से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल होकर बेहोश हो गया। आपको बता दें कि, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराकर चौकी पर तहरीर देने की बात कही। उधर परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, बच्चों के साथ न केवल मारपीट की जाती है, बल्कि छुआछूत और जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव किया है। ग्रामीण आरोपित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। कहा कि, यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन किया जाएगा। पीड़ित छात्र के पिता रामबरन ने बताया कि, देर शाम जब वह घर पहुंचा, तब उसे घटना की जानकारी मिली है। घटना मंगलवार दोपहर की है। बुधवार को थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# KGBV की आठ छात्राएं बीमार होने का मामला खाना खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, डीएम ने दिए जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रात का खाना खाने के तुरंत बाद आठ छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी छात्रों ने पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत की, जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने तुरंत सूचना स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को दी। सभी छात्राओं को प्राथमिक उपचार के लिए रेउसा अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर दो छात्राएं पल्लवी और ज्योति को लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया मामला सामने आते ही शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की देर रात खुद डीएम जिला अस्पताल पहुंचे और छात्राओं की स्थिति के बारे में डॉक्टरों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्राओं को हर संभव चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी (CDO) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय जांच टीम गठित की है इस टीम में बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA), चिकित्सक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच टीम पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी विद्यालय प्रशासन का कहना है कि भोजन में क्या समस्या थी, यह अभी साफ नहीं हो सका है भोजन के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं फिलहाल अस्पताल में भर्ती अन्य छात्राओं की स्थिति सामान्य बताई जा रही है घटना के बाद छात्राओं के परिजनों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी!!

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी माँ गंभीर रूप से घायल



**महराजगंज/रायबरेली।** शुक्रवार को कस्बे के जसवंत्री देवी मंदिर के सामने हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी माँ गंभीर रूप से घायल हो गए। बैंक से चेकिंग कर वापस आ रही पुलिस दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां युवक का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कुसमहुरा गांव निवासी कुलदीप मौर्य 32 वर्ष अपनी माताजी को बाइक पर बैठाकर महराजगंज कस्बे से गुजर रहे थे। तभी अचानक जसवंत्री देवी मंदिर के सामने सड़क पर लड़ रहे दो कुत्ते सामने आ गए। कुत्तों को बचाने के प्रयास में, बाइक सवार कुलदीप सड़क पर अनियंत्रित होकर गिर गए। घटना में कुलदीप मौर्य और उनकी माताजी दोनों घायल हो गए। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपनी सरकारी गाड़ी से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज जारी है।

# मुखिया के निर्देश पर पीडीए के शक्त प्रहरी सपा के मनीष देव पाल

**● सरेनी से राजनीतिक हुंकार भरने वाले मनीष देव पाल ऊंचाहार का संभाले प्रभार**

**मॉडर्न कोच फैक्ट्री के सामने जिला प्रभारी का गर्मजोशी के साथ स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज रायबरेली।** प्रदेश भर में चल रही एस आई आर प्रक्रिया को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव मतदाता सूची में एक-एक नाम निपुण तरीके से जोड़े जाए इसको लेकर उन्होंने पीडीए प्रहरी के तौर पर अपने कार्यकर्ताओं को सख्त कर रखा है जिसको लेकर जनपद रायबरेली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में देखा जा सकता है लेकिन मनीष देव पाल के प्रभार वाले ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र में मनीष देव पाल की सक्रियता काफी देखने को मिल रही है खुद गांव गांव जाकर मतदाता और बीएलओ से संपर्क साध कर एस आई आर फॉर्म भरवाने का काम मनीष देव पाल द्वारा किया जा रहा वहीं बीते दिन जनपद रायबरेली के एस आई आर प्रभारी बनाए गए रामवृक्ष यादव का विधानसभा सरेनी पहुंचने पर मनीष देव पाल के समर्थको व श्री पाल द्वारा एस आई आर प्रभारी और जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया दर्शल पिछले कुछ महीनो से समाजवादी पार्टी के मजबूत कार्यकर्ता के तौर पर मनीष देव पाल काफी मजबूती के साथ आवाम के बीच संपर्क स्थापित किए हुए हैं नतीजतन क्षेत्र में बढ़ती हुई लोकप्रियता मनीष देव पाल की दावेदारी को मजबूती प्रदान कर रही है विधानसभा क्षेत्र सरेनी में मनीष देव पाल ने जनसंपर्क अभियान छेड़ रखा है उनके द्वारा लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ स्पोर्ट को बढ़ावा देने जैसे अनेक कार्य किए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ ई रिक्शा लाउडस्पीकर के माध्यम से विधानसभा के हर एक गांव तक प्रचार के माध्यम से एस आई आर प्रक्रिया को पूर्ण करने को लेकर मनीष देव पाल के द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ रामकथा का शुभारंभ





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** धर्म और आस्था का संगम लिए गौशाला में सात दिवसीय भागवत कथा और सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। इस पुनीत आयोजन की शुरुआत आज सैकड़ों भक्तों द्वारा एक भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ की गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।मंगल कलश शोभा यात्रा गौशाला से प्रारंभ हुई और परम शिवालय, बुढ़िया शिवालय सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख मंदिरों से गुजरी। यात्रा में शामिल सैकड़ों महिलाओं व कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया। रास्ते में भक्तों और मंदिर समितियों ने कलश यात्रा का जोरदार और भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गोपूजन के साथ ही गोपेश्वर महादेव की विशेष आराधना भी की गई, जिसमें क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे। कलश यात्रा के सफल समापन के बाद शुक्रवार से सात दिवसीय संगीतमय कथा का वाचन प्रारंभ होगा।

यह कथा आचार्य स्वामी माधव शरण महाराज के मुखारबिन्दु से भक्त श्रवण करेंगे।धार्मिक अनुष्ठान का समापन 18 दिसंबर को किया जाएगा। कथा के दौरान राम राज्याभिषेक जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा जिसका लाभ क्षेत्र के श्रद्धालु उठा सकेंगे।

## विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना के तहत हलोर में लगाया गया कैंप



**महराजगंज/रायबरेली।** विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं से ओटीएस कराकर विद्युत बिल जमा कराने को लेकर गुरुवार को हलोर में कैंप लगाया गया। ओसाह पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले हलोर गांव में अवर अभियंता योगेश यादव की अगुवाई में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिविर में दस उपभोक्ताओं ने ओटीएस व तीस उपभोक्ताओं ने विद्युत बिल जमा कराया गया। कुल चालीस उपभोक्ताओं द्वारा शिविर में अस्सी हजार रुपए जमा किए गए ।अवर अभियंता योगेश यादव ने बताया कि हलोर गांव में लगभग 500 उपभोक्ताओं के कनेक्शन है जिसमें लगातार लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना के तहत बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की जा रही है।

# यूपी रेरा में प्रमोटर अवेयरनेस व फ़ीडबैक सत्र सम्पन्न, परियोजनाओं के विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**● ....अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने पारदर्शिता, अनुपालन और त्वरित समाधान पर दिया जोर; प्रमोटरों के सवालों के साथ नियामकीय सुधारों पर हुई खुली वार्ता।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ/गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) द्वारा गुरुवार को लखनऊ मुख्यालय में प्रमोटर अवेयरनेस एवं फ़ीडबैक सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूपी रेरा के माननीय अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की। सत्र में राज्यभर से बड़ी संख्या में प्रमोटरों और उनके प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इसका उद्देश्य रियल एस्टेट परियोजनाओं के विकास से जुड़े मुद्दों का समाधान, प्रक्रियाओं को सरल बनाना और नियामक अनुपालन को मजबूत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें अध्यक्ष भूसरेड्डी के साथ सचिव महेंद्र वर्मा, प्रिंसिपल एडवाइज़र अबरार अहमद, लीगल एडवाइज़र चंदन सिंह और फ़ाइनेंस कंसल्टेंट सुधांशु त्रिपाठी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह सत्र प्रमोटरों में पारदर्शिता और अनुशासन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि SOP या पोर्टल से जुड़े सही प्रकार से दर्ज किए गए मुद्दों का समाधान 3-4 दिनों में कर दिया जाएगा। साथ ही बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अब वर्ष में दो बार आयोजित किए जाएंगे।

अथॉरिटी ने प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन, एक्सटेंशन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट (QPR), मैप संशोधन, एजेंट डिस्क्लोज़र और OC/CC अपडेट जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रमोटरों को सलाह दी गई कि वे समय पर एक्सटेंशन आवेदन करें, बैंकिंग नियमों का पालन सुनिश्चित करें, सेल एग्रीमेंट के निर्धारित प्रारूप से विचलन न करें और ROC वेबसाइट पर अपने विवरण अपडेट रखें। इसके अलावा टावर-वाइज QPR अपलोडिंग, अबेयंस मामलों में अनुपालन, तथा 50% अलॉटमेंट पर AOA गठन जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं पर जोर दिया गया।

अथॉरिटी ने बताया कि मैप अपलोडिंग संबंधी तकनीकी समस्या का समाधान कर दिया गया है और दस्तावेज़ अपलोड सीमा भी बढ़ाई गई है। सत्र में यूपी रेरा द्वारा हाल की उपलब्धियों, अच्छी प्रथाओं और नई पहलों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही नियामकीय सुधारों, आम त्रुटियों और कानूनी स्पष्टताओं पर प्रकाश डाला गया। वित्तीय अनुपालन संबंधी दिशा-निर्देशों को भी प्रमोटरों के सामने रखा गया, ताकि वे पारदर्शिता के साथ समय पर दस्तावेज़ जमा कर सकें।

खुली चर्चा के दौरान प्रमोटरों ने तकनीकी दिक्कतों, दस्तावेज़ और अनुमोदन संबंधी चुनौतियों, प्राधिकरणों से समन्वय की कठिनाइयों और नियामक प्रक्रियाओं पर अपने प्रश्न रखे। अधिकारियों ने हर प्रश्न का समाधानात्मक उत्तर देते हुए भविष्य के सुधारों हेतु फीडबैक भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रमोटरों से पारदर्शिता, समयबद्ध अनुपालन व नैतिक प्रथाएं अपनाने की अपील की गई। यूपी रेरा ने स्पष्ट किया कि अथॉरिटी प्रमोटरों के सहयोग के साथ घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रहेगी। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव उमा शंकर सिंह, सहायक निदेशक आईटी अमरीश कुमार, मीडिया कंसलटेंट प्रांजल दीक्षित, आकाश यादव सहित यूपी रेरा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# काली पन्नी में युवक के शव मिलने का मामला पत्नी की तहरीर पर बिल्डर, ठेकेदार समेत तीन पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र में बीते 5 दिसंबर को सड़क किनारे काली पन्नी में लिपटा युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने अब अहम सुराग जुटा लिए हैं। मृतक की शिनाख्त बहराइच निवासी दामोदर के रूप में होने के बाद पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली जिसके आधार पर पूरे प्रकरण का रुख बदल गया मृतक की पत्नी संगीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने लखनऊ के बिल्डर विजय गुप्ता, बिल्डिंग निर्माण के ठेकेदार अलीम और मुनीम अच्छेलाल के खिलाफ लापरवाही, साक्ष्य छुपाने और शव को ठिकाने लगाने की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है गौरतलब है कि बिसवा-लहरपुर मार्ग पर सड़क किनारे काली पन्नी में बंद युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मौके पर मिले कागजातों से शव की पहचान दामोदर के रूप में हुई जांच के दौरान पता चला कि दामोदर लखनऊ में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था पत्नी संगीता देवी ने आरोप लगाया कि दामोदर जिस बिल्डिंग के निर्माण में काम करता था वहां बेसमेंट खुदाई के दौरान मिट्टी धंस गई हादसे में दामोदर की मौके पर ही मौत हो गई, लेकिन जिम्मेदारी से बचने के लिए ठेकेदारों ने शव को छुपाने की साजिश रची। पत्नी का आरोप है कि बिल्डर और ठेकेदारों ने न तो कामगारों को कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए और न ही दुर्घटना के बाद पुलिस को जानकारी दी इसके बजाय वे शव को काली पन्नी में लपेटकर रात में बिसवा इलाके में फेंककर फरार हो गए पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इन आरोपों को गंभीर मानते हुए साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से लेकर फेंके गए स्थान तक की कड़ियां जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों के मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया गया है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही घटना की पूरी सच्चाई सामने लाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा!!

## अस्पताल के पुराने जर्जर भवन का टीम ने किया निरीक्षण

**● पालिकाध्यक्ष जावेद अहमद सीएमओ, एसडीएम रहीं मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लहरपुर सीतापुर** एक लम्बे समय तक नगर सहित आस-पास के क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले पुराने अस्पताल के खण्डहर हो चुके भवन का स्थानीय स्तर पर लम्बे समय से चल रही तमाम कवायदों का शुक्रवार उस समय पटाक्षेप होता दिखा जब जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर नगर के काजी टोला स्थित पुराने जर्जर अस्पताल भवन का निरीक्षण करने के लिए एक टीम पहुंची। निरीक्षण दल में पीडब्ल्यूडी एक्सईन, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार तथा लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई शामिल रहे। पूरी टीम ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन की जर्जर स्थिति, दीवारों की टूट-फूट, छत की खराबी तथा सुरक्षा संबंधी कमियों का विस्तृत अवलोकन किया। अधिकारियों ने भवन की हालत को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की और आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागीय स्तर पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दल ने स्पष्ट किया कि पुराने भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति को देखते हुए इसे शीघ्र सुधारने अथवा वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित वातावरण में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, बीपीएम गौरव सक्सेना, बीसीपीएम मनोज वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी व नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने बीएलओ के साथ बैठक कर भरे गए फ़ार्म के सत्यापन के लिए दिए निर्देश

**महराजगंज रायबरेली।** एसआईआर के डिजिटाइजेशन के बाद मैपिंग की प्रगति व भरे गए ए एस डी फार्मो के वास्तविक मिलान को लेकर एसडीएम ने बीएलओ के साथ बैठक कर भरे गए फ़ार्म के सत्यापन के निर्देश दिए। गुरुवार को ब्लाक सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-2026 के अंतर्गत डिजिटाइजेशन कार्यो की प्रगति को लेकर एस डी एम गौतम सिंह व खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक कर एस आई आर फार्म भरने के दौरान अब्सेंट, शिफ्टेड व डेथ (ए.एस.डी.) मतदाताओं की वास्तविक मिलान को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय टीम द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर रैंडम चेकिंग भी की जा रही है। कस्बे के बूथ संख्या 256 के कई ऐसे मतदाताओं की जांच जिला अभिहीत अधिकारी चेतराम प्रजापति द्वारा की गई है। जिसमें एक एस डी मतदाताओं का सत्यापन सही पाया गया है। विधानसभा बछरावां का एस आई आर शत-प्रतिशत पूर्ण होने के बाद उनकी मैपिंग भी कराई जा रही है। जिसमें करीब 72 प्रतिशत मैपिंग हो गई है।

## बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार शिशिर चतुर्वेदी ने झोंकी ताकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली:** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार एडवोकेट शिशिर चतुर्वेदी ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने महराजगंज तहसील के अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा तथा अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करी। उन्होंने अधिवक्ताओं के सामने एक अमृत संकल्प पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी। आपको बता दे कि, गुरुवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार शिशिर चतुर्वेदी अपने काफिले के साथ महराजगंज तहसील पहुंचे, यहां उन्होंने महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज एवं तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज के पदाधिकारी से मुलाकात कर अपना अमृत संकल्प पत्र देते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करी।

उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि, अगर वह बार काउंसिल आफ इंडिया का चुनाव जीतते हैं, तो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा अपना अधिवक्ता लाइसेंस न्यूनतम 65 वर्ष की आयु पर सरेंडर करने पर ?5000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी, तथा स्वास्थ्य लाभ के लिए 10 लाख मेडिक्लेम कार्ड से अधिवक्ताओं को सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, युवा अधिवक्ताओं को बैठने हेतु अनेक योजनाओं पर समुचित कार्य करेंगे और बेहतर सामंजस्य हेतु बार एसोसिएशन व बार के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करने का भी कार्य उनके संकल्प में है।

शिशिर ने अधिवक्ताओं को बताया कि, प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को नए नेतृत्व की तलाश है। 335 प्रत्याशी हैं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 8 साल बाद चुनाव हो रहा है। वह लगातार जिले वाइज तहसील एवं कलेक्ट्रेट जा रहे हैं, और अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस मौके पर विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, नागेंद्र सिंह एडवोकेट, अखिलेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अध्यक्ष रामसनेही यादव, देवी प्रसाद एडवोकेट, मनीष तिवारी एडवोकेट, विजय शंकर अवस्थी एडवोकेट, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट समेत बड़ी तादात में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बछड़े के विवाद में हुआ खूनी संघर्ष दोनों पक्षों में चले ईंट पत्थर 13 लोग घायल, पांच जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना सदरपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद में दरवाजे पर गाय का बछड़ा जाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम गाय का बछड़ा दूसरे पक्ष सुनील के दरवाजे पर चला गया जिसे हटाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया देखते ही देखते कहासुनी हाथापाई में तब्दील हुई और दोनों ओर से जमकर ईट-पत्थर, लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। घटना में दोनों पक्षों के करीब 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायल द्वारिका प्रसाद, उनके चार बेटे और बहुएं घायल हुई है। घायलों में अवनीश, बहू कविता, ओमेश, अनिल, सुरेश सहित अन्य लोगों को ग्रामीणों की मदद से स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर भर्ती कराया गया है सभी घायलों का इलाज डॉक्टरों की निगरानी में जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद की शुरुआत द्वारिका प्रसाद और दूसरे पक्ष के सुनील के बीच हुई थी बछड़ा दरवाजे पर पहुंचने को लेकर दोनों के बीच आए दिन तकरार होती रही है गुरुवार को भी इसी बात पर बहस छिड़ी और कुछ ही देर में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल भिजवाया पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घायल लोगों से पूछताछ की है अधिकारियों ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि दोबारा तनाव की स्थिति न बने!!

## लखनऊ और बरेली की टीमों ने दर्ज की जीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार को दो रोमांचक मैच खेले गए। पहला मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और डीएफए झांसी के बीच हुआ। पूर्व विधायक अशोक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई। पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई हमले किए लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में लखनऊ को एक पेनल्टी किक मिली। खिलाड़ी अनुराग सिंह ने इसे गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 65वें मिनट में अल्तमस अख्तर ने दूसरा गोल दाग दिया। यही निर्णायक साबित हुआ और लखनऊ ने झांसी को 2-1 से हराया। लखनऊ के अजय यादव, सूरज गुप्ता, रौनक यादव और अजय त्रिपाठी और बरेली के पुष्कर, गगन, उदय, रवि और बद्री के प्रदर्शन ने दर्शकों का ध्यान खींचा। दूसरा मैच स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली और ओमनी क्लब फतेहपुर के बीच खेला गया। बैंक ऑफ इंडिया की फील्ड मैनेजर अनामिका बाजपेई ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया।

पहले ही मिनट में बरेली के प्रशांत सिंह ने डी रेखा से आई गेंद पर शानदार गोल किया। दूसरे हाफ में गोलकीपर की चूक का फायदा उठाते हुए प्रशांत ने अपना दूसरा गोल भी कर दिया। मैच के अंतिम मिनटों में आदित्य कुमार ने तीसरा गोल दागा। बरेली ने यह मुकाबला 3-0 से जीत लिया। कल टूर्नामेंट के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, डीएफए कानपुर और स्पोर्ट्स हॉस्टल बस्ती आमने-सामने होंगे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने किया। मौके पर टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह, संयोजक डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. निरंजन राय, जयप्रकाश सिंह सहित तमाम दर्शक मौजूद रहे।

# डिजिटल अरेस्ट से लाखों परिवारों के जीवन में अंधेरा पसरा

लाखों लोगों व परिवारों के जीवन भर की कमाई को डिजिटल अरेस्ट के जरिए लूट कर उनके जीवन में अंधेरा कर दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, की साल से यह सिलसिला जारी है तब सरकार और जिम्मेदार सिस्टम की नींद खुली है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर।



इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी.

आपको बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करें, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर को सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन को गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्य न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है।

इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ

उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-

भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस और जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें ब्लेकमेल और आतंकित करते हैं।हालांकि अदालत ने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो गया है. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने एक अलग यूनिट की स्थापना की है और इस मामले से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाया जा रहा है. साथ ही डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए कई अन्य कदम उठाए गए हैं. डिजिटल अरेस्ट को लेकर हुई सुनवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार की ओर से पेश दलील के सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामला काफी गंभीर है और इस मामले में अदालत उचित आदेश पारित करेगी. मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी. गौरतलब है कि एक वरिष्ठ नागरिक दंपति ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के पत्र लिखकर बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच उनसे 1.5 करोड़ रुपए की ठगी सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो तो कभी न्यायपालिका के अधिकारी बनकर की गयी. धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपर्क किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे वसूलने का काम किया. इतना ही नहीं उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश दिखाए. मामला सामने आने के बाद अंबाला में दो एफआईआर दर्ज की गयी. जांच में पाया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है. अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की और केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब देने को कहा. अदालत ने इस मामले में अटार्नी जनरल से भी सुझाव लेने का आदेश दिया. उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये की ठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं।तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है। निश्चित रूप से कोर्ट की सार्थक पहल के बाद यदि ये सभी उपाय सिरे चढ़ते हैं तो इस गंभीर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दे पाना संभव होगा। कोर्ट ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय एजेंसी बिना किसी भय या पक्षपात के जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इसमें राज्य सरकारों की सक्रियता व सजगता भी सीबीआई को अपराध की तह तक पहुंचने में मददगार साबित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि एजेंसी की कार्रवाई में लालफीताशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। इसके साथ ही नागरिकों को भी ऐसे अपराधों के प्रति सजग रहना होगा। जागरूकता सतर्कता उन्हें अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा सकती है। ऐसी किसी कॉल के आने पर उन्हें रुककर विचार करना चाहिए और हड़बड़ी में बैंक से जुड़ी कोई जानकारी देने से बचना चाहिए। ठग खुद को केंद्रीय एजेंसियों या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पीड़ितों को फर्जी आरोपों में फंसाने की धमकी देते थे। इसके बाद 'डिजिटल अरेस्ट' का भय दिखाकर उनसे बैंक खातों से बड़ी रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 35 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये आरोपी गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पकड़े गए हैं। राजनांदगांव की 79 वर्षीय शीला सुवाल को आरोपितों ने सीबीआई अधिकारी और जज बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराया। मनी लॉड्रिंग केस में फांसाने की धमकी दी। निर्दोष साबित करने रकम जज के खाते में ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने ठगों के बताए गए विभिन्न खातों में 79,69,047 रुपये ट्रांसफर कर दिए। एक अन्य मामले में ठगों ने फारेक्स व ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर व्यापारी को फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग साइट का लिंक भेजा। पहले 15 हजार का छोटा मुनाफा देकर व्यापारी का विश्वास हासिल किया, फिर बड़े मुनाफे का लालच देकर 1,21,53,590 रुपये निवेश के नाम पर जमा कराए। दोनों मामलों में तीन आरापितों को पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि अधिकांश मामलों में उप विदेशी कॉल सेंटरों की तरह काम करते हुए इंटरनेट कालिंग और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करते थे। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी संदिग्ध काल या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों पर विश्वास न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सीजेआई ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में एसजी ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 का पता चला है।

अभी तक डिजिटल अरेस्ट कर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है आज भी लगातार ऐसी घटनाएं, सामने आ रही हैं जिनमे लोगों को मोबाइल काल पर तरह तरह से धमका कर पैसा ठगी किया जा रहा है लोग जीवन भर की खून पसीने की कमाई चंद मिनटों में गंवा कर सुसाइड करने के लिए विवश हो रहे हैं। सरकार को ऐसे अपरोक्ष हत्यारों ठगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## मेक्सिको का शॉकः भारत के निर्यात पर टैरिफ़ की आग

**[ जहाँ संकट वहाँ अवसरः भारत का मेक्सिको व्यापार युद्ध ]**

**[ सुरक्षा नहीं, चुनौती मिलीः भारत और मेक्सिको का व्यापार मोड़ ]**




10 दिसंबर 2025, यह तारीख एशियाई व्यापार इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में दर्ज हो गई है। मेक्सिको की सीनेट ने तेजी से उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसकी कल्पना पहले असंभव लग रही थी– गैर- एफटीए एशियाई देशों से आयात पर ऊंची टैरिफ दीवार। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू होगा और 1,400 से अधिक उत्पादों को प्रभावित करेगा, जिसमें अधिकांश पर टैरिफ 35 प्रतिशत तक होगी, जबकि कुछ प्रमुख सेक्टरों (जैसे ऑटोमोबाइल, कुछ ऑटो पार्ट्स, स्टील और टेक्सटाइल) पर यह 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, मशीनरी, स्टील और प्लास्टिक–ये सभी प्रमुख सेक्टर इस नए बदलाव की चपेट में हैं।

भारत के लिए इस फैसले की मार सबसे गहरी है। न कोई एफटीए, न कोई प्राथमिकता आधारित सुरक्षा–भारत मेक्सिको की नजर में पूरी तरह असुरक्षित खड़ा है। 2024-25 में भारत ने मेक्सिको को लगभग 5.3-5.7 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जिसमें अकेले ऑटोमोबाइल सेक्टर की हिस्सेदारी लगभग 1 बिलियन डॉलर तक पहुंचती है। मेक्सिको भारत का तीसरा सबसे बड़ा कार निर्यात बाजार है। अब वोल्क्सवैगन, ह्युंडई, मारुति और निसान जैसी कंपनियों के वाहनों पर लगने वाली ड्यूटी वर्तमान 20 प्रतिशत से बढ़कर कुछ मामलों में 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है (हालांकि अधिकांश उत्पादों पर 35 प्रतिशत की सीमा)।

यह सिर्फ आंकड़ों का मामला नहीं–यह रोजगार, सप्लाई चेन, निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर मंडराता गहरा संकट है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही हैः क्या यह हार का संकेत है, या भारत के लिए रणनीति बदलकर व्यापार के नए युग की शुरुआत करने का मौका? सच्चाई यह है कि मेक्सिको का यह फैसला अचानक नहीं उभरा। इसके पीछे अमेरिकी दबाव की छाया साफ दिखती है। डोनाल्ड ट्रंप की वापसी और यूएसएमसीए (यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-कनाडा एग्रीमेंट) की नज़दीकी समीक्षा ने मेक्सिको को उस मोड़ पर खड़ा कर दिया है, जहाँ अमेरिका की नाराज़गी मोल लेना उसके लिए महंगा पड़ सकता है। चीन से आने वाले लगभग 130 बिलियन डॉलर के आयात पर अमेरिकी चेतावनियाँ लंबे समय से जारी थीं। निशाना भले चीन था, लेकिन प्रभाव की आग की लपटें भारत तक भी पहुँच गई–अनचाही, लेकिन बेहद तीखी।

मेक्सिको की सरकार इस फैसले को घरेलू उद्योगों की ढाल बताने की कोशिश कर रही है, लेकिन असल इरादा कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई देता है–अमेरिका को साधने का। चीन को रोकने की अमेरिकी मुहिम में अब भारत जैसे देशों के हित भी अनचाहे नुकसान झेल रहे हैं। भारतीय ऑटो उद्योग पहले ही एसआईएएम (सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफ़ैक्चरर्स) के ज़रिये मौजूदा स्थिति बनाए रखने की मांग उठा चुका था, पर अब टैरिफ़ की इस लहर को थाम पाना लगभग नामुमकिन हो गया है।

नुकसान का स्वरूप वाकई गंभीर है। ऑटो निर्यात में लगभग 1 बिलियन डॉलर की चोट का अनुमान है, जबकि कुल निर्यात में 2026 में 15-25 प्रतिशत तक की गिरावट संभव है (हालिया ट्रेंड्स के आधार पर)। गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के ऑटो क्लस्टर्स पर इसका सीधा, भारी असर दिखेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में 35 प्रतिशत तक की टैरिफ सूरत और कोयंबटूर जैसे केंद्रों को प्रभावित करेगी। स्टील और प्लास्टिक में जेएसडब्ल्यू जैसी कंपनियां लगभग 300 मिलियन डॉलर तक का कारोबार गंवा सकती हैं। अनुमान है कि 2026 में कुल निर्यात 15 से 25 प्रतिशत तक गिर सकता है–एक ऐसा झटका जो पूरे व्यापार ढांचे को हिला देगा।

दूसरी ओर, मेक्सिको भी इस निर्णय से पूरी तरह सुरक्षित नहीं। इतने भारी टैरिफ़ वहां की उत्पादन लागत को 10-15 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं और घरेलू महंगाई का जोखिम भी तेज़ी से उभर सकता है। फिर भी भारत के लिए यह संकट अवसर का एक नया दरवाजा खोल सकता है। इतिहास गवाही देता है कि बड़े झटकों ने कई बार भारत को मजबूत बनाया है। 2018 में अमेरिकी स्टील टैरिफ के बाद भारत ने अपनी क्षमताएं बढ़ाई और आत्मनिर्भरता की दिशा में नई गति पकड़ी। आज पीएलआई स्कीमों के कारण ऑटो क्षेत्र में रिकॉर्ड निवेश हो चुका है।

अब भारत के सामने स्पष्ट राह है–डिप्लोमेसी और व्यापारिक रणनीति को नए सिरे से धार देना। भारत-मेक्सिको एफटीए को अब शीर्ष प्राथमिकता बनाना होगा। यदि पूर्ण एफटीए तुरंत संभव न हो, तो कम से कम पीटीए (प्रीफ़रेन्शियल ट्रेड एग्रीमेंट) के ज़रिये कुछ महत्वपूर्ण सेक्टरों को राहत दी जा सकती है। लैटिन अमेरिका में फिलहाल भारत का व्यापार केवल 4 प्रतिशत है–इसे दोगुना करने का समय आ चुका है।

बाज़ार विविधीकरण आज भारत की सबसे तत्काल और निर्णायक जरूरत बन चुका है। मेक्सिको पर निर्भर निर्यात का एक बड़ा हिस्सा अफ्रीका, आसियान, ब्राज़ील और चिली जैसे उभरते बाज़ारों में सहज रूप से स्थानांतरित किया जा सकता है।

इससे न केवल जोखिम कम होगा, बल्कि नए अवसरों के लिए दरवाजे भी खुलेंगे। चीनी सप्लाई चेन से बाहर निकलने की कोशिश कर रही वैश्विक कंपनियों–फॉक्सकॉन, एप्पल और कई अन्य–को भारत में और बड़े, तेज़ और स्थायी निवेश अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। ईवी, सोलर, सेमीकंडक्टर और हाई-टेक कंपोनेंट्स में भारत अगले दशक की सबसे तेज़ उभरती शक्ति बन सकता है।

पीएलआई स्कीम को अब ऑटो कंपोनेंट्स से आगे बढ़ाकर ईवी पार्ट्स, बैटरी सिस्टम और एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स की दिशा में और मजबूत आधार दिया जा सकता है। निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए सब्सिडी, टैक्स रिफंड और फास्ट-ट्रैक मंजूरी तंत्र बेहद आवश्यक हैं। और यदि जरूरत पड़े, तो भारत डब्ल्यूटीओ के मंच पर भी इस टैरिफ को चुनौती दे सकता है, क्योंकि यह संरक्षणवाद की चरम सीमा को दर्शाता है। इसके बावजूद भविष्य में अवसरों की संभावनाएं कहीं अधिक उज्ज्वल दिखती हैं। लैटिन अमेरिका में 200 से अधिक भारतीय कंपनियां पहले से काम कर रही हैं–आईटी, फार्मा और ऑटो उद्योगों में लगभग 4 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ। यदि भारत सुविचारित रणनीति अपनाता है, तो 2030 तक भारत-मेक्सिको व्यापार 20 बिलियन डॉलर के पार पहुँच सकता है। वैकल्पिक बाजारों में 10 प्रतिशत वृद्धि ही लगभग 500 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त लाभ दे सकती है। यह टैरिफ़ तूफ़ान भारत को रोकने नहीं, बल्कि जगाने आया है। वही राष्ट्र बड़ी छलांग लगाते हैं, जो संकट की राख में अवसरों की चिंगारी पहचान लेते हैं। भारत के पास नवाचार, आर्थिक कूटनीति और वैश्विक साझेदारी–तीनों की सशक्त शक्ति मौजूद है। इस चुनौती का सीधा सामना करके भारत न सिर्फ मेक्सिको की बाधा को पीछे छोड़ेगा, बल्कि वैश्विक व्यापार की नई धुरी बनकर उभरेगा। भारत सिर्फ एक निर्यातक नहीं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का अनुभवी योद्धा है। और इस बार भी, लड़ाई कठिन जरूर है–पर परिणाम विजय के ही पक्ष में खड़े हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# संसद का शीतकालीन सत्र- घुसपैठ और चुनावी नैरेटिव के बीच हंगामे के पीछे छिपा राजनीति का सच

शीतकालीन सत्र का यह दिन भारतीय संसद के लिए उन क्षणों में से एक बन गया, जब बहस से ज़्यादा राजनीतिक टकराव और आरोप-प्रत्यारोप ने माहौल को गरम किया। सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ एक प्रक्रियागत विरोध नहीं था, बल्कि उस गहरे अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की अभिव्यक्ति भी था, जो आज भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बन चुका है।



अमित शाह ने सदन में घुसपैठ के मुद्दे पर तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि घुसपैठिए तय नहीं कर सकते कि देश का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौन होगा।गृह मंत्री का यह कथन मात्र सुरक्षा नीति का अभिव्यक्ति नहीं था, बल्कि यह विपक्षी दलों पर एक परोक्ष वेध भी था कि वे ऐसे तत्वों के साथ राजनीतिक सहानुभूति रखते हैं जिन्हें जनता ने स्वीकार नहीं किया। विपक्ष को यह बात नागवार गुज़री और अचानक सदन से बाहर निकल जाने का फैसला लिया। इस पर शाह का तर्क था कि वे तो केवल घुसपैठियों को देश के लोकतांत्रिक ढांचे से बाहर रखने की बात कर रहे थे, लेकिन ,पता नहीं विपक्ष क्यों चला गया। शायद उन्हें उन पार्टियों से हमदर्दी है जिन्हें जनता वोट नहीं देती और जिनके पुराने वोट बैंक भी खत्म हो चुके हैं।

चुनावी राजनीति में वोट बैंक एक स्थापित वास्तविकता है। परंतु चुनाव आयोग की ईमानदारी पर लगातार उंगलियां उठाना, खासकर तब जब चुनाव परिणाम विपक्ष के प्रतिकूल हों, यह प्रवृत्ति नयी नहीं है। लेकिन शाह ने सदन में यह स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी चुनाव आयुक्त या चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा नहीं किया, भले ही चुनाव परिणाम उनके खिलाफ रहे हों। उन्होंने इमरजेंसी के दौर की याद दिलाते हुए कटाक्ष किया।जब पत्रकार भी सवाल पूछते थे तो उन पर भाजपा का एजेंट होने का ठप्पा लग जाता था। यह टिप्पणी न केवल कांग्रेस के ऐतिहासिक विरासत पर प्रहार थी, बल्कि आज के राजनीतिक वातावरण की तुलना भी थी, जिसमें संवाद की जगह सन्देह और आरोप फैलने लगे हैं।

अमित शाह ने उत्तर प्रदेश और बिहार के पुराने चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि पुरे पर्चो के बक्से गायब कर दिए जाते थे, और चुनावी धांधलियों का बोलबाला था। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के आने के बाद, उनके अनुसार, यह खेल खत्म हुआ और चोरी बंद हो गई, इसीलिए कुछ लोगों को पेट में दर्द है। उनकी दृष्टि में ईवीएम ने भारतीय चुनावों को अधिक पारदर्शी बनाया है और उन राजनीतिक दलों के लिए असुविधा पैदा कर दी है जो चुनाव में हेरफेर को ही जीत का रास्ता समझते थे। यह तर्क बार-बार भाजपा की तरफ से दिया जाता रहा है कि कांग्रेस 2004 और 2009 में ईवीएम के माध्यम से ही सत्ता में आई थी, और तब मशीन पर सवाल नहीं उठाए गए। लेकिन जैसे ही सत्ता हाथ से गई, वही मशीन अचानक अविश्वसनीय लगने लगी।

सदन में सोनिया गांधी के मुद्दे पर हुए हंगामे ने बहस को और उलझाया। गृह मंत्री ने कहा कि ईवीएम का ट्रायल और सत्यापन कई बार हो चुका है। न केवल तकनीकी रूप से बल्कि राजनीतिक रूप से भी, ईवीएम भारतीय चुनाव प्रणाली का हिस्सा बन चुकी है। उनका कहना था कि चुनाव के 45 दिन बाद, जब किसी प्रकार की आपत्ति नहीं आती, तब चुनाव आयोग रिकॉर्डिंग या इसी तरह के साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए बाध्य नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीसीटीवी रिकार्डिंग संवैधानिक प्रावधान का हिस्सा नहीं है।

शाह ने एक और दिलचस्प तथ्य रखा।भारत ने 73 वर्षों तक चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं बनाया था। यह विषय हाल ही में चर्चाओं और नए कानूनों के निर्माण के साथ सुर्खियों में आया है। विपक्ष लगातार यह मांग करता रहा है कि चुनाव आयोग की नियुक्ति पूरी तरह से स्वतंत्र और न्यायालय की निगरानी में होनी चाहिए। इस पर रविशंकर का जवाब था कि जब जनता प्रधानमंत्री को परमाणु बटन सौंपने का भरोसा देती है, तब उसके नेतृत्व में ईमानदार और सक्षम चुनाव आयुक्त क्यों नहीं चुने जा सकते? रविशंकर प्रसाद ने भी इसी तर्क को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मतदाता जिस नेतृत्व पर राष्ट्र की सुरक्षा का विश्वास करता है, वह चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में भी सक्षम है।

शीतकालीन सत्र की यह बहस केवल ईवीएम या घुसपैठ तक सीमित नहीं थी।यह बहस भारतीय लोकतंत्र के दो दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व कर रही थी। एक तरफ सरकार यह दावा कर रही थी कि पारदर्शी तंत्र के कारण अब चुनावी हेरफेर संभव नहीं है, वहीं विपक्ष यह संकेत दे रहा था कि चुनाव आयोग और संस्थागत तंत्र पर राजनीतिक प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इन दो दृष्टिकोणों के बीच सच्चाई कहाँ है, यह जनता को तय करना है। लेकिन सदन में बहस से भागने और वॉकआउट की रणनीति लोकतंत्र की मजबूती से अधिक उसकी कमजोरी को दर्शाती है।

अमित शाह की बहस का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि उन्होंने विपक्ष के राजनीतिक नैरेटिव को चुनौती दी। विपक्ष लगातार यह प्रचार करता रहा है कि लोकतंत्र खतरे में है, संस्थाएँ कमजोर हो रही हैं और चुनाव प्रक्रिया पर से भरोसा उठ लिया गया है। शाह ने पलटकर कहा कि आपके हारने का कारण आपका नेतृत्व है। उनके अनुसार यह बहाना आधारित राजनीति है जिसमें पराजय का दोष कभी मशीन पर, कभी संस्थाओं पर और कभी भाजपा पर मढ़ दिया जाता है। लेकिन चुनाव लोकतंत्र का सबसे स्पष्ट आईना है। जनता जिस नेतृत्व पर भरोसा करती है वही सत्ता तक पहुंचता है, और जो जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता, उसे जनादेश नहीं मिलता।

इस पूरे विवाद का सार यही है कि लोकतंत्र में प्रश्न उठाना स्वाभाविक है, लेकिन प्रश्न उठाने और निराधार अविश्वास फैलाने में अंतर होता है। सरकार का दावा है कि पारदर्शिता, तकनीक और संस्थागत सुधारों ने चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाया है। विपक्ष का दावा है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब सत्ता पक्ष से प्रश्न करने की पूरी स्वतंत्रता हो। दोनों ही बातें आंशिक रूप से सही हैं, लेकिन लोकतंत्र केवल तकनीकी या संस्थागत संरचनाओं से नहीं चलता है।यह राजनीतिक परंपराओं और सहभागिता पर भी आधारित होता है।

विपक्ष का वॉकआउट, गृह मंत्री के कटाक्ष, और सदन में जारी तल्खी भारतीय राजनीति की उस दिशा को भी दर्शाती है जिसमें संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। लेकिन यह भी सच है कि ईमानदारी और पारदर्शिता में वह शक्ति होती है जो नेतृत्व को निडर बनाती है। शायद इसी संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जो नेता, संस्था या सरकार अपने काम पर भरोसा रखती है, वह बहस से नहीं भागती। और जो नेतृत्व जनादेश से दूर होता जा रहा है, वह बहस से ज़्यादा हंगामे को अपना हथियार बना लेता है।

शीतकालीन सत्र की यह घटना केवल एक दिन की संसदीय कार्यवाही नहीं थी, बल्कि भविष्य की राजनीति के संकेत भी थे।जहाँ चुनावी नैरेटिव, संस्थागत विश्वास, और राजनीतिक नैतिकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनता इन बहसों को सुनती है, समझती है और अंततः उन्हीं आधारों पर आने वाले चुनावों में अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही उसकी अंतिम कसौटी।

**कांतिलाल मांडोत**

# देश के कर्मचारियों को मानसिक तनाव से मुक्त करेगा 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल'

आज की तेज़-रफ़्तार तकनीकी दुनिया में मानसिक तनाव एक सार्वभौमिक समस्या बन चुका है। आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के बावजूद हमारा सामाजिक और पारिवारिक जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक बोझिल और नीरस हो गया है। बच्चे हों या युवा, महिलाएँ हों या बुजुर्ग– हर किसी के जीवन में तनाव, चिड़चिड़ापन और मानसिक थकावट स्पष्ट दिखाई देती है । स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पढ़ाई और प्रतियोगी माहौल का दबाव है, वहीं दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी लगातार बढ़ते कार्यभार से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से तीसरे दर्जे के कर्मचारी, जो सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की रीढ़ हैं, सबसे अधिक मानसिक दवाब झेलते हैं। दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद भी जब वे घर लौटते हैं, तो आराम की जगह उनके मोबाइल फोन पर लगातार निर्देश, संदेश और 'अर्जेंट' कार्यों की सूची उनका इंतज़ार करती मिलती है। वे घर में भी कार्य-तनाव से घिरे रहते हैं और सोते हुए भी अगले दिन के बोझ की चिंता से मुक्त नहीं हो पाते । स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग ने लोगों की नींद और मानसिक शांति पर पहले ही गहरा प्रहार किया है। उस पर काम और पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी को मानसिक रोगों की ओर धकेल रहा है। आज देश में मानसिक रोगियों की बढ़ती संख्या के पीछे दो मुख्य कारण हैं स्मार्टफोन निर्भरता और कार्य का बढ़ा हुआ बोझ । ऐसे माहौल में बेहद महत्वपूर्ण है वह पहल, जो हाल ही में लोकसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस की सांसद श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल' के रूप में प्रस्तुत की गई है। इस बिल का मुख्य उद्देश्य है–कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का ऑफिस-वर्क या अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने से छूट मिलना। इस ऐतिहासिक पहल का देश के सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा खुले दिल से स्वागत किया जा रहा है। कर्मचारियों का मानना है कि यह बिल उनके दर्द और मानसिक पीड़ा को सही मायनों में आवाज़ देता है, जिसे अब तक किसी भी स्तर पर गंभीरता से नहीं सुना गया।




दुनिया के कई विकसित देशों में यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसमें कर्मचारियों के आराम और निजी समय की रक्षा करने के लिए कानूनी प्रावधान मौजूद हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में कर्मचारियों को कार्यालयीन समय के बाद भी ड्यूटी का भार उठाना पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य किसी भी विभाग में आप नज़र डालें कर्मचारी दफ्तर बंद होने के बाद भी लगातार निर्देशों, संदेशों और 'तत्काल कार्य' के आदेशों से घिरे रहते हैं । यह कार्यप्रणाली लंबे समय से सरकारी तंत्र की एक अनकही परंपरा बन चुकी है, जिसमें नीचे से ऊपर तक हर स्तर पर कर्मचारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के संदेशों, फोन कॉल्स और निर्देशों के दबाव में रहते हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाज़ा तीसरे दर्जे के उन कर्मचारियों को उठाना पड़ता है जिन पर सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की असली जिम्मेदारी होती है। परिणामस्वरूप वे मानसिक रूप से थके हुए, अवसादग्रस्त और लगातार तनाव में रहते हैं।

अब समय आ गया है कि देश के जनप्रतिनिधि इस वास्तविकता को समझें। यदि 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल' संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून का रूप ले लेता है, तो यह करोड़ों कर्मचारियों के जीवन में नई ऊर्जा, संतुलन और मानसिक शांति का संचार करेगा। साथ ही यह स्वाभाविक रूप से सरकारी कार्यों की गुणवत्ता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करेगा। राष्ट्रीय आपदा या विशेष परिस्थितियों में यदि कर्मचारियों से अतिरिक्त समय तक काम लिया जाए, तो उसके लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक देने का स्पष्ट और कठोर नियम होना चाहिए। यह न सिर्फ कर्मचारियों के अधिकारों को सुरक्षित करेगा, बल्कि कार्यप्रणाली को अधिक मानवीय और व्यवस्थित बनाएगा। देश के कर्मचारियों की निगाहें अब संसद पर टिकी हैं। वे बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि कितने माननीय सदस्य उनके इस महत्वपूर्ण अधिकार के समर्थन में खड़े होते हैं।

उम्मीद है कि यह बिल जल्द ही कानून बनकर लागू होगा और देश के कर्मचारी वर्ग को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायालय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खड़ी ई-रिक्शे में अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी ठोकर




**खुद को बचाने के चक्कर में एक बाईक चालक हुआ जख्मी, सड़क के किनारे ठेले पर अण्डा खरीद रही दो महिलाएं गड्ढे में गिरी**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला गोमतीडिह निवासी आकाश यादव (30) पुत्र रामआसरे यादव सामाने खरीदने के लिए परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया निवासी ई-रिक्शा चालक धीरज यादव (21) पुत्र हरिद्वार के साथ मिश्रौलिया चौराहे से नौतनवा की तरफ जा रहा था। रतनपुर ब्लाक मुख्यालय के सामने सवारी बैठाने के लिए ई-रिक्शा चालक ने रोका तभी तेज रफ्तार में आ रही बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली ने अनियंत्रित होकर ई-रिक्शे में जोरदार ठोकर मार दिया। ट्रैक्टर ट्राली के ठोकर से ई-रिक्शा चालक व सवार दोनो बुरी तरह से जख्मी हो गए। वहीं अपने को बचाने के चक्कर में एक बाईक चालक भी जख्मी हो गया। साथ ही सड़क के किनारे ठेले पर अण्डा खरीद रही दो महिलाएं गड्ढे में गिर गई। ई-रिक्शा बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। घायल आकाश का सीटी स्कैन के बाद परिजनों ने रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया साथ ही धीरज का इलाज नौतनवां स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### पूरा बिरधा में युवक पर लाठी-डंडों से हमला, गंभीर रूप से घायल

**मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज**

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिरधा में मंदिर से घर लौट रहे युवक पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरा बिरधा निवासी शिवकान्त दुबे पुत्र हरिशंकर दुबे ने थाना पूराकलां में दी गई तहरीर में बताया कि उसका भाई रमाकान्त 11 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे मंदिर से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही सोहन, शेर सिंह, मुलाम सिंह, महाराज सिंह, प्रान सिंह पुत्र जशरथ, चन्दन पुत्र सोहन तथा जितेन्द्र पुत्र लाल सिंह लोधी ने रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रमाकान्त ने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर गांव के तखत सिंह पुत्र गुलाब सिंह और राममिलन पुत्र बेचैन सिंह मौके पर पहुंचे और ललकारा, तब जाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। हमले में रमाकांत को शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुँचकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर डीडी कृषि विभाग को दिया ज्ञापन



**शीघ्र पहुंचेगी बीमा राशि : यशराज सिंह**

**ललितपुर।** भाकियू भानु जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किसानों की विभिन्न समस्याएं को लेकर यशराज सिंह उप कृषि प्रसार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद में खरीफ की फसल का बीमा शासन से स्वीकृत है, जिनमें कुछ गांव में बीमा की राशि किसान क्रेडिट कार्ड में पहुंच गई है। लेकिन ग्राम तेरा के किसानों की बीमा राशि अभी तक नहीं पहुंची है, जो अति शीघ्र दिलाई जाए। पिछले वर्ष भी कुछ चुनिंदा लोगों को बीमा राशि दी गई थी जिसकी जांच कराकर सभी किसानों को बीमा राशि दिलाई जाए। खरीफ की फसल के लिए शत-प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज दिया गया था। लेकिन अभी तक उक्त मक्का की अनुदान राशि खातों में नहीं भेजी गई थी इसलिए अनुदान राशि भिजवाई जाए ललितपुर में यूरिया बहुत महंगे दामों पर बेची जा रही है। अतएव सरकारी रेट पर यूरिया का वितरण कराया जाय। उक्त समस्याओं को कृषि अधिकारी ने गंभीरता से लेकर निस्तारण का आश्वासन दिया।

## गोरखपुर से बड़ी खबर: जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल, कई निरीक्षकों-उपनिरीक्षकों के तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोरखपुर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा विभागीय दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में पुलिस विभाग स्तर पर एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। बैठक में निरी0, उ0नि0 एवं आरक्षी लिपिक वर्ग के कार्मिकों के व्यापक स्तर पर स्थानांतरण/तैनाती को मंजूरी दी गई। आदेश के अनुसार सभी परिवर्तन जनहित में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी सूची के अनुसार कुल दस अधिकारियों और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए उन्हें अलग-अलग थानों एवं चौकियों पर भेजा गया है। निरीक्षक प्रभुदयाल सिंह, जो अब तक पुलिस लाइन में तैनात थे, उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए अपराध थाना गुलरिहा में अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में भेजा गया है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक सुधीर श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर चौकी पाण्डेयहाता की कमान सौंपी गई है।

इसके अलावा उपनिरीक्षक अंकित उपाध्याय, जो थाना राजघाट से संबद्ध थे, अब चौकी गजपुर में अपनी सेवाएं देंगे। उपनिरीक्षक आदर्श त्रिवेदी को थाना पीपीगंज से बदलकर चौकी करमैनी भेजा गया है, जबकि उपनिरीक्षक भूपेन्द्र तिवारी को चौकी करमैनी से पदोन्नत दायित्व के साथ थाना शाहपुर में व0उ0नि0 के पद पर स्थापित किया गया है। आगे, उपनिरीक्षक पप्पू कुमार का स्थानांतरण चौकी पाण्डेयहाता से करते हुए चौकी असुरन किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक राजीव कुमार तिवारी को चौकी उनवल से हटाकर कस्बा बड़हलगंज चौकी का दायित्व सौंपा गया है। इसके विपरीत, उपनिरीक्षक आदित्य उपाध्याय को कस्बा बड़हलगंज से स्थानांतरित कर फिर से चौकी उनवल में तैनाती दी गई है।

कर्मचारी वर्ग में भी बदलाव करते हुए आ0 विवेक कुमार त्रिपाठी को पुलिस लाइन से प्रधान लिपिक कार्यालय में नियुक्त किया गया है, जबकि आ0 महेश चौबे को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर थाना चिलुआताल भेजा गया है। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यह फेरबदल पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि विभिन्न थानों और चौकियों में कार्यकुशलता बढ़े और बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित हो सके। यह कदम जिले की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह प्रशासनिक कार्रवाई गोरखपुर में एक बड़ी और महत्वपूर्ण हलचल के रूप में देखी जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में पुलिसिंग में तेजी और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## मोहाना में मिला अज्ञात व्यक्ति के शव का हुआ पहचान, दिल्ली से लौट रहा था तिलकराम

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। यह घटना मोहाना चौक स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने हुई। पुलिस को देर शाम इसकी सूचना मिली। देर रात तक जांच के बाद मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। लेकिन शुक्रवार को उसकी पहचान तिलकराम (38) पुत्र शेषराम के रूप में हुई, जो पड़ोसी मुल्क नेपाल के रुपन्देही जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के गैडहवा गांव का निवासी बताया जाता है। मृतक तिलकराम अपने साथियों के साथ दिल्ली से लौट रहा था कि वह अभी सिद्धार्थनगर जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के मोहाना चौराहे पर बस से पहुंचा और वह बस से उतर गया। साथियों द्वारा बहुत खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चल सका मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी हुई तब वह पुलिस से संपर्क कर उसकी पहचान तिलकराम के रूप में हुई। इस मामले में थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जिससे मृत्यु के कारण का स्पष्ट पता चल सके और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खजनी में सड़क किनारे कई दिनों से खड़ी संदिग्ध DCM बरामद, पुलिस ने जेसीबी से खींचकर पहुंचाया थाने

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



खजनी थाना क्षेत्र में बीते कई दिनों से सड़क किनारे खड़ी एक संदिग्ध DCM वाहन ने शुक्रवार को ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन को अलर्ट कर दिया। वाहन 2 दिसंबर से खजनी थाना चौराहे के पास बिना चालक के खड़ा था, जिससे स्थानीय लोगों में आशंका और चर्चा का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद खजनी पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सूचना प्राप्त होते ही थाने से उपनिरीक्षक रामदयाल सिंह यादव टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने वाहन को स्टार्ट करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक बिल्कुल भी चालू नहीं हुआ। ऐसे में पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से DCM को खींचकर खजनी थाने पहुंचाया। वाहन को सुरक्षित थाने लाने के बाद इसकी जानकारी गोरखपुर जिला मुख्यालय स्थित DCRB को भी भेज दी गई, ताकि वाहन से संबंधित रिकॉर्ड और पंजीकरण विवरण की जांच की जा सके।

प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि यह DCM कुशीनगर जिले में पंजीकृत है। इसके बाद पुलिस ने वाहन स्वामी से संपर्क साधा। वाहन मालिक ने बताया कि उसका चालक नशे की हालत में वाहन को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया था। चालक के लापता होने के कारण वह भी वाहन को ढूंढ नहीं पा रहा था। मालिक के अनुसार, चालक कई दिनों से मोबाइल भी बंद कर रखा है, जिससे संपर्क नहीं हो सका। खजनी के कोतवाल इंस्पेक्टर जयत सिंह ने वाहन स्वामी को निर्देश दिया कि वे वाहन से संबंधित सम्पूर्ण कागजात उपलब्ध कराएं, ताकि विधिक प्रक्रिया के तहत वाहन की रिहाई की जा सके। साथ ही, नशे की हालत में वाहन छोड़ने और चालक के गायब होने के मामले में भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं घटना में कोई और संलिप्तता तो नहीं है।

## नाली निर्माण में बढ़ती लापरवाही पर स्थानीयों का रोष, गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी : गोरखपुर।** खजनी तहसील के अंतर्गत उनवल कस्बे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण के बाद किए जा रहे नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय व्यापारी और निवासी भड़क उठे हैं। वार्ड नंबर 3 स्थित टेकवार चौराहा क्षेत्र में जारी निर्माण कार्य पर नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नाली निर्धारित मानकों के विरुद्ध बन रही है और निर्माण सामग्री भी बेहद घटिया गुणवत्ता की उपयोग की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाली की गहराई 60 सेंटीमीटर, चौड़ाई 40 सेंटीमीटर और दीवार की मोटाई मात्र 3 इंच रखी जा रही है, जो मानकों की तुलना में काफी कम है। नागरिकों का कहना है कि कमजोर संरचना के चलते नाली जल्द क्षतिग्रस्त हो सकती है और बरसात के मौसम में जल निकासी पूरी तरह बाधित हो जाएगी।

व्यापारियों—राजन तिवारी, राममणि त्रिपाठी, कौशल कुमार, रमेश कुमार गौड़ और घनश्याम—ने बताया कि निर्माण में इस्तेमाल हो रही गिट्टी, रेत और सीमेंट की गुणवत्ता बेहद खराब है। मिश्रण अनुपात भी मानकों के अनुरूप नहीं रखा जा रहा है, जिससे नाली की मजबूती पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। शिकायत किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार न होने से स्थानीयों में नाराजगी और बढ़ गई है। लोगों ने चेताया है कि इतनी संकरी और कमजोर नाली बरसात में टेकवार चौराहे को जलजमाव का केंद्र बना देगी, जिससे आवागमन, व्यापार और स्वच्छता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। निवासियों ने संबंधित विभाग से निर्माण गुणवत्ता की तत्काल जांच, उपयोग की जा रही सामग्री का परीक्षण और निर्धारित मानकों के अनुरूप नाली के पुनर्निर्माण की मांग की है। वहीं, इटली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु फोन न उठने से उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## फर्जी पासपोर्ट कांड का पर्दाफाश: दो नाम, दो पासपोर्ट-विदेश यात्रा तक कर आया युवक, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोला :गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दो-दो पासपोर्ट बनवाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम बेलही बिरती निवासी एक युवक द्वारा अलग-अलग नामों से पासपोर्ट बनवाकर विदेश यात्रा करने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले के उजागर होते ही क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गोला में तैनात अपराध निरीक्षक विनय कुमार ने ग्राम बेलही बिरती निवासी मन्नूलाल यादव पुत्र राजदेव यादव के विरुद्ध तहरीर देते हुए बताया कि आरोपी ने फर्जी कागजातों के आधार पर दो अलग-अलग नामों से पासपोर्ट बनवाया। वर्ष 2018 में उसने 'मन्नूलाल यादव' नाम से पहला पासपोर्ट बनवाया, जबकि वर्ष 2023 में 'मन्नूप्रसाद' नाम से दूसरा पासपोर्ट जारी कराया। पुलिस के अनुसार दोनों पासपोर्टों के लिए आरोपी ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया और इन्हीं के आधार पर विदेश यात्रा भी की।

सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देश पर की गई, जिसमें आरोपी प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (प्रतिरूपण), 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी की नीयत से जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज का प्रयोग) एवं पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 12 के तहत अभियोग दर्ज हुआ है। इन धाराओं में गंभीर सजा का प्रावधान है, जिससे आरोपी की मुश्किलें अब और बढ़ गई हैं।

पुलिस का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो पासपोर्ट कार्यालय से भी विस्तृत विवरण मांगा जाएगा। वहीं आरोपी द्वारा विदेश यात्रा करने के तथ्य भी खंगाले जा रहे हैं कि उसने किन-किन देशों की यात्रा की और वहाँ क्या गतिविधियाँ कीं। इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने से स्थानीय क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपी ने इतने वर्षों तक दोहरी पहचान के सहारे कानून को कैसे धोखा दिया। पुलिस अब उसकी गतिविधियों, संपर्कों और संभावित नेटवर्क की भी जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजी अपराध करनेकवालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की जालसाजी करने की हिम्मत न कर सके।

## गांवों के बूथ पर पहुँच नपाध्यक्ष विनय जायसवाल मतदाता पुनरीक्षण कार्य में दे रहे गति

### ●एसआईआर अभियान में आई तेजी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कुशीनगर।** पडरौना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खेसिया मनसाछापर स्थित बूथ संख्या 79 और जरार बूथ संख्या 24 पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत एस.आई.आर. फॉर्म भरवाने का महत्वपूर्ण कार्य सक्रिय रूप से संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता को निर्वाचन सूची में सम्मिलित करना तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या नाम कटने जैसी समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में टीम द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित किया गया, उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें सही प्रक्रिया से अवगत कराते हुए फॉर्म भरने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। विनय जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक अपने मताधिकार के प्रति जागरूक और संकल्पित हो। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्य कर रहे कर्मियों का उत्साहवर्धन किया और अधिक से अधिक लोगों तक अभियान की जानकारी पहुँचाने का आह्वान किया।

अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई नए मतदाताओं ने अपने नाम जुड़वाने के लिए एस आई आर फॉर्म भरवाए, वहीं जिन्होंने अपने पते या अन्य विवरण में परिवर्तन कराया, उन्होंने भी प्रक्रिया को समझते हुए सहयोग प्रदान किया। मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि निर्वाचन सूची में सही और अद्यतन जानकारी होना प्रत्येक नागरिक का अधिकार ही नहीं बल्कि लोकतांत्रिक दायित्व भी है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और टीमों ने यह संकल्प दोहराया कि 'कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जन-जागरूकता की यह मुहिम आगे भी निरंतर चलती रहेगी। लोकतंत्र को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में यह पहल आने वाले दिनों में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुदर्शन पाल मंडल महामंत्री विवेक पांडे बीएलए पुनीत त्रिपाठी बृजेश शर्मा उपेंद्र गुप्ता मनोहर शर्मा बृजमोहन प्रसाद विजय कुमार संतोष चौहान गोलू चौधरी सहित सभी ग्रामवासी व बीएलओ गण मौजूद रहे।

## राज्य विश्वविद्यालय की मांग तेज, इतिहास व मानकों के आधार पर कॉलेज पूरी तरह योग्य: शलभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**देवरिया।** शहर के बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरिया में बाबा राघवदास जी की 129वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि देवरिया सदर के विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाबा राघवदास केवल किसी क्षेत्र या वर्ग के महापुरुष नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव थे। महापुरुष जाति-धर्म से परे होते हैं और समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए कार्य कर राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। डॉ. त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि देवरिया में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए, क्योंकि यह कॉलेज ऐतिहासिकता, संरचना और क्षमता के आधार पर विश्वविद्यालय बनने के सभी मानदंडों को पूरा करता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता संघर्ष में छिपी होती है, उसका कोई शॉर्टकट नहीं होता।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, भाटपाररानी के प्राचार्य प्रो. सतीश चंद्र गौड़ ने कहा कि बाबा राघवदास जी का शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने क्षेत्र में करीब 50 विद्यालय एवं कई महाविद्यालय स्थापित कर शिक्षा के प्रसार को नई दिशा दी। दूसरे विशिष्ट अतिथि, रुद्रपुर के प्राचार्य प्रो. ब्रजेश पांडेय ने कहा कि वास्तविक महानता सेवा से आती है। बाबा राघवदास जी 1920 में अंग्रेजी शिक्षा और भाषा के समर्थक थे और गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थापना समिति के प्रमुख सदस्यों में शामिल रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य व अध्यक्ष प्रो. नारायण प्रताप सिंह ने कहा कि यह जयंती केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्कृति के उस यज्ञ की पूर्णाहुति है जिसे बाबा राघवदास जी ने आरंभ किया था।

**कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति, स्मृति सम्मान और पत्रिका विमोचन**

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन किया गया, जिसके प्रधान संपादक डॉ. संजय कुमार रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच से दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों सिद्धार्थ यादव (क्रस्ट. कृषि), अब्दुल मतलीव (रूरू. कीट विज्ञान), मनीष कुमार यादव (रूरू. कृषि प्रसार) को प्रमाणपत्र और सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में खुशी मणि प्रथम, कृतिका द्वितीय, जिया रहमान तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में जिया रहमान प्रथम, रितिका द्वितीय, संजना तृतीय, प्रश्नोत्तरी में आयुष प्रथम, गुंजन द्वितीय, बबिता व नूरजहाँ संयुक्त तृतीय व पोस्टर प्रतियोगिता में मानवी प्रथम, रेखा द्वितीय, सृष्टि तृतीय रहीं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रजनीश कुमार रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. हरिशंकर गोविंद राव ने किया। मंच संचालन डॉ. भावना सिन्हा ने किया। समारोह में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप, ग्राम रोजगार सेवकों ने BDO को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**बृजभूषण तिवारी**

**गोंडा।** रूपईडीह ब्लॉक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पर अवैध वसूली, मानदेय कटौती, अपमानजनक व्यवहार और अनावश्यक कार्य-दबाव के गंभीर आरोप लगाते हुए शनिवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। सेवकों ने मांग की कि अधिकारी के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए निष्पक्ष जांच शुरू की जाए।

**इंटरनेट रिन्यूअल, प्रविष्टि, अपलोडिंग और तकनीकी कार्यों के नाम पर वसूली का आरोप**

ज्ञापन में कहा गया है कि इंटरनेट रिन्यू कराने से लेकर मनरेगा प्रविष्टि, फोटो अपलोडिंग, रजिस्टर अपडेट और अन्य तकनीकी कार्यों के नाम पर लगातार धन की मांग की जाती है। जबकि ब्लॉक स्तर पर न तो इंटरनेट की सुविधा है और न ही कोई तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद रोजगार सेवकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

**EPF कटौती का खेल मानदेय से कटौती, UAN में जमा शून्य**

सेवकों ने आरोप लगाया कि वर्षों से मानदेय से EPF की कटौती की जा रही है, लेकिन आज तक किसी भी ग्राम रोजगार सेवक के UAN खाते में एक भी रुपये की जमा नहीं की गई। इससे वित्तीय अनियमितता की संभावना और गहरी हो गई है, जिस पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

**अत्यधिक कार्यभार, संसाधन शून्य,फिर भी दबाव कायम**

रोजगार सेवकों ने बताया कि मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, आवास, आधार सत्यापन, पोर्टल अपडेट, फोटो जियो-टैगिंग सहित कई योजनाओं का कार्यभार उन पर डाला गया है। इसके बावजूद उन्हें न मोबाइल, न डेटा, न तकनीकी सहयोग और न ही कोई संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके उलट अधिकारी द्वारा प्रतिदिन अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

**उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन की मांग**

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शासन की डिजिटल कार्यप्रणाली को देखते हुए सभी ग्राम रोजगार सेवकों को उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएँ ताकि वे समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन कार्य कर सकें। ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्य मांगों की कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल पद से हटाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।EPF की कटौती की पूरी राशि तुरंत UAN खातों में जमा कराई जाए। मानदेय व बकाया भुगतान बिना विलंब के किया जाए,अवैध वसूली पर रोक लगाकर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई हो,सभी रोजगार सेवकों को उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएं।

**आंदोलन की चेतावनी**

रोजगार सेवकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो जनवरी माह से सभी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों में उ.प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। जिसमें अध्यक्ष शुकदेव प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा, संरक्षक विश्वनाथ शुक्ला, कोषाध्यक्ष महामंत्री रविंद्र कुमार कश्यप, दुर्गेश कुमार शुक्ला, बद्री विशाल शुक्ला, रविंद्र पाठक, जीवनलाल मौर्या सहित बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवकों ने विरोध प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी अभय कुमार को ज्ञापन सौंपकर आरोपित अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्रापए ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन व क्षेत्र के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर माननीय विधायक राजा जयप्रताप सिंह के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों और 551 तहसीलों में सक्रिय है। संगठन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, इसके बावजूद उन्हें न तो सरकारी स्तर पर और न ही संस्थानों की ओर से पर्याप्त सुविधाएँ प्राप्त हैं। ज्ञापन में निम्न प्रमुख माँगें की गई है।तहसील स्तर पर संवाददाताओं को मान्यता प्रदान करने हेतु वर्ष 2008 में जारी पत्र में संशोधन कर सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता देने का आदेश जारी किया जाए।

जिला, मण्डल एवं तहसील स्तर पर पत्रकार हितों की रक्षा हेतु स्थाई समितियों का नियमित गठन और बैठकें सुनिश्चित की जाएं, जिनमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जाए। ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने तथा परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग। प्रदेश स्तरीय पत्रकार मान्यता एवं विज्ञापन मान्यता समितियों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के दो प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। राजधानी लखनऊ में संगठन के लिए दारुलसफा में निःशुल्क कार्यालय भवन उपलब्ध कराया जाए।

ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के अध्ययन व समाधान हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाए। समाचार कवरेज के दौरान उत्पन्न विवादों के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराए जाने का प्रावधान किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त मांगों के पूरा होने से ग्रामीण पत्रकारों के कार्य एवं जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होगा। इस दौरान संरक्षक मो.इरफान बाबर,अध्यक्ष अष्टभुजा शुक्ल ,गुड्डू बाबा महामंत्री उदयभान पाठक, उपाध्याय राकेश त्रिपाठी ,सम्प्रेक्षक उमाकांत त्रिपाठी, संगठन मंत्री पिंकू त्रिपाठी, मंत्री मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राकेश दुबे शोहराब अली,कौशल किशोर शुक्ल,नवल मिश्र आदि शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बने शिवम




**बरेली/रिठौरा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल की नगर इकाई गठन को लेकर जिलाध्यक्ष सुधीश पांडेय, मंत्री अंकित जौहरी, शिवम अग्रवाल की तीन सदस्यीय टीम ने नगर पंचायत कार्यालय सभागार में व्यापारियों की बैठक कर नयी टीम को लेकर चर्चा की हुई जिसमें सर्वसम्मति से शिवम शर्मा को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने जिलाध्यक्ष पाण्डेय एवं उनकी टीम ने मनोनयन पत्र सौंपा, इस दौरान धनपाल सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, संजीव कुमार कश्यप, वीरेंद्र पाल गंगवार, अनिल कुर्मी, अमित सिंह,लविश गुप्ता, बादल गुप्ता, आले रहमान, शाहिद हुसैन, रिजवान, अरबाब खां, नदीम, इमरान रजा,प्रेम वर्मा, अनमोल गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, सचिन रस्तोगी, अंकित गुप्ता, ऋषभ वर्मा, दीपक कश्यप, पाकेश पुरी, ललित गंगवार, रहसुद्दीन, सलीम अंसारी, रिजवान खान सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## जान से मारने की नियत रखने बाले को पुलिस ने भेजा जेल




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27/11/25 को ओरीलाल पुत्र रामसनेही नि0ग्राम मोहम्मदाबाद खीरी को जान से मारने की नियत से हमला करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 394/25 धारा 109(1) BNS में दिनांक 12.12.2025 को कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभि0- श्याम कुमार पुत्र टोरीं उर्फ टोरींलाल नि0ग्राम मोहम्मदाबाद थाना हैदाराबाद जिला खीरी उम्र करीब 20 वर्ष थाना हैदराबाद जिला खीरी को एक अदद डण्डा के साथ गिरफ्तार कर वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया। वही गिरफ्तारी करने वाली टीम मे मुख्य रूप से उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी अजान व आरक्षी संजीव कुमार, होमगार्ड रामवीर थाना हैदराबाद जनपद खीरी सामिल रहे।

## आजमगढ़ पुलिस ने लोक अदालत के प्रति लोगों को किया जागरूक



**आजमगढ़।** दिनांक 12.12.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. श्री अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री विवेक त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री शुभम तोदी के कुशल निर्देशन में आगामी लोक अदालत (आयोजित दिनांक 13.12.2025) के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

यातायात निरीक्षक जनपद आजमगढ़ द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों व तिराहों पर पम्पलेट वितरित कर आम जनमानस, राहगीरों एवं वाहन चालकों को लोक अदालत की उपयोगिता, प्रक्रिया और उससे मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि लोक अदालत में लंबित चालान, वाहन संबंधी मामले व अन्य विवाद आसानी से, शीघ्रता से एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निस्तारित कराए जा सकते हैं। आजमगढ़ पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान आम जनता में कानूनी जागरूकता बढ़ाने तथा लोक अदालत में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सराहनीय प्रयास है।




# पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिले के सभी विधायकों को दिया गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिले के सभी विधायकों को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने के क्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष नितेश अग्रवाल के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सदर विधायक योगेश वर्मा के माध्यम से एक ज्ञापन सौंप कर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में ज्ञापन दिया है।ज्ञापन में बताया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है इसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार कार्य कर रहे हैं जो संगठन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है इसका पंजीकरण संख्या 1153/86 है ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की शाखा उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों एवं 75 जनपदों व 551 तहसीलों में गठित होकर सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे इन पत्रकारों को सरकार व संस्थान की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे यह पत्रकार अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं इसके लिए उपरोक्त पत्रकारों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निम्न समस्याओं पर विचार करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है जिसमें तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र संख्या 1484 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रेस 36/2004 दिनांक 19 जून 2008 को संशोधित करते हुए सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं के मान्यता प्राप्त करने हेतु आदेश निर्गत किया जाए।पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठकें कराई जाए और मंडल मुख्यालय पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाए और उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। ग्रामीण पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा से आच्छादित करते हुए उन्हें आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाए और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए।मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए।उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय हेतु दारुलसफा में निःशुल्क भवन उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं का अध्ययन व समाधान करने हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाए।पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन करते समय परिस्थितियों वश होने वाले विवाद के प्रकरण में पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच करने का आदेश निर्गत किया जाए।जिला अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने मांग की है कि उपर्युक्त बिंदुओं पर सम्यक विचारोंउपरांत आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश देने का कष्ट।इस दौरान जिला महामंत्री योगेश अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, नैमिष वर्मा, विनीत गुप्ता, राहुल सिंह, लवकुश, कुलदीप सिंह, सुनील सोनी, मनोज चौधरी सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आशाओं के साथ हो रहा भेदभाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बेहजम खीरी।** जिला लखीमपुर खीरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा के भुगतान रूम के रिकॉर्ड का ताला टूटा होने की खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें बिल वाउचर अस्त व्यस्त पाए गए थे रिकॉर्ड रूम दूसरी मंजिल पर है और दूसरी मंजिल पर जाने के लिए जीने से होकर जाना होता जिस पर भी ताला पड़ा रहता है जीने का ताला पड़ा रहा और दूसरी मंजिल का ताला टूटा मिला और कोई भी चीज की चोरी नहीं की गई केवल विल और वाउचर अस्तव्यस्त पाए गए जिससे साफ जाहिर होता है कि यह एक साजिश के तहत की गई है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ आशाओं से बात की गई तो उन्होंने बताया की सरकार के द्वारा हमसे काम अधिक लिया जाता है पर काम के हिसाब से हमें पैसा नहीं मिल पा रहा है नाम का खुलासा न करने पर बताया की एचबी एनसी एचबी वाइसी से लेकर परिवार नियोजन तक के काम में पैसा लेकर ही बीसी पीएम के द्वारा पैसा डाला जाता है पहले पैसा डाल दिया जाता है बाद में आशाओं से पैसा लिया जाता है जो आशा पैसा देने से इंकार करती हैं उनके खाते में पैसा नहीं डाला जाता है और उन्हें बराबर धमकी दी जाती है कि हम तुम्हें निकाल कर बाहर कर देंगे जब इसकी शिकायत कई आशाओं ने अधीक्षक अनिल वर्मा से की तो उन्होंने बताया किसी भी आशा के खाते से पैसा नहीं काटा जाएगा और हर महीने आशाओं के खाते में उन्हें पूरा पैसा ही दिया जाएगा। रिकॉर्ड रूम का ताला टूटने पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का जो काम किया जा रहा है उसकी जानकारी फार्मासिस्ट रोशन लाल से की गई तो उन्होंने बताया उनके रूम की चाबी हमारे पास क्यों रहेगी। आशा रिकॉर्ड रूम का ताला टूटने के बारे में अधीक्षक ने बताया इसकी जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके ऊपर कारवाई की जाएगी।

## रजानगर व बिलहरी बीट क्षेत्र के गावों मे बाघ का आतंक

**गोला रेज की रजानगर बीट के गांव मे किसान के पशुबाडे से बछडे को उठा ले गया बाघ।**

**बिलहरी खीरी।** गोला रेज के अंतर्गत आने बाली रजानगर के बीट के गांव रामपूर गांव मे किसान काशीराम के पशुबाडे मे बधां दो महीने के बछडे को बाघ शुक्रवार की अल सुवह उठा ले गया। जब जब किसान को बाघ की आहट लगी तो किसान अपने कुछ साथियो के साथ बछडे को तलाशने के लिये बाघ पग चिन्हो पर चलकर सोर मचाते हुये जंगल के समीप पहुचे तो वहां उस बछडे की छोड़कर बाघ जंगल की तरफ भाग गया। सूचना पर पहुचे वन दरोगा अंकित बाबू ने मौका मुआयना कर क्षेत्र मे बाघ होने की पुस्टि की।और सभी ग्रामीणो को सचेत रहने के लिये कहा है। वही दूसरी घटना महेशपुर रेज की बिलहरी बीट के गांव कोटखेरबा की है जहां पर ग्राम प्रधान राम सिंह वर्मा के ट्यूबवेल के निकट कुछ मजदूर शाम के बक्त ऐक बोगी मे गन्ना लाद रहे थे तभी रोड को पार करता हुये बाघ उन्हे दिखाई दिया बाघ को देखकर मजदूर हल्ला मचाते हुये ट्यूबवेल की कोठरी मे जा छुपे इसके बाद मजदूर कई घंटो उसमे कैद रहने के बाहर आपने अपने घरो को रवाना हुये।

# पालिकाध्यक्ष ने किया शिव कॉरिडोर का निरीक्षण

**● महाशिवरात्रि से पूर्व तीर्थ कुण्ड और प्रमुख मार्ग दुरुस्त करने के निर्देश दिए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शुक्रवार को पालिका प्रशासन की टीम के साथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कॉरीडोर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूढ़े बाबा मंदिर के पास जलभराव देखकर अध्यक्ष ने नाराज़गी व्यक्त की और संबंधित विभाग को कल तक समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि फरवरी माह में महाशिवरात्रि का पर्व है, इसलिए तीर्थ कुण्ड, मंदिर के प्रमुख मार्गो और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को 10 फरवरी तक पूर्ण रूप से दुरुस्त कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि से पूर्व तीर्थ कुण्ड में स्वच्छ जल भरा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, जलनिकासी, मार्गो की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी तैयारियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान सभासद राजेश अवस्थी, यूपीसीएल जेई नितिन सिंह, एसआई संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, पालिका जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, सफाई नायक नरेश कुमार, संजय कुमार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, अनुराग गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार महेश पटवारी, श्याम किशोर अवस्थी, रविन्द्र कटियार, विश्वनाथ शुक्ला, लवकुश अवस्थी, विकास मिश्रा, विजय मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बस-कम्बाइन की भीषण टक्कर में दो चालकों की मृत्यु मामले में 15 दिसंबर को होगी मजिस्टीरियल जांच

**● मृतकों के परिजन अब तक नहीं हुए पेश, एसडीएम सदर ने फिर भेजा बुलावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी,** 12 दिसंबर। रूहेलखण्ड डिपो (बरेली) की बस सं0 यू0पी0 25जी/9791 से 29 नवंबर 2006 को ग्राम मनकापुर के निकट, कम्बाइन वाहन सं0 यूपी 27बी/0320 के टकरा जाने से घटित दुर्घटना में निगम बस चालक एवं कम्बाइन के चालक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई एवं निगम बस परिचालक व एक यात्री घायल हो गया। उक्त घटना की मजिस्टीरियल जॉच हेतु जिला मजिस्ट्रेट के पत्र दिनांक 26.09.2018 द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि पूर्व में अनेकशः पत्र सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, रूहेलखण्ड डिपो, बरेली को प्रेषित किये गये, किन्तु मृतक चालक अतुल कुमार सिंह के परिवारीजन को अभी तक बयान अंकित कराने हेतु नहीं भेजा गया है। इसी प्रकार कम्बाइन के मृतक चालक के परिजनों द्वारा भी बयान अंकित नहीं कराये गये हैं।

प्रश्नगत घटना की मजिस्टीरियल जॉच हेतु 15 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 बजे की तिथि नियत करते हुए समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त नियत तिथि पर समय से उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए बयान अंकित करायें।

## अज्ञात वाहन ने गन्ने भरे ट्राली ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर वाहन चालक की मौके पर मौत



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शुक्रवार की सुबह गन्ने भरी ट्राली ले जा रहे किसान की ट्रैक्टर में अचानक कोई खराबी आ गई जिसको सही करने के लिए रोड किनारे ट्रैक्टर ट्राली को लगा कर सही कर रहे थे तभी अचानक लखनऊ की तरफ से आ रहे वाहन की चपेट में आ गए और मौके पर ही वाहन चालक की मौत हो गई उनकी पहचान ग्राम सभा बड़ागांव बड़ेरा थाना शारदा नगर निवासी हसमत अली के रूप में हुई, हसमत अली अपने निजी वाहन में गन्ना लोड कर बिक्री के लिए जा रहे थे। तो वही ओयल चौराहे पर तकरीबन 5:00 बजे ट्रैक्टर की लाइट सही करते समय अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, वाहन इतना तेज था की उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया है। यह घटना सुनते ही परिजनों में शोक का माहौल बन गया।

## अधर में अटका माता कालरात्रि मन्दिर मार्ग का निर्माण



**● आवागमन बाधित, सड़क न बनने से मोहल्लावासियों व स्कूली बच्चों की बढ़ीं मुश्किलें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** नगर मोहल्ला रंगरेजान से माता कालरात्रि मंदिर दुधवा रोड को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क का निर्माण बीते कई दिनों से अधर में लटका हुआ है। पालिका प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि पुरानी सड़क को उखाड़कर मिट्टी डाल दी गई, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। नतीजतन नगरवासियों और विद्यार्थियों को रोजाना की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के बाद से सड़क की हालत लगातार खराब हो रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने की खबर से क्षेत्रवासियों को राहत की उम्मीद जगी थी, मगर कार्य रुक जाने से परेशानी और बढ़ गई है। उखड़ी सड़क और सड़क पर पड़ी मिट्टी से होकर गुजरना आम लोगों के लिए चुनौती बन चुका है। सुबह-शाम स्कूली बच्चों को इस सड़क से आने-जाने? में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

नगरवासियों ने पालिका प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद कार्य पुनः शुरू नहीं कराया जा रहा है। आक्रोशित लोगों ने शीघ्र सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि यह मार्ग न केवल मोहल्ले को मुख्य सड़क से जोड़ता है, बल्कि माता कालरात्रि मंदिर और दुधवा रोड से जोड़ने के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में सड़क निर्माण में हो रही देरी आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर उन्हें राहत प्रदान करेगा। लोगो का कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो वो लोगों को आन्दोलन के? लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## राज्यपाल के बेटे की शादी में मुख्यमंत्री समेत दर्जन और दिग्गज पहुंचे दिया आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बरेली/झारखंड** के राज्यपाल महामही संतोष कुमार गंगवार के पुत्र अपूर्व गंगवार की शादी में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत दर्जनों बी आई पी पहुंचे उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद राज्यपाल के सुपुत्र अपूर्व गंगवार की शादी संजना के साथ आयोजित हुई इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मिनी मुख्यमंत्री कहे जाने वाले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार समेत अनेकों विधायक सांसद एवं मंत्रीगण उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम बरेली के आई वी आर आई के प्रांगण में आयोजित किया गया महामही राज्यपाल के सुपुत्र की शादी का कार्यक्रम बरेली में दो दिन आयोजित किया गया 10 दिसंबर एवं 11 दिसंबर को यह कार्यक्रम सुचारू रूप से चला इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर राजशाही शादी का आनंद लिया यह भव्य कार्यक्रम के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के आने से प्रशासन को कई सड़कों का यातायात बदलना पड़ा ताकि समारोह में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके इसकी व्यवस्था के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुराग आर्य जिला अधिकारी अविनाश सिंह एवं अन्य अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहे और शांतिपूर्वक है कार्यक्रम संपन्न हुआ इसकी व्यवस्था के लिए झारखंड के राज्यपाल श्री गंगवार ने व्यवस्था देखने के लिए अपने चाहतों को जगह-जगह पर नियुक्त किया। परंतु उन्होंने इस समारोह में आने वालों से कोई भी लिफाफा लेने से मन कर दिया जो एक मिसाल है राज्यपाल का और बरेली की जनता से पुराना रिश्ता है क्योंकि वह बरेली लोकसभा सीट से आठ बार सांसद कई बार केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं इसलिए उनके यहां की जनता से विशेष लगाव है यहां उनकी बेटी श्रुति गंगवार जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फ बीरू गंगवार एल डीबी के डायरेक्टर कुंवर रविंद्र सिंह राठौड़ भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार नवाबगंज पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौड़ समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पलिया पुलिस पस्त, चोर मस्त

**● अजीतनगर में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने साफ किए हाथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलिया नगर** से लेकर पूरे कोतवाली क्षेत्र में चोरी की वारदातें पुलिस की सक्रियता पर बड़ा सवाल उठा रही हैं। हालात यह हैं कि क्षेत्र में 'पुलिस पस्त, चोर मस्त' वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। बीती रात अज्ञात चोरों ने पटिहन रोड स्थित अजीतनगर में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दे दिया।

जानकारी के अनुसार अजीतनगर निवासी राजकिशोर पुत्र गजोधर दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। पूरा परिवार वहीं रहता है। घर कई दिनों से बंद था, और सारे जेवर व सामान मकान के अंदर ही रखा हुआ था। शुक्रवार सुबह मोहल्ले के कुछ लोगों की नजर घर के मुख्य गेट पर पड़ी, तो ताला टूटा देखकर उन्हें कुछ गड़बड़ी का शक हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना राजकिशोर के परिवारीजनों मानू, अर्जुन, करोड़ी, रामरतन आदि को दी। सूचना मिलते ही वे लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को मामले की जानकारी दी।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घर का मौका-मुआयना किया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि घर से कितने की चोरी हुई है। पुलिस के अनुसार मकानस्वामी के पहुंचने के बाद ही नुकसान का वास्तविक आकलन हो सकेगा। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मौके का निरीक्षण कर लिया गया है। घटना की सूचना मकानस्वामी को भी दे दी गई है। उनके आने के बाद ही चोरी गए सामान की सूची स्पष्ट होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर, लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है और लोग रात में घरों की सुरक्षा को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना भी स्वाभाविक है। क्योंकि लगभग एक माह पूर्व पलिया नगर के दुधवा रोड पर स्थित एक मकान से बड़ी चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया था, लेकिन आज तक उस चोरी का खुलासा नहीं हो सका।

# कोर्ट ने किडनी चोरी करने के मामले में केस दर्ज करने का दिया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** डॉक्टर द्वारा किडनी की चोरी का सनसनी खेज मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना लाल विश्वकर्मा बनाम डॉ एसएस गुप्ता आदि के मामले में साक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर करने के आदेश दिए है।नगर कोतवाली के संजीवनी नर्सिंग होम मे वादी पन्ना लाल विश्वकर्मा अपने पुत्र हिमांशु 22 के पेट में दर्द होने का ईलाज करवाने 2 जून 24 को वहां गए।संजीवनी नर्सिंग होम के संचालक डॉ. एसएस गुप्ता ने मरीज हिमांशु की जांच कर बताया कि बाईं किडनी में पथरी है,जिसका ऑपरेशन करना होगा।पीड़ित ने 6 जून 24 को ऑपरेशन हेतु भर्ती हो गया।डॉ एसएस गुप्ता ने अपने सहयोगी डॉ अलंकार गुप्ता के साथ हिमांशु के बाईं किडनी का ऑपरेशन किया और बोले कि किडनी की पथरी को निकाल दिया गया है।मरीज हिमांशु को 10 जून को संजीवनी नर्सिंग होम से डिस्चार्ज कर दिया। डॉक्टर की सलाह पर मरीज हिमांशु की दवा 17 जून 24 तक चलती रही।डॉ एसएस गुप्ता ने 18 जून 24 को वादी पन्ना लाल विश्वकर्मा से कहा कि आपके बेटे की किडनी की आवश्यक जांच करनी है।मरीज हिमांशु को ऑपरेशन कक्ष में ले गये और भर्ती कर लिया। वादी पन्ना लाल विश्वकर्मा को 19 जून 24 को ड्रेसिंग के समय मरीज हिमांशु के घाव की साइज देखकर शक हुआ तो कुमुद अल्ट्रासाउंड सेंटर जाकर अल्ट्रासाउंड कराया पता चला कि हिमांशु को बाईं किडनी मौजूद नहीं है और ऑपरेशन में 13 टांके लगे हैं।वादी पन्ना लाल विश्वकर्मा ने जब डॉक्टर एसएस गुप्ता को अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट दिखाया तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिया और धमकी देकर भगा दिया गया।वादी सीएमओ समेत अधिकारियों से शिकायत करता रहा लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की।वादी पन्ना लाल विश्वकर्मा थक हार कर न्यायालय की शरण में पहुंचा और साक्ष्यों को देख कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को आदेशित किया कि विवेचना स्वयं करें और एफआईआर दर्ज कर सात दिनों में न्यायालय में प्रस्तुत करें। उसी नर्सिंग होम का एक और मामला चर्चा में है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीज से मनचाहा पैसा वसूल लिया गया। इस मामले को लेकर पिपरी खालसा गांव निवासी अधिवक्ता रवि द्विवेदी संजीवनी नर्सिंग होम के द्वारा आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी पिता के हर्निया ऑपरेशन कराने पर पैसे



वसूलने की रवि ने डीएम से शिकायत की। डीएम ने सीएमओ सीओ एसआई आदि को जांच सौंपी। जांच टीम ने भ्रामक आख्या प्रस्तुत कर संजीवनी नर्सिंग होम का बचाव किया। जांच अधिकारी और संजीवनी नर्सिंग होम पर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए अधिवक्ता रवि द्विवेदी 24 दिनों से कलेक्ट्रेट परिसर मे धरने पर बैठे हुए है। अभी तक जिला अधिकारी के द्वारा मिथ्या आख्या प्रस्तुत करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे 2025 के अभियान के उद्देश्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया



**मीरजापुर विंध्याचल।** शुक्रवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिर्जापुर के निर्देशानुसार दिनांक 12-12- 2025 को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे 2025 के अभियान के उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधित अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूकता शिविर के माध्यम से सामुदायिक केंद्र विंध्याचल में आम जनमानस को जागरूक किया गया जिसमे पीएलवी राहुल गुप्ता ने सरकारी योजनाओ एवं नालसा सालसा की निशुःल्क सुविधाओं के बारे जानकारी दी एवं डा. एम. के. राय जी ने स्वास्थ्य से सम्बधित जानकारी दी।

### चकबंदी कार्यों की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा, कब्जेदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, वहां कार्य में और तेजी लाई जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि चकबंदी क्षेत्रों में चारागाह, तालाब व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को तत्काल खाली कराया जाए। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर चकबंदी प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने गांवों में चकबंदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने लेखपालों की टीमें बनाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चकमार्ग एवं सरकारी जमीनों पर कब्जा जमाने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी संबंधित गांवों में चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूरा कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम न्यायिक विजय नारायण सिंह, चकबंदी अधिकारी राकेश सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी बैभव श्रीवास्तव, अरुण शाश्वत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश , कार्रवाई की मांग पर अड़े




**औराई ।** औराई क्षेत्र के खेतलपुर गांव में शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार मिट्टी लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक पर चढ़ गया, जिससे बाइक सवार सुजीत पटेल 21 वर्ष पुत्र राजेश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया। गुस्साए ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही शव उठाने से इंकार कर दिया और ट्रैक्टर चालक, वाहन मालिक, जेसीबी मालिक तथा खनन राजस्व टीम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। सूचना पाकर थाना प्रभारी मनोज कुमार और क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग अपनी मांगों पर अडिग रहे। स्थिति को देखते हुए उपजिलाधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर शांत कराने का प्रयास किया। इस संबंध में सीओ औराई चमन सिंह चावड़ा ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद गाँव में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है।

## जनपद के सभी विकास खण्डों के 44 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान

● विकासखंड औराई के गिर्दबड़गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनी फरियादियों की शिकायते, त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

"ग्राम चौपाल" आयोजित कर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों का किया निस्तारण

ग्राम चौपाल में आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हो सुनिश्चित-डीएम शैलेष कुमार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही :-** शासन के मंशानुरूप एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रत्येक शुक्रवार को सभी विकासखंड के कुल 44 ग्राम पंचायतों में ''ग्राम चौपाल'' (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड औराई के गिर्दबड़गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। विकास खण्ड भदोही के कुल 09 ग्राम



पंचायत खेमईपुर में में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भदोही, रजईपुर में उप जिलाधिकारी भदोही दुलमदासपुर में तहसीलदार भदोही, विकास खण्ड ज्ञानपुर में कुल 06 ग्राम पंचायत में शिवरामपुर में जिला कृषि अधिकारी, लक्ष्मण पट्टी में सहायक अभियंता ग्राम अभिकरण विभाग, थानीपुर में उपायुक्त उद्योग, बेरी परवा में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर विकास खण्ड डीघ में कुल 10 ग्राम पंचायत में- कुलमानपुर में खंड शिक्षा अधिकारी , इब्राहिमपुर में बाल विकास परियोजना अधिकारी, तुलसी कला में सहायक अभियंता नलकूप, बालीपुर बड़गांव में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी , में विकास खण्ड सुरियावां कुल 08 ग्राम पंचायत कंचनपुर में खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावा यशवंत कुमार, बरमोहिनी में बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरियावा, महजूदा में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, छनौरा में जिला युवा कल्यान अधिकारी,विकास खण्ड अभोली में कुल 04 ग्राम पंचायत प्रयागपुर में खंड विकास अधिकारी अभोली , फत्तूपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी, दानूपुर पश्चिमपट्टी में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, विकास खण्ड औराई में कुल 07 ग्राम पंचायत पैरानापुर में पशु चिकित्सा अधिकारी औराई, सारीपुर में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, बनवारीपुर में सुरेश कुमार सहायक अभियंता नलकूप, दलपतपुर में बाल विकास परियोजना अधिकारी औराई, ग़रौली में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता औराई के कुशल मार्गदर्शन में तथा समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया। ग्राम चौपाल की शुरूआत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यो के निरीक्षण से हुई जिसमें अमृत सरोवर का अवलोकन करते हुए मनरेगा योजना, वरासत, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं जमीनी संबंधी शिकायत, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, आवास, फार्मर रजिस्ट्री कैम्प, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों से संवाद करके सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत में लगायी गयी लाईटो, सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवन, जल निकासी नाली, सड़क सम्पर्क मार्ग, गौआश्रम स्थल, एम0डी0एम0, संचारी रोग, टीकाकरण, वृद्धा एवं विधवा, विकलांग पेंशन आदि विकास योजनाओं का सत्यापन किया गया। बेसिक विद्यालयों एवं डीबीटी की स्थिति,आयुष्मान आरोग्य मंदिर/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आंगनबाड़ी भवन आदि का अवलोकन किया गया।

जनचौपाल में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री, पोषाहार, सिंचाई से सम्बन्धित शिकायत, कृषि एवं कृषि रक्षा से जुड़े प्राकृतिक एवं आरगैनिक खेती, हर घर नल से जल तथा सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

प्रत्येक विकास खण्ड के लिए नामित अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनचौपाल में आज आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर अवगत कराया जाए।

## ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीखड़ संवाद-** शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार माह के प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर पाहो, एवं गोरईया में जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, एवं खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा ,की अध्यक्षता व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय, एडीओ समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला,मुख्य सेविका धनदेई देवी ग्राम प्रधान निर्मला देवी, अश्विनी कुमार मिश्रा की उपस्थिति में ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों



द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया।तथा दोनों ग्राम पंचायतों में आए कुल 5 शिकायत पत्रो जिसमें वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन आयुष्मान काड? आदि को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया ।वहीं जिला सेवा योजन अधिकारी ने पीएम सूर्य घर सोलर पैनल से लेकर सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे विन्दुवार जानकारी दी और जिन योजनाओं के लिए जो लोग पात्रता श्रेणी में आने वाले थे उन लोगों को लाभ दिलाने के लिए ग्राम सचिव को दिशा निर्देश दिए।ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे ग्राम सचिव सुधीर दुबे, उमेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रंजना सिंह, श्रेया सिंह,नीलम पांडेय, साक्षी पांडेय, प्राथमिक , पूर्व माध्यमिक विद्यालय की अध्यापिका सहित कृषि विभाग डॉ विरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश सिंह स्वास्थ विभाग की एनम अजूलता ,सीएचओ चन्द्रकला तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

## जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल स्व. कमलाकांत दुबे के आवास पर पहुँचा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसार ने किया। प्रभारी कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिवार से भेंट के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने दिल्ली से स्व. दुबे के पुत्र विवेक दूबे व विजय दूबे से टेलीफोनिक वार्ता कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा– 'मैं जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलने भदोही पहुँचूँगा और इस न्याय की लड़ाई को पूर्ण मजबूती से लड़ूँगा। कांग्रेस परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। ' परिवार से मिलने के पश्चात प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय ज्ञानपुर पहुँचा। पुलिस अधीक्षक के उपलब्ध न रहने पर उनसे टेलीफोनिक वार्ता की गई और पूरी घटना से अवगत कराया गया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से एक मांग-पत्र (ज्ञापन) उनके कार्यालय में सौंपा गया।



**ज्ञापन में मुख्य माँगें :**

1. हत्या में शामिल सभी अपराधियों की तत्काल पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।
2. पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए।
3. घटना की तेज, तकनीकी एवं प्रभावी जाँच कर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्रभारी कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पाण्डेय ने कहा कि 'स्व. कमलाकांत दुबे की हत्या घोर निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये के मुआवज़े की माँग करती है, ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। परिवार की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित की जाए और अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हो। भाजपा सरकार में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और खासकर ब्राह्मण समाज पर अत्याचार चिंताजनक स्तर पर पहुँच गए हैं। यह सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी . प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दुबे राजन, ब्लॉक अध्यक्ष भदोही शिवपूजन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दुबे,सुरेश गौतम, त्रिलोकीनाथ बिन्द, सुबुकतगीन अंसारी , शमशीर अहमद, जिला दुबे ,नाजिम अली शक्ति मिश्रा,उपेंद्र कुमार भारती,राकेश मिश्रा, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुधांशु पांडेय, राजनाथ यादव, रामविलास पटेल, अजीत पटेल, प्रभात पाल रहें।

## ज्ञानपुर ब्लॉक सभागार में वृहद जागरूकता कार्यक्रम, 187 लाभार्थियों को मिला 3.4 करोड़ का भुगतान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** ज्ञानपुर ब्लॉक सभागार, गोपीगंज में भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय रिज़र्व बैंक की पहल 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत अन्क्लेम्ड अमाउंट के त्वरित एवं सरल निस्तारण पर एक बड़े जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 370 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने की। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि बिना दावे वाली राशि को लाभार्थियों तक पहुँचाने में पूरी जिम्मेदारी और तत्परता दिखाएं। आरबीआई के जिला विकास अधिकारी दिशांत चंद्रायन ने अन्क्लेम्ड अमाउंट के शीघ्र निस्तारण की



आवश्यकता पर जोर दिया। यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख नीरज ओझा ने भरोसा दिलाया कि सभी बैंक इस अभियान में तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगी।

उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक जनपद का अग्रणी बैंक होने के नाते हर योजना और अभियान में आगे रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक अमित गुप्ता ने जानकारी दी कि जिले में लगभग 67 करोड़ रुपये अन्क्लेम्ड अमाउंट के रूप में मौजूद हैं, जिन्हें जल्द ही विधिक उत्तराधिकारियों को प्रदान कर दिया जाएगा। उपायुक्त स्वरोजगार अनुराग राय ने कहा कि अन्क्लेम्ड अमाउंट के निस्तारण में बैंक सजगता और उदारता दिखाएं ताकि लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बैंकों ने 187 लाभार्थियों के खातों में लगभग 3.4 करोड़ रुपये ट्रांसफ़र किए, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह देखा गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आरसेटी भदोही के ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर देवेन्द्र दूबे ने किया।

## पल्स पोलियो जागरूकता रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** पल्स पोलियो अभियान के प्रति जनजागरण और सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर की ओर से एक भव्य जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। रैली में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सतगुरु प्यारी श्रीवास्तव



के नेतृत्व में शिक्षक हीरो मणि यादव, अखिलेश कुमार, विमल कुमार मिश्रा, शिवम श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार वर्मा, रंजना कुमारी, ज्योति पाल और रतनलाल सक्रिय रूप से शामिल हुए। इसके अलावा बीएन जीआईसी के शिक्षक व छात्र, जिला पंचायत बालिका विद्यालय की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं भी रैली में शामिल होकर जागरूकता संदेश देती रहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. चक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रैली के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पोलियो के खिलाफ यह जंग तभी सफल होगी जब समाज का हर व्यक्ति इसमें अपना योगदान देगा। रैली के माध्यम से 'दो बूंद जीवन की' का संदेश पूरे शहर में गूंजता रहा और लोगों को आगामी पोलियो अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

## नसीराबाद गांव में हुएं मौत का पुलिस ने खोला राज, आरोपी बोला पत्नी के चरित्र पर उठाया था अंगुली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हत्या में वांछित एक अभियुक्त को दहेंदु अंडरपास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इस संबंध में तेजतर्रार थानाध्यक्षों में गिने जाने वाले जिले के चर्चित थानेदार धिरेंद्र कुमार ने बताया की सात तारीख को क्षेत्र के नसीराबाद कंपोजिट विद्यालय के समीप सर्वजीत सिंह की मौत हो गई थी । जो प्रथमदृष्टया प्राकृतिक मौत लग रही थी । लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार जब जांच को आगे बढ़ाया गया तो ये मामला हत्या का लगने लगा। थानाध्यक्ष ने बताया की परिजनों ने शक के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया था । पुलिस ने कहां की हत्या से पर्दा उठाने हेतु हमने एक जांच टीम बनाई हमारी टीम ने जब जांच करना शुरू किया तो गांव के ही एक व्यक्ति हमारी जांच डायरे में आया । जब हमारी टीम उसे व्यक्ति को पुछताछ हेतु बुलाने के लिए एक टीम भेजा तो वो मौके से फरार




हो चुका था । जिसे पकड़ने के लिए उसके ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया । इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की जिस व्यक्ति की आप को तलाश है वो दहेंदु अंडरपास पुलिया के पास मौजूद हैं । जल्दी आप की टीम आयेगी तो वो पकड़ा जा सकता है । अन्यथा वो कहीं जाने के फिराक में है । सूचना मिलते ही हमने एक टीम जो उपनिरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में भेजा । हमारी टीम मुखबिर के बताए स्थान पहुंची तो वहां से जयराम राजभर पुत्र तिलकधारी राजभर निवासी नसीराबाद को पकड़ थाने लाया गया । जब कड़ाई के साथ जयराम राजभर से पूछताछ की गई तो अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया की साहब मेरी पत्नी नसीराबाद कंपोजिट विद्यालय में साफ सफाई का कार्य करती है । मृतक सर्वजीत ने मेरी पत्नी के साथ साथ तारीख को छेड़ रहा था । वो किसी तरह भाग कर घर पहुंची वो हमसे सारी बातें बताई अगले दिन हम कंपोजिट विद्यालय में रात को सोने जा रहे थे । देखा की मृतक सर्वजीत नशे के हाल में सड़क पर बैठा था । जो हमको देखते ही हमारी पत्नी के चरित्र पर उंगली उठाने लगा इसी दौरान हमने लाठी से उसके उपर प्रहार कर दिया । जिससे वो मौके पर गिर पड़ा उसके उपरांत फिर उठा तो हमारे साथ फिर उलझ गया तो फिर हमने उसके उपर लाठी से प्रहार कर वो गिर पड़ा । इसके बाद मैं कंपोजिट विद्यालय में सोने चला गया । सुबह देखा तो सर्वजीत की मौके पर ही मौत हो गई थी । वहीं पुलिस ने बताया की आरोपी के उपर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है । आरोपी को पकड़ने वाली टीम में बाराचवर चौंकी प्रभारी ओमप्रकाश यादव,कां दीपक कुमार, कां संतोष मौर्या, हैड कांस्टेबल गोबिंद सिंह आदि शामिल थे ।

## जिलाधिकारी ने बीएलओ को दस्तावेज़ तत्काल अपलोड करने के दिए सख्त निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिले में विभागीय तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी 1256 बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित करें तथा पुनरीक्षण अवधि में चिन्हित अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उन्हें उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया



कि बैठक की उपस्थिति, कार्यवृत्त, पावती तथा जियो-टैग्ड फोटोग्राफ को अनिवार्य रूप से बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि दस्तावेज़ीकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी क्रम में पूर्व से तैनात सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने आवंटित बूथों पर बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ समन्वय बनाते हुए बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक दस्तावेज़ समय से निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध हों, ताकि जिला स्तर से सामग्री को डीईओ पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। जिला प्रशासन ने दोहराया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती देने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## मंडल के जनपदों के साइबर सेल के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

● आईटी एक्ट की लम्बित विवेचनाओं का करे त्वरित गति से निस्तारण

एनसीआरपी पोर्टल पर लम्बिंत शिकायतों एवं गोल्डेन टाइम में फ्राड धनराशि को लिएन कराये जाने एवं संदिग्ध मोबाइल नंम्बर व आईएमईआई नंम्बर को प्राथमिक सत्यापन के पश्चात ब्लाक कराने के सम्बन्ध में दिये गए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** शुक्कोरवार को पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ''आर0पी0 सिंह'' द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय मीरजापुर में परिक्षेत्र के जनपदों के साइबर सेल प्रभारियों एवं साइबर सम्बन्धी कार्य करने वाले कर्मचारियों के साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय में साइबर के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आईटी एक्ट की लंबित विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, तथा आईटी एक्ट की लम्बित विवेचनाओं को नोडल अधिकारी (अपर पुलिस अधीक्षक) 07 दिवस के अन्दर अर्दली रुम करके विवेचनाओं का निस्तारण कराये। जिन थानों के मुकदमों का निस्तारित हो गया है परन्तु आनलाईन अपडेट न होने के कारण पेंडिग शो कर रही है, उनको तत्काल अपडेट कराये, साथ ही पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा साइबर अपराध से सम्बन्धित दिये गये आदेश निर्देश के बारे में भली-भाँति बताया गया। म्यूल खातों का सत्यापन कराया जाए तथा सदिंग्ध मोबाइल नं0 व आईएमईआई को प्राथमिक सत्यापन के बाद बन्द कराये एवं एनसीआरपी पोर्टल पर लम्बित शिकायतों एवं गोल्डेन टाइम में फ्राड धनराशि को लिएन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । यह भी निर्देशित किया गया कि साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरुकता का कार्यक्रम कराया जाए।

## यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए जान हेतु मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने आज आयुक्त कार्यालय में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण, अधिशासी अभियंता नेशनल हाइवे तथा यातायात पुलिस प्रभारी अधिकारियो के साथ बैठक यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बथुआ तिराहा, शीतला मन्दिर, शास्त्री पुल, इमामबाड़ा मार्ग पर यातायात व्यवस्था पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि लोक निर्माण विभाग, यातायात प्रभारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, सहायक अभियंता एन0एच0 आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मौके पर उपरोक्त मार्गो पर संयुक्त निरीक्षण करे। उन्होंने निर्देशित किया कि शास्त्री ब्रिज के




चील्ह तिराहे की तरफ मुख्य मार्ग के दोनो तरफ फुटपाथ को सड़क के बराबर बनाया जाए ताकि मार्ग चैड़ा होकर गाड़िया आसानी से आ जा सकें। शास्त्री ब्रिज पर जाम से निजात दिलाने हेतु सुचारू रूप से ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बथुआ तिराहा/शीतला मन्दिर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि उपरोक्त अधिकारी मौके पर भ्रमण कर लोंहदी की तरफ व मण्डलायुक्त कार्यालय आगे रेलवे गेट के आस पास का निरीक्षण करते हुए यूटर्न मार्ग बनाया जाए ताकि चैराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इस दिशा में मौके का निरीक्षण करते हुए आगामी बुधवार तक प्रस्ताव प्रस्तुत करे ताकि उस पर अमल में लाया जा सके। इमामबाड़ा मार्ग होते हुए शास्त्री ब्रिज की तरफ जाने वाले मार्ग का भी परीक्षण करते हुए एकल मार्ग व्यवस्था सम्भावित हो तो सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रमुख चैराहो पर जाम से निजात दिलाने के लिए उपरोक्त सम्बन्धित विभाग मौके पर परीक्षण कर आगामी बुधवार तक प्रस्ताव लेकर आए ताकि उसे अमल में लाया जा सके। मण्डलायुक्त ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जल निगम के द्वारा जिन मार्गो पर कार्य पूर्ण करा लिया गया है उन मार्गो पर सड़क मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, सहायक अभियंता एन0एच0, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज में 25 दिन से लड़की है लापता पुलिस मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लोग धरने पर बैठे

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी प्रिया मिश्रा के कथित अपहरण को 25 दिन बीत गए अभी भी बरामदगी न होने से परिजनों और संगठन के जुड़े लोगों में भारी आक्रोश है पुलिस मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में प्रयागराज में धरने पर बैठे हैं लगातार दो दिन प्रशासन के खिलाफ लगातार नारेबाजी करते हुए जिसमें जनसघ प्रदेश अध्यक्ष को कुलदीप पांडे को उनके संज्ञान में आने के बाद इसे उठाया गया तो प्रशासन में तीन दिन में लड़की बरामद करने का आश्वासन दिया गया।

### आजम खान को बड़ी राहत; सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कद्दावर नेता आजम खान को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आजम खान को एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया है। यह फैसला करीब 8 साल बाद आजम के हक में आया है। दरअसल, 2017 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आज़म खान पर सेना का मनोबल गिराने और समुदाय आधारित बयान देने का आरोप लगा था। शहर विधायक आकाश सक्सेना की ओर से इस मामले में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मामले में गुरुवार को स्क्रूस्क्रू मजिस्ट्रेट ने गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद फैसला सुनाते हुए आजम खान को दोषमुक्त करार दिया है।

आजम खान के अधिवक्ता मुरसलीन ने बताया कि 29 जून 2017 को आकाश सक्सेना द्वारा एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप लगाया था कि आजम खान ने सेना के जवानों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस मामले में कोर्ट में ट्रायल चला, लेकिन वादी पक्ष अपने आरोप साबित नहीं कर पाया। जिसकी वजह से कोर्ट ने आजम खानन को दोषमुक्त करार दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए साफ कहा कि वादी पक्ष अपने आरोपों को तथ्यों के साथ साबित करने में विफल रहा है। इस वजह से आजम खान को सभी आरोपों से बरी किया जाता है।

### 25 दिसंबर 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने 'माइक्रो-डोनेशन'

25 दिसंबर 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने 'माइक्रो-डोनेशन' की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करने और 'मास मूवमेंट' के लिए है, जो 11 फरवरी 2022 को हिंदुत्व विचारक दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समाप्त होगा। उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से अभियान का समर्थन किया और खुद 1,000 रुपये दान करते हुए स्क्रीनशॉट साझा किया। उन्होंने लिखा, 'आपका समर्थन लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगा जो राष्ट्र निर्माण के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित हैं।' नमो ऐप और [illegible] पर दान पेज में दानदाताओं को विकल्प दिए गए थे- स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, किसान सेवा चुनें या सीधे 'पार्टी फंड' में योगदान दें। दानदाता 'माइक्रो-डोनेट फॉर ए न्यू इंडिया' के बैनर तले योगदान करते थे, लेकिन रसीदें बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय की आती थीं। अभियान ख़त्म होने के बाद भी ये विकल्प सक्रिय हैं, जो सवाल उठाता है कि क्या यह अनधिकृत संग्रह है। द वायर की रिपोर्ट के अनुसार अरविंदाक्षन ने कहा, 'वेबसाइट के पेमेंट लिंक्स और नमो ऐप के दान मॉड्यूल में सरकारी योजनाओं के नाम दिखाए गए, इसलिए मैं और अन्य नागरिकों ने विश्वास किया कि दान इन्हीं के लिए है। लेकिन वास्तव में फंड भाजपा के पास गया, जो धोखा है।'

### सिधवन इंडस्ट्रियल फीडर पर दो दिन बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**भदोही।** सिधवन इंडस्ट्रियल फीडर से जुड़े सभी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विद्युत विभाग ने बताया कि फीडर पर लंबे समय से लंबित पड़े पोल बदलने एवं एबीएन कंडक्टर प्रतिस्थापन का कार्य अब 13 और 14 दिसंबर को किया जाएगा। यह कार्य सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए किया जाना आवश्यक है। कार्य के सुचारु संचालन के लिए दोनों दिनों सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सिधवन फीडर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रखी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित अवधि में आवश्यक तैयारियां कर लें तथा सहयोग प्रदान करें।

# स्वतंत्र प्रभात की खबर का बड़ा असर

**● लालापुर में अवैध खनन पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई! पुलिस ने तोड़ा माफियाओं का पूरा नेटवर्क।**

**ग्रामीणों की शिकायत और मीडिया की ताकत से हिला प्रशासन—जेसीबी से रास्ता ध्वस्त, बालू वापस नदी में फेंकी गई**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा तहसील अन्तर्गत लालापुर थाना सीमा में स्थित नौढिया तरहार क्षेत्र में अवैध बालू खनन करने वाले माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए पुलिस ने अब तक की सबसे कड़ी कार्रवाई की। यमुना नदी तक पहुँचने के लिए खनन माफियाओं द्वारा बनाया गया गुप्त और पक्का रास्ता पूरी तरह तैयार हो चुका था, जिससे रातों-रात भारी मात्रा में अवैध बालू निकालकर उसकी बिक्री की जा रही थी। लेकिन ग्रामीणों की सूझबूझ और संघर्ष ने शुक्रवार को इस पूरे माफिया नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी मनीष वर्मा को लिखित शिकायत देकर अवैध खनन का पूरा सच सामने रखा। वहीं मीडिया द्वारा लगातार प्रकाशित होती खबरों ने प्रशासन को सचेत कर दिया। इसका सीधा असर हुआ कि मामला तत्काल जिला प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के संज्ञान में पहुँचा। थाना प्रभारी लालापुर ने बिना देर किए पूरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचकर बड़ी कार्रवाई शुरू की। यमुना नदी तक जाने वाले खनन माफियाओं के मुख्य रास्ते को जेसीबी मशीन बुलवाकर जड़ से उखाड़ दिया गया। तेज रफ्तार में चल रही जेसीबी की बाल्टी जब रास्ते को काट-काटकर मिट्टी में मिलाती जा रही थी, तो यह साफ दिखाई दे रहा था कि पुलिस अब अवैध खनन को किसी भी सूरत में पनपने नहीं देगी। कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं रही। माझियारी क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा पहले से ट्रैक्टरों में भरकर छुपाकर रखी गई बालू को भी थाना प्रभारी के आदेश पर जेसीबी की मदद से वापस यमुना नदी में पलटवा दिया गया। यह दृश्य देखकर आसपास के गांवों में यह संदेश फैल गया कि अब अवैध खनन करने वालों की खैर नहीं है। पूरे क्षेत्र में पुलिस की सख्ती से खनन माफियाओं में भारी दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वर्षों से चल रहे अवैध खनन को रोकने की यह पहली ठोस कार्रवाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और मीडिया दोनों का आभार जताते हुए कहा कि यदि इसी तरह सख्ती जारी रही तो यमुना नदी को पूरी तरह बचाया जा सकेगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी कीमत पर यह काम दोबारा शुरू नहीं होने दिया जाएगा। बता दे कि दो दिन पहले अवैध खनन और गिट्टी के बारे में विस्तृत खबर छापी थीं।

## माघ मेला के लिए साधु-संतों व संस्थाओं को भूमि आवंटन की प्रस्तावित तिथियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अपर मेलाधिकारी, माघ मेला ने बताया है कि माघ मेला 2025-26 में साधु-संतो, संस्थाओं एवं प्रयागवाल/तीर्थपुरोहितों को विगत वर्षों की भांति परम्परानुसार भूमि/सुविधाओं का आवंटन किया जाना है। माघ मेला 2025-26 में दिनांक 15.12.2025 को अरैल, नागवासुकी मार्ग, हरिशचन्द्र मार्ग के लिए भूमि का आवंटन, प्रयागवाल/तीर्थपुरोहित के लिए भूमि आवंटन 16 दिसम्बर से प्रारम्भ, 16 दिसम्बर को गंगोली शिवाला मार्ग, ओल्ड जी0टी0 मार्ग, अलोपशंकरी मार्ग एवं तुलसी मार्ग, दिनांक 17 दिसम्बर को समयामाई मार्ग, सूरदास मार्ग, गणपति मार्ग, कबीर नगर 18 दिसम्बर को अक्षयवट मार्ग, संगम वापसी मार्ग, लाल सड़क, परेड, हर्षवर्धन मार्ग, अन्नपूर्णा रामानुज मार्ग, 19 दिसम्बर को त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग, संगम अपर मार्ग, सरस्वती मार्ग, महावीर मार्ग, मोरी मार्ग, गाटा मार्ग एवं अन्य संस्थाए एवं 20 दिसम्बर को समुद्रकूप मार्ग एवं इण्टरलॉकिंग मार्ग से0-4, भारद्वाज मार्ग, संगम लोवर मार्ग एवं शास्त्री गाटा के लिए भूमि का आवंटन किया जायेगा।

अपर मेलाधिकारी, माघ मेला ने बताया है कि सुविधा पर्चियों की प्राप्ति हेतु पहचानयुक्त फोटो एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त तिथियों में परिवर्तन सम्भव है। कहा है कि जिन संस्थाओं द्वारा विगत वर्ष कुम्भ/महाकुम्भ/माघ मेला अथवा अन्य किसी वर्षो में टिन, टेण्टेज, फर्नीचर की सुविधायें प्राप्त कर वापस नहीं की गयी है, उन्हें वर्तमान वर्ष में किसी भी प्रकार की भूमि एवं सुविधा देय नहीं होगी। प्रत्येक शिविर धारक को मेले की सम्पूर्ण अवधि (माघी पूर्णिमा) तक शिविर बनाये रखना अनिवार्य होगा। सुविधा पर्ची, भूमि आवंटन के 02 दिन के पश्चात निर्गत की जायेगी।

### विचाराधीन बंदी कल्लू की रहस्यमयी मौत पर उठे सवाल, मजिस्ट्रियल जांच तेज

**प्रयागराज/चित्रकूट।** जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध विचाराधीन बंदी कल्लू पुत्र नोहर (57 वर्ष), निवासी करछना, प्रयागराज की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में उपचार के दौरान 12 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:55 बजे उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना को लेकर शासन ने मामले की तह तक पहुँचने के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। सूत्रों के अनुसार, बंदी की तबीयत बिगड़ने से लेकर अस्पताल में भर्ती कराने और उपचार के दौरान हुई मृत्यु तक की पूरी टाइमलाइन जांच के दायरे में है। यह भी परखा जाएगा कि बंदी को समय पर चिकित्सीय सुविधा मिली या नहीं, तथा कहीं किसी स्तर पर लापरवाही तो नहीं हुई। जांच के लिए नियुक्त मजिस्ट्रेट ने व्यापक जनसूचना जारी करते हुए कहा है कि– जिस किसी भी व्यक्ति को इस प्रकरण से संबंधित कोई तथ्य, साक्ष्य, जानकारी या बयान प्रस्तुत करना हो, वह 22 दिसंबर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, कर्वी (चित्रकूट) पहुंचकर साक्ष्य एवं बयान दर्ज करवा सकता है।

## डीपीएस स्कूल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और शारीरिक फिटनेस की भावना के साथ वार्षिकोत्सव समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नैनी,प्रयागराज में दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेल समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।जिसमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और शारीरिक फिटनेस की भावना का समावेश रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंकज, डीसीपी प्रयागराज मुख्यालय/प्रोटोकॉल और विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह की उपस्थिति रही। इस समारोह का शुभारंभ सभी भाग लेने वाले सदनों द्वारा एक ऊर्जावान और रोमांचक मार्च पास्ट एवं गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ, जो अनुशासन और गौरव का अद्भुत प्रदर्शन रहा।समारोह का एक प्रेरणादायक क्षण मशाल वाहकों द्वारा लौ जलाना था स्कूल के उत्कृष्ट एथलीट, जिनका नेतृत्व स्कूल के स्पोर्ट्स कैप्टन अभिनव सिंह कर रहे थे।



अतिथि क्षेत्र में उपस्थित गणमान्य सभी उत्साह से भर गए क्योंकि सभी हाउस कैप्टन और हाउस सदस्यों ने खेल भावना और निष्पक्ष खेल के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली। प्रिंसिपल, डॉ. सुजाता सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और खेल एवं अध्ययन को सहगामी बता कर छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर बल दिया।

मुख्य अतिथि श्री पंकज ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की और कहा, 'मैं डी.पी.एस.



प्रयागराज के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और स्कूल प्रबंधन को इतने शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्री-नर्सरी से प्रेप के छात्रों के मज़ेदार गेम्स एवं ताइक्वांडो प्रदर्शन रहा, जिनसे वातावरण में मुस्कान और खुशी का बनी रही। इस कार्यक्रम का समापन, सम्मान समारोह के साथ हुआ, जहाँ कुशल खिलाडियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए गए, एवं उनके योगदान और सफलता को सराहा गया।

### किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने विधुत उपकेन्द्र में किया धरना प्रदर्शन



**नैनी,प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विधुत उपकेन्द्र में अवैध वसूली और भ्रष्टाचार, बिजली बिल मनमानी तरीके से वसूली को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया जिसकी अगुवाई जिला अध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह ने की।यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली विभाग में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, उस भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट हुए हैं।उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। उनका यथोचित निदान किया जाए, बहुत सारे ऐसे उपभोक्ता हैं जिनको पता भी नहीं है कि हमारा मीटर कहां है। हमारा कनेक्शन कहां हुआ है और बिजली का बिल आ रहा है। वो निस्तारण के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।जेई मंगला प्रसाद ने बात सूनी और तत्काल कार्रवाई की।इस धरना प्रदर्शन मे डाक्टर वीके सिंह, कृष्ण राज सिंह, रूबी बानो जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा,मनीष सिंह, राज सिंह, अनिल कुमार शर्मा आदि रहे।

### माघ मेला -2026 की तैयारियों के मद्देनज़र महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने किया झूंसी, प्रयागराज रामबाग एवं प्रयाग जंक्शन स्टेशनों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला -2026 की व्यापक तैयारियों को देखते हुए आज महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ झूंसी, प्रयागराज रामबाग एवं प्रयाग जंक्शन स्टेशनों स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, एस एस चंद्रयान; प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, ब्रिजेन्द्र कुमार; प्रयागराज मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा, नवीन प्रकाश; अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य/ दीपक कुमार एवं लखनऊ मण्डल व वाराणसी मण्डल के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान माघ मेला -2026 अवधि में श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु तैयारियों और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्लेटफ़ॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया में मार्गदर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख स्थानों पर 'दिशा-निर्देश साइनेज' को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही माघ मेले के दौरान लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी दिशाओं में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने



हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार, सूचना प्रसारण तथा उपयुक्त स्थानों पर साइनेज स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयाग जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान प्रयाग जंक्शन के पावर केबिन एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर का विस्तृत निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने पावर केबिन एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर कार्यप्रणाली को बिंदुबार देखा। इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर से रेल प्रशासन और मेला प्रशासन के बीच समन्वय किया जाता है। इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर में संगम क्षेत्र एवं शहर के स्टेशनों से सीधा प्रसारण निरंतर मिलता है। यहाँ से यात्री आश्रय, प्लेटफ़ॉर्म एवं फुट ओवर ब्रिज की भीड़ पर नजर रखी जाती है एवं यात्री उद्घोषणा प्रणाली से आवश्यक सूचना और निर्देश जारी किए जाते है।

## खेत की बात खेत से अभियान का सफल आयोजन मुख्यमंत्री हुए शरीक

**● बिना कृषि विकास के सहकार से समृद्धि नहीं आ सकती ।दिलीप संघाणी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में इफको और सरकार के सौजन्य से खेत की बात खेत से अभियान का आयोजन किया गया जिसमें हजारों किसानों की भीड़ शामिल हुई।इस अभियान में प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ जी भी शामिल होकर किसानों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को इफको के चेयरमैन दिलीप संघाणी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री का सहकार से समृद्धि का नारा तभी सफल हो सकता है जब ग्राम पंचायतें और वहां की सहकारी समितियां एक साथ समन्वय स्थापित करके काम करे और कृषि कार्य में नए तकनीक का प्रयोग करे। श्री संघाणी ने कहा कि कृषि को सहकार से जोड़ना होगा। यहां के पद्मश्री किसान राम चरण वर्मा ने यह कार्य क्रम का आयोजन करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभा करके धन्यवाद के पात्र हैं।उन्होंने कहा कि राम चरण वर्मा प्रदेश सरकार के सहयोग से कृषि क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा जब मैं गुजरात सरकार में कृषि मंत्री था तो एक माह तक पूरे प्रदेश में कृषि मेला का आयोजन करके खाद बीज जमीन की उन्नति के लिए काफी प्रयास किया और काफी सफलता भी मिली थी।

श्री संघाणी ने कहा कि मोदी जी ने एक दिन टीबी पर यूरिया के प्रयोग से नुकसान के बारे में किसानों से यूरिया का प्रयोग कम करने की अपील की।उसको ध्यान में रखते हुए इफको ने तुरंत उसके विकल्प के बारे में अनुसंधान शुरू किया और दो वर्ष के अनुसंधान के बाद नैनो यूरिया का विकल्प खोज निकला।जिसका 11 हजार प्लाट पर सभी मौसम में अलग अलग फसलों सब्जियों फलदार वृक्ष पर सफल प्रयोग करके दिखाया फिर प्रधान मंत्री मोदी ने किसानों के प्रयोग के लिए अनुमति दी।इससे 2लाख करोड़ की सब्सिडी सरकार की बची जो यूरिया पर दी जाती थी तथा स्वास्थ पर्यावरण जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होने से बचाया गया। श्री संघाणी ने कहा कि पंचायत और सहकारिता दो गांव की शक्तियां है।जिनका आपसी सहयोग कृषि की उन्नति के लिए जरूरी है तभी किसान की उन्नति हो सकती है। उन्होंने योगी जी की तारीफ करते हुए कहा कि योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश शांति व्यवस्था स्थापित करने में पूरे देश में अग्रणी साबित हुआ है। आसा है कि की बात खेत से सरकार के अभियान को उनके नेतृत्व में सफलता अवश्य मिलेगी।और मोदी जी का नारा सहकार से समृद्धि तक सफलता प्राप्त करेगा।

## मनुष्य शरीर में सात ऊर्जा चक्रों (सहस्रार चक्र, संधान चेतना का विकास करता है मोक्ष की प्राप्ति में कारक हैं

**● श्रद्धालुओं को मेले के दर्शन तत्व की झलक मेला क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के माध्यम से दिखाने का प्रयास इस वर्ष प्रशासन करेगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आयुर्वेद एवं योग के अनुसार मनुष्य शरीर में सात ऊर्जा चक्र हैं। सातों ऊर्जा चक्रों (सहस्रार चक्र, आज्ञा चक्र, विशुद्धि चक्र, अनाहत चक्र, मणिपुर चक्र, स्वादिष्ठान चक्र एवं मूलाधार चक्र) का संधान चेतना का विकास करता है जो सनातन धर्म के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति में कारक हैं। इन सभी चक्रों का संबंध इंद्रधनुष के सात रंगो से माना गया है। कल्पवास के माध्यम से त्याग, सात्विकता, पवित्रता, ब्रह्मचर्य, नियम, भक्ति, ध्यान और दान का अनुपालन करते हुऐ मोक्ष की प्राप्ति हेतु माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मेले के दर्शन तत्व की झलक मेला क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के माध्यम से दिखाने का प्रयास इस वर्ष प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में मेले के सातों सेक्टरों को सात ऊर्जा चक्रो के रंगो से अलग अलग अलंकृत किया जाएगा। सभी सेक्टरों के रंग के अनुसार उनमें स्वागत द्वार भी बनाए जाएंगे।पॉन्टून पुलों को भी भगवा रंग में रंगा जाएगा तथा उनपर पूर्वस्थित लाइट के खम्बों पर एलईडी में धार्मिक चिन्ह के साथ झंडे भी लगाए जाएंगे। हर सेक्टर की चारदीवारी पर सेक्टर के रंग से संबंधित एक 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी, जिस पर प्रदेश सरकार




एवं माघ मेला का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा, लगाने की भी योजना है। ऐसा करने से आम जनता को सेक्टरों की पहचान करने में आसानी भी होगी एवं मेला क्षेत्र व्यवस्थित दिखेगा।

## भागवत फिल्म में देवाशीष ने अभिनेता अरशदवार्सी और जीतेंद्र कुमार के साथ निभाई कांस्टेबल की भूमिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी के युवा पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बहुप्रतीक्षित और सच्ची घटना पर आधारित फ़िल्म 'भागवत' में देवाशीष ने कांस्टेबल का दमदार किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों और स्थानीय लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। फ़िल्म में बॉलीवुड अभिनेता अरशद वार्शी और ओटीटी के लोकप्रिय कलाकार जितेंद्र कुमार मुख्य भूमिकाओं में नज़र आते हैं। इन्हीं के साथ प्रयागराज के देवाशीष भी लगभग 4-5 महत्वपूर्ण दृश्यों में दिखाई देते हैं, जहाँ उनकी उपस्थिति कहानी की दिशा तय करने वाले अहम मोड़ों से जुड़ी है। उनकी सधी हुई संवाद अदायगी, स्क्रीन उपस्थिति और स्वाभाविक अभिनय ने फिल्म देखने वालों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

देवाशीष श्रीवास्तव, जो पेशे से क्षेत्रीय पत्रकार हैं, इससे पहले भी 'लालबत्ती' वेबसीरीज में स्टूडेंट और 'कोर्ट-कचहरी' सीरीज में वकील की भूमिका निभा चुके हैं। 'भागवत' में उनकी एंट्री ने न सिर्फ उनके अभिनय करियर को नई ऊँचाई दी है बल्कि प्रयागराज के पत्रकारिता जगत में भी गर्व का माहौल पैदा कर दिया है।



**अपनी भूमिका और अनुभव को साझा करते हुए देवाशीष ने कहा–**

''भागवत' मेरे लिए जीवन का एक यादगार पड़ाव है। पत्रकारिता के साथ अभिनय हमेशा मेरा जुनून रहा है। इस फिल्म में कांस्टेबल की भूमिका निभाने का अवसर मिला, तो पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम किया। अरशद वार्शी और जितेंद्र कुमार जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करना बेहद प्रेरणादायक रहा। आगे भी यदि अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी, तो अवश्य काम करूंगा।स्थानीय पत्रकार और युवा कलाकारों में देवाशीष की इस उपलब्धि को लेकर उत्साह है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने उन्हें जमकर बधाइयाँ दी हैं। फ़िल्म की रिलीज़ के बाद प्रयागराज में उनके अभिनय की चर्चा जोरों पर है और लोग गर्व महसूस कर रहे हैं कि क्षेत्र के पत्रकार ने बड़े पर्दे पर अपनी अलग पहचान बनाई है। कुल मिलाकर, सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'भागवत' में देवाशीष श्रीवास्तव की प्रभावी मौजूदगी ने उनके अभिनय सफर को नई दिशा दी है और शहर का नाम रोशन किया है।

## कोडीन कफ सिरप माफिया का राष्ट्रव्यापी खेल उजागर- प्रयागराज बना सबसे बड़ा ठिकाना

**● 10 लाख बोतलों का काला कारोबारी राजफाश, रांची से वाराणसी तक पुलिस की बड़ी कार्रवाई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कोडीन कफ के माफिया कारोबार का अब तक का सबसे बड़ा खुलासा सामने आया है। कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी में प्रयागराज का कनेक्शन बेहद चौंकाने वाला पाया गया है। एयरपोर्ट थाने में दर्ज मुकदमे की जांच में यह खुला कि संगठित गिरोह ने प्रदेश में नशे की सप्लाई का विशाल तंत्र खड़ा कर रखा था। दो फर्मों की आड़ में लाखों बोतलें बेची गई पर कहीं कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। जांच अधिकारियों का कहना है कि यह कोई साधारण दवा व्यापार नहीं बल्कि एक बड़ा नशा माफिया रैकेट है जो कई राज्यों तक फैला हुआ है। जांच में सामने आया कि कोडीन युक्त कफ सिरप की खेप रांची के दुपूदाना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मेसर्स शैली ट्रेडर्स से मंगाई गई और इन्हें गुप्त चैनलों के जरिये प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही सहित कई जिलों में भेजा गया। ट्रकों और छोटे वाहनों का इस्तेमाल किया गया जिनके नंबर कई बार फर्जी मिले। सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि 15 जनवरी से 24 जून के बीच 9,67,724 बोतलें धूमनगंज के लखनपुर स्थित एम.के. हेल्थकेयर को भेजी गई और इस भारी सप्लाई का न तो कोई स्टॉक रजिस्टर मिला, न चालान, न कोई सरकारी दस्तावेज।

प्रारंभिक जांच में यह साफ हो चुका है कि लगभग 10 लाख बोतलों का पूरा कारोबार कागजों में शून्य दिखाई देता है



जबकि जमीन पर करोड़ों की अवैध तस्करी चल रही थी। पुलिस अब सप्लाई चेन में जुड़े फर्म मालिकों, ट्रांसपोर्टरों, एजेंटों और संभावित खरीदारों पर शिकंजा कस रही है। कई लोगों से पूछताछ शुरू हो चुकी है और जल्द बड़ी गिरफ्तारियाँ होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोल विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार का पता क्यों नहीं चला।

## दिल्ली की एक अदालत ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम ज़मानत दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को JNU के पूर्व स्कॉलर और दिल्ली दंगों की साज़िश के आरोपी उमर खालिद को उसकी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम ज़मानत दे दी।एडिशनल सेशंस जज (ASJ) समीर बाजपेयी ने कहा कि खालिद 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक बेल पर रहेंगे।

कोर्ट ने कहा, 'यह देखते हुए कि शादी एप्लीकेंट की सगी बहन की है, एप्लीकेशन को मंज़ूरी दी जाती है और एप्लीकेंट को 16.12.2025 से 29.12.2025 तक 20,000 रुपये के पर्सनल बॉन्ड और उतनी ही रकम के दो श्योरिटी देने पर इन शर्तों के साथ इंटरिम बेल दी जाती है। 'खालिद ने 14 दिसंबर से 29 दिसंबर तक के लिए बेल मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसंबर को होने वाली बताई जा रही है।

खालिद को सितंबर 2020 में अरेस्ट किया गया था और उस पर क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी, दंगा, गैर-कानूनी तरीके से इकट्ठा होने के साथ-साथ अनलॉफुल एक्टिविटीज़ प्रिवेंशन एक्ट (UAPA) के तहत कई दूसरे अपराधों के आरोप लगाए गए थे।

खालिद को इससे पहले दिसंबर 2024 में अपने कज़िन की शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की बेल दी गई थी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 दिसंबर को खालिद और मामले में पांच अन्य आरोपियों द्वारा दायर रेगुलर बेल याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### चौकीदार से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बनी पायल चौधरी, विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**केरेडारी, हजारीबाग, झारखंडः-** केरेडारी प्रखंड के सलगा गांव निवासी प्रेमचंद महतो की पुत्री पायल चौधरी ने चौकीदार पद से आगे बढ़ते हुए सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयन हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर गांव से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक सम्मान समारोहों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय सलगा में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुखदेव यादव व संचालन सहायक शिक्षक प्रेमनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा निवृत्त शिक्षक रामप्रकाश महतो ने कहा कि पायल बचपन से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उनकी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। शिक्षाविद् विवेक कुमार पांडे ने कहा कि पायल चौधरी की उपलब्धि से पूरे केरेडारी प्रखंड की प्रतिष्ठा बढ़ी है। पूर्व प्रधानाध्यापक भृगुनंदन पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि वे पायल को शुरुआत से पढ़ाते रहे हैं और उसकी लगन हमेशा मिसाल रही है। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद कुमार राम ने कहा कि पायल की सफलता से पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक बालकृष्ण महतो, खिरोधर प्रजापति, कृष्ण कुमार महतो, उर्मिला देवी, यशोदा देवी, सीमा कुमारी, तकनीकी शिक्षक मुकेश कुमार, संयोजिका अनीता कुमारी, निमिया देवी और लक्ष्मी देवी ने भी पायल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह में स्कूली बच्चों सहित गांव के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पायल चौधरी को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### जितजोरी पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न



**हथियारा टीम ने 8 विकेट से मेझलाडीह को हराकर जीती आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी**

**देवघर, झारखंडः-** देवीपुर प्रखंड के जितजोरी पंचायत अंतर्गत मेझलाडीह मैदान में देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी - पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन गुरुवार को हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य (भईया जी) ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति के सदस्यों सचिन कुमार दास एवं सागर कुमार सिंह ने माला एवं बुके देकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में आदर्श लक्ष्य ने कहा कि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को एक बड़े मंच से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि देवघर जिले के सभी 196 पंचायतों में सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। पंचायत स्तर से चयनित खिलाड़ी प्रखंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचेंगे, जिसके बाद श्रेष्ठ खिलाड़ियों को अप्रैल में भूटान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें शामिल हुई – बलथर, शंकरपुर, रामपुर, हथियारा, मेझलाडीह, गिद्धदिया, युवा 11 और हथियारा-2। पहले चरण में बलथर, रामपुर, मेझलाडीह और हथियारा ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबलों में मेझलाडीह ने बलथर को और हथियारा ने रामपुर को हराया। फाइनल मुकाबला मेझलाडीह बनाम हथियारा के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़े संघर्ष के बाद हथियारा टीम ने मेझलाडीह को 8 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता हथियारा टीम को मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य एवं आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। उपविजेता मेझलाडीह टीम को भी मेडल और सम्मान पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में आदर्श लक्ष्य ने सभी खिलाड़ियों, ग्रामीणों, दर्शकों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ भविष्य में और भी बड़े स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा, ताकि ग्रामीण युवाओं को बेहतर मंच मिल सके।

# हजारीबाग में अपराध गोष्ठी हुई आयोजित, एसपी ने थानेदारों को दिए सख्त निर्देश

**● लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और अवैध खनन पर कार्रवाई को लेकर जोर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग की अध्यक्षता में आज एक विस्तृत अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एसपी ने अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। बैठक में सबसे पहले महिला प्रताड़ना, घरेलू हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों पर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी संवेदनशील मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और 60 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादन पूरा कर लिया जाए। एसपी ने यह भी कहा कि जिले में चोरी, लूट, छिनतई और गृहभेदन से संबंधित जिन मामलों में आरोपी फरार चल रहे हैं, उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को यह भी आदेश दिया कि वर्ष 2025 के पूर्व लंबित सभी मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाए ताकि न्याय प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। सभी थानों में लंबित जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार, कुर्की-जप्ती की कार्रवाई को लेकर एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसे मामलों का निपटारा जरूरी है। बैठक में सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा मानकों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा। नशाखोरी के पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वाले गिरोहों पर कार्रवाई को लेकर एसपी ने सख्त रुख अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में नशा फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही अनिवार्य है। इसके अलावा जिले में सक्रिय संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ छ्ष्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। हजारीबाग जिले में अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश देते हुए एसपी ने संबंधित अंचल अधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई चलाने का आदेश दिया। साइबर अपराध को लेकर एसपी ने खास जोर देते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें और इसमें शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।।अंत में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके मामलों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्राथमिक दायित्व जनता की सुरक्षा और सेवा है, इसलिए प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निपटाया जाए। इस अपराध गोष्ठी के माध्यम से जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

# हजारीबाग के अर्बन हाट में राष्ट्रीय स्तर का गांधी शिल्प बाज़ार शुरू, कारीगरों की कला ने बिखेरी छटा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** नेशनल हैंडीक्राफ्ट्स वीक 2025 के अवसर पर हजारीबाग का अर्बन हाट, होमगार्ड चौक मंगलवार की दोपहर रंग-बिरंगे हस्तशिल्पों से जगमगा उठा, जब सात दिवसीय गांधी शिल्प बाज़ार का विधिवत शुभारंभ किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय तथा विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी-सह-बिक्री मेले का संचालन जन ज्योति एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट, रामगढ़ द्वारा किया जा रहा है, जिसने पूरे परिसर को एक जीवंत सांस्कृतिक वातावरण में बदल दिया है। शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक हैंडिक्राफ्ट्स, भारत सरकार रांची के पुष्प राजन तथा संभर्द्धन अधिकारी, हस्तलिपि, भारत सरकार, रांची के रोमित रॉय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में जन ज्योति ट्रस्ट के सचिव शशहरिभूषण कर्ण ने स्वागत भाषण देते हुए मेले की रूपरेखा, उद्देश्य और कारीगरों के सशक्तीकरण में ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि आनंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 'भारत की असली पहचान उसके हस्तशिल्पों में बसती है। ऐसे मेले कारीगरों को न सिर्फ बाज़ार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी-दर-पीढ़ी समृद्ध रखने का माध्यम भी बनते हैं।' वहीं विशिष्ट अतिथि पुष्प राजन ने बताया कि विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय लगातार कारीगरों के प्रशिक्षण, विपणन और राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने की दिशा में कई योजनाओं पर कार्यरत है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित हो सके। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों ने वस्त्र, लकड़ी, धातु, बाँस-बांसुरी, जूट, टेराकोटा, पारंपरिक पेंटिंग, गृह सज्जा एवं आधुनिक डिज़ाइनों के दर्जनों प्रकार के शिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। स्थानीय लोगों में इन शिल्पों को लेकर काफी उत्साह देखा गया। खरीदारी करने पहुंचे शहरवासी कारीगरों से सीधे संवाद कर उनके काम और परंपराओं के बारे में जानकारी भी ले रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने इस बात पर खुशी जताई कि एक ही स्थान पर देश की विविध कला शैलियों का सजीव संगम देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह मेला 10 दिसंबर से 16 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात 7:30 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। हजारीबाग समेत आसपास के जिलों के कला प्रेमियों से अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में पहुँचकर देशभर के कारीगरों को प्रोत्साहित करें और भारतीय कला-परंपरा को संबल प्रदान करें।

# शौचालयों के निम्न स्तरीय निर्माण से महिलाएँ वंचित, सरकारी शौचालयों का नहीं हो रहा उपयोग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ जिले के जनजातीय बहुल प्रखंड पाकुड़िया में आवास, राशन, उज्ज्वला, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन, मुख्यमंत्री मईया सम्मान, पशुपालन एवं स्वास्थ्य जैसी अनेक योजनाओं का लाभ तो ग्रामीणों को मिल रहा है, लेकिन महिलाओं के लिए सबसे आवश्यक सुविधा–शौचालय–आज भी प्रभावी उपयोग से वंचित है। सूत्रों के अनुसार जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा वर्षों पूर्व प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में शौचालयों का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण में भारी अनियमितताएँ सामने आई–कहीं किवाड़ नहीं लगे, कहीं पाइपलाइन अधूरी रही, कहीं छत अधूरी छोड़ दी गई और कहीं पानी संग्रहण तथा मल-विसर्जन की उचित व्यवस्था ही नहीं की गई। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं होने के कारण अधिकांश शौचालय उपयोग के लायक ही नहीं रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि इन शौचालयों की मजबूती इतनी कमजोर है कि लोग इन्हें उपयोग करने के बजाय उपले, जलावन की लकड़ी आदि रखने के लिए इस्तेमाल करते हैं। महिलाओं का कहना है कि जब शौचालयों में दरवाजे, लीवर और सुरक्षा जैसी मूल सुविधाएँ नहीं होंगी, तो वे इनका उपयोग कैसे करेंगी? मजबूरीवश उन्हें आज भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है, जो सुरक्षा और स्वास्थ्य–दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है। एक ओर सरकार महिला सशक्तीकरण पर बड़ी राशि खर्च कर रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठा रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के निम्नस्तरीय निर्माण ने सरकारी मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण महिलाएँ उम्मीद जता रही हैं कि प्रशासन जल्द वास्तविक सर्वे कराए और इन शौचालयों को उपयोग योग्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

## महुडंड पंचायत के मध्य विद्यालयों में चार नए सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति बदहाल शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जगी नई उम्मीद

**● लोहबंधा के ग्रामीणों ने मुखिया मीना देवी व एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता के प्रति जताया आभार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंडः-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत के दो उत्क्रमित मध्य विद्यालयों – लोहबंधा और प्रतापपुर – में लंबे समय से लंबित सरकारी शिक्षकों की पदस्थापना आखिरकार कर दी गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू द्वारा दोनों विद्यालयों में दो-दो सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति की गई है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में जयशंकर सिंह और कपिलदेव सिंह, जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापपुर में मो. फरीद एवं रमेश पाल को सहायक आचार्य के रूप में पदस्थापित किया गया है। विदित हो कि महुडंड पंचायत की मुखिया मीना देवी तथा लोहबंधा गांव के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से सरकारी शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन भी दिया था। शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की सूचना मिलते ही लोहबंधा गांव के ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण है। ग्रामीणों ने मुखिया मीना देवी सहित हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मो. याकूब, तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा को आभार प्रकट किया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि शिक्षकों की बहाली से अब पंचायत की शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

# बरही सीएलएफ परीक्षा में अनियमितता के आरोप तेज, दोबारा पारदर्शी परीक्षा कराने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही सामुदायिक स्तर संघ (सीएलएफ) के बीओडी सदस्यों ने मैनेजर एवं एमआईएस पदों के लिए 29 नवंबर को आयोजित परीक्षा में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द कर दोबारा पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। शुक्रवार को बीडीओ को सौंपे गए आवेदन में सदस्यों ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र निर्धारित समय से 20 मिनट देर से मिला, जबकि कुछ परीक्षार्थियों को समय से पहले ही प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिया गया था। इतना ही नहीं, प्रश्नपत्रों की संख्या कम पड़ने पर एक बीओडी सदस्य को फोटोकॉपी कराने भेजा गया, जो करीब 20 मिनट बाद लौटा। उसके बाद ही बाकी परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए। परीक्षार्थियों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया से परीक्षा की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान एक बीओडी मेंबर एक परीक्षार्थी की सहायता करती देखी गई, जिससे परीक्षार्थियों में रोष फैल गया। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बरही बीडीओ से करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इधर, कुछ सदस्यों ने अलग आवेदन देकर बरही सीएलएफ अध्यक्ष को बदलने की मांग की। वहीं एक अन्य समूह ने वर्तमान बीपीएम केदार प्रजापति के ट्रांसफर का विरोध करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और उनका व्यवहार संतोषजनक है, इसलिए उनका स्थानांतरण नहीं होना चाहिए। बरही पूर्वी कलेक्टर क्षेत्र में कुल 450 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, प्रत्येक में 10 सदस्य हैं। इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद केवल 5 लोगों को ही परीक्षा में शामिल किया गया, जिससे चयन प्रक्रिया पर और अधिक संदेह गहरा गया है। प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक ने भी परीक्षार्थियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि परीक्षा दोबारा कराई जाए और यह बरही बीडीओ की प्रत्यक्ष निगरानी में संपन्न हो ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। वहीं, बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोनों आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में दीदियां मौजूद थीं। उपस्थित महिलाओं में विनीता देवी, प्रियंका कुमारी, पायल कुमारी, आरती देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, अंगिरा देवी, ममता देवी, किरण देवी, बबीता देवी, राखी कुमारी, ललिता देवी, नेहा देवी, सिद्धिका खातून, पायल कुमारी, प्रभा देवी, मंजू देवी, सीता देवी, रेणु देवी, राधा देवी, गायत्री देवी, कवित्री देवी, लीलावती देवी, अजमेरी खातून, पार्वती देवी, प्रीति शर्मा, रीता देवी, सरिता देवी सहित कई अन्य शामिल थीं।

# उपायुक्त के जनता दरबार में आमजनों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्यालय में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के संबंध में,रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी आवेदन सामने आई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देशः** कटकमसांडी के लुपुंग गांव के ग्रामीणों ने लुपुंग मुख्य मार्ग से रनवागढ़ा तक सड़क निर्माण कराने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने सीओ/बीडीओ से इस संबंध में रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया तथा जिला योजना पदाधिकारी को सीओ/बीडीओ से फॉलोअप करने का निर्देश दिया। राजकीय मध्य विद्यालय,पेटो (केरेडारी) के प्रधानाध्यापक रामेश्वर राम ने एनटीपीसी के सीएसआर मद से रा. म. वि, पेटो मे शौचालय, भवन एवं आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य कराने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने डीपीओ को इन बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट समर्पित कर अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। छात्रवृत्ति में मिलने वाले साइकिल में सहायक शिक्षक द्वारा पैसे लेने के संबंध में विद्यार्थियों ने उपायुक्त को आवेदन दिया। उपायुक्त ने तत्काल इस पर डीईओ/डीएसई को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। चौपारण निवासी सकलदेव ठाकुर ने डीसी न्यायालय में चल रहे केस के निर्णय में हो रही परेशानियों को लेकर आवेदन के माध्यम से गुहार लगाई,इस पर उपायुक्त ने पेशकार को फाइल पुटअप करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

# बरही पुलिस प्रशासन एवं बरही के समस्त प्रबुद्धजनों की संयुक्त पहल पर नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड में नशाखोरी, ब्राउन शुगर तथा अन्य मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या पर रोक लगाने के उद्देश्य से बरही पुलिस प्रशासन एवं क्षेत्र के समस्त प्रबुद्धजनों की संयुक्त पहल पर एक व्यापक नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत 14 दिसंबर 2025 को बरही चौक, गोलंबर में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। अभियान से जुड़ी प्रचार रथ (इ-रिक्शा) के माध्यम से पूरे नगर में जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। वाहन पर लगे पोस्टरों के जरिए यह अपील की जा रही है कि ब्राउन शुगर एवं मादक पदार्थों की बिक्री तथा सेवन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी, तथा समाज के हर वर्ग से इस नेक पहल में आगे आने की अपेक्षा की जा रही है। अभियान में यह संदेश प्रमुखता से प्रसारित किया जा रहा है कि जीवन है अनमोल, इसे व्यर्थ न गवाएं… नशा छोड़ें, खुशहाल जीवन से रिश्ता जोड़ें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकना, परिवारों को नशे के दुष्परिणामों से सचेत करना तथा समाज को एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के संचालक मंडल की ओर से बताया गया कि इस दिन बड़े पैमाने पर जनसभा आयोजित होगी, जिसमें नशा मुक्ति से संबंधित सुझाव, समस्याएँ और समाधान पर चर्चा की जाएगी। बरही के स्थानीय बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् तथा पुलिस-प्रशासन मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। उनका कहना है कि नशा सिर्फ व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का नुकसान करता है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाए। अभियान से जुड़े लोगों ने अपील की है कि आओ, नशे पर लगे प्रहार न करेंगे, न करने देंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सके।

# बोकारो में सड़क सुरक्षा को लेकर ओएनजीसी की बड़ी पहल, यातायात पुलिस को 31 बर्केटिंग किये गए हस्तांतरित

**● जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने की सराहना**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बोकारो, झारखंडः-** जिला प्रशासन बोकारो की पहल पर शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति, बोकारो की ओर से बोकारो यातायात पुलिस को 31 बर्केटिंग औपचारिक रूप से हस्तांतरित किए गए। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम हजारीबाग के हस्तशिल्प विकास संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। हस्तांतरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा थे। उन्होंने ओएनजीसी की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में यह सहयोग अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार की सामग्री उपलब्ध होने से यातायात पुलिस की क्षमता और जागरूकता अभियान और प्रभावी होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति प्रबंधक त्रुन्निकृष्णन नायर, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुती मिंज, यातायात डीएसपी विद्याशंकर, सीजीएम बिपिन कुमार, सीजीएम आलोक दास, ओएनजीसी की सीएसआर टीम के दयानंद कालुंडिया, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन आर.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं समन्वयक सीएसआर डॉली कुमारी, प्रभारी सुरक्षा विष्णु पाण्डेय, अजय कुमार दास और वरिष्ठ राज्य भाषा पदाधिकारी सह एफसीआर सीएसआर शशि कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग के सचिव नरेश ठाकुर ने किया। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष श्री संजय गोप, निशिकांत सिंह, सुरेन्द्र कुमार सहित यातायात पुलिस के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। ओएनजीसी द्वारा प्रदान किए गए ये 31 बर्केटिंग सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों को गति देने, ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारू बनाने और जनता में सड़क नियमों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आवागमन को अस्थाई मार्ग निर्माण की मांग



**आम आदमी पार्टी ने डीएम को भेजा ज्ञापन**

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि नगर के मध्य निकली शहजाद नदी के पुल का निर्माण होना है, जिस कारण पुल पर आम आदमी का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और अप्रोच रोड निर्माण नहीं किया गया है जिससे छात्रों मजदूर किसानों और आम जनमानस को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि तत्काल एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाए। साथ ही स्वशासी मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि जनपद में सभी कार्यरत चिकित्सकों के शैक्षिक प्रमाणों का सत्यापन कर कर एक बार कोर्ट जनरेट कराया जाए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को डॉक्टरों की शैक्षिक योगदान मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। सभी संपर्क मार्गो पर व्याप्त अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश झा, बुद्धसिंह बुंदेला, मीना राजा, प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., अजयसिंह एड., अनुराग सिंह, संजय दीक्षित, जितेंद्र सिंह, शशिकांत सिंह, दीपक सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर डीडी कृषि विभाग को दिया ज्ञापन



**शीघ्र पहुंचेगी बीमा राशि- यशराज सिंह**

**ललितपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने जनपद ललितपुर के किसानों की विभिन्न समस्याएं को लेकर यशराज सिंह उप कृषि प्रसार अधिकारी ललितपुर को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में खरीफ की फसल का बीमा शासन से स्वीकृत है।जिनमें कुछ गांव में बीमा की राशि किसान क्रेडिट कार्ड में पहुंच गई है ।लेकिन ग्राम तेरा के किसानों की बीमा राशि अभी तक नहीं पहुंची है।जो अति शीघ्र दिलाई जाए।पिछले वर्ष भी कुछ चुनिंदा लोगों को बीमा राशि दी गई थी जिसकी जांच कराकर सभी किसानों को बीमा राशि दिलाई जाए।खरीफ की फसल के लिए शत प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज दिया गया था।लेकिन अभी तक उक्त मक्का की अनुदान राशि खातों में नहीं भेजी गई थी इसलिए अनुदान राशि भिजवाई जाए ललितपुर में यूरिया बहुत महंगे दामों पर बेची जा रही हैं।अतः सरकारी रेट पर यूरिया का वितरण कराया जाय।उक्त समस्याओं को कृषि अधिकारी ने गंभीरता से लिया।एवं निस्तारण का आश्वासन दिया।ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़,भगवत सिंह बैंस,बॉबी राजा,सुरेन्द्र सिंह,हरिओम राजपूत,रघुवीर सिंह यादव,रामस्वरूप,मनोज,पुरुषोत्तम विरोरा आदि उपस्थित थे।

### विगाखेत टोल प्लाज़ा पर निःशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

**ललितपुर ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विगाखेत टोल प्लाजा पर झाँसी विगाखेत टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं क्यूब रूट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर का समापन किया गया। इस शिविर में 638 ओपीडी देखे गए और सड़क उपयोगकर्ताओं, ट्रक चालकों की आँखों की जांच की गई।

जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चालकों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। परियोजना प्रमुख श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ट्रक एवं वाहन चालकों की नियमित नेत्र जांच कराना है, ताकि नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो।

परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार ने जानकारी दी कि शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी आँखों की जाँच कराई। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक एवं मेडिकल टीम - सुनील कुमार पाल, डॉ. विशाल यादव, अमित मौर्य, आर्यन मौर्य तथा समस्त टोल स्टाफ उपस्थित रहे।

## शहजाद नदी के नये पुल निर्माण का कार्य शुरू

**●ब्रिटिश समय का पुल अचानक बंद किये जाने से मुश्किलें बढ़ीं**

**पूर्व नपाध्यक्ष ने डीएम के नाम फेसबुक पर शेयर किया पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** हाई-वे से शहर को जोडने वाला एकमात्र पुल को ध्वस्त कर नये पुल निर्माण के लिए स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। इस पुल के बंद होने से शहर में लोगों का आवागमन ठप हो गया है। नये पुल निर्माण के पूर्व लोगों को आवागमन के लिए कोई अस्थाई पुल निर्माण नहीं किये जाने से लोगों की परेशानियां काफी बढ़ गयी हैं। इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक पत्र सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर शेयर करते हुये होने वाली तमाम समस्याओं का जिक्र करते हुये विकराल होने वाली इस समस्या का स्थाई




समाधान निकाले जाने की मांग उठायी है।

डीएम को संबोधित पत्र में पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने बताया कि वह स्वयं एम्ब्रोसिया कालोनी में निवासरत हैं, जहां आने-जाने के लिए शहजाद नदी पुल ही एक मात्र मार्ग है। उन्होंने शहर ललितपुर में शहजाद नदी पर स्थित एकमात्र पुल की ओर डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बताया कि ब्रिटिश जमाने से शहजाद नदी पर बना पुल जो नदी पार करने का मुख्य माध्यम था। हाल ही में इस पुल को नए पुल के निर्माण के लिए बंद कर दिया गया है, जो एक सराहनीय कदम है। किंतु समस्या यह है कि पुल बंद करने के साथ-साथ कोई वैकल्पिक सर्विस रोड या अस्थाई मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे दैनिक यातायात एवं विशेष रूप से स्कूली बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि नदी के इस पार लगभग 8 से 10 छोटे-बड़े स्कूल स्थित हैं, जहां 100 से अधिक स्कूल बसें संचालित है एवं अन्य वाहन प्रतिदिन संचालित होते हैं। पुल बंद होने से बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी हो रही है, जो उनकी शिक्षा एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। साथ ही, सामान्य यातायात में भी जाम एवं असुविधा बढ़ गई है, जिससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों एवं आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी हो रही है। हाल के समाचारों से पता चलता है कि पुल निर्माण की मांग लंबे समय से थी, विशेषकर बाढ़ के मौसम में, लेकिन वर्तमान स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की कमी एक बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस समस्या के तत्काल समाधान किये जाने की ओर ठोस कदम उठाये जाने की मांग की है। मांग करते हुये उन्होंने पुल निर्माण के दौरान एक अस्थायी सर्विस रोड या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किये जाने, स्कूली बसों एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष ट्रैफिक प्रबंधन एवं पुलिस सहायता उपलब्ध कराये जाने, निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने, ताकि स्थायी समाधान जल्द हो सके।

## प्रदेशीय आह्वान पर ग्रापए ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**●विधायकों के जरिए सीएम को ग्रापए ने भेजा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह बनाफर के नेतृत्व में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. के जरिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पूरे प्रदेश के 403 विधायकों पत्रकारों की समस्याओं को लेकर अलग अलग विधानसभाओं में ज्ञापन सौंपे गए। जिलाध्यक्ष सम्राट राजा ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों का प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है। संगठन का पंजीकरण संख्या 1153/86 है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. की शाखा उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों व 551 तहसीलों में गठित होकर सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे इन पत्रकारों को सरकार व संस्थान की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे ये पत्रकार अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। मांगों को लेकर बताया कि तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र को संशोधित करते हुए सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं के मान्यता प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत किये जाने, पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठके कराई जाय और मण्डल मुख्यालय पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाय और उसमे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किये जाने, ग्रामीण पत्रकारों को स्वास्थ




सुविधा से आच्छादित करने के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाय और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क सुविधा प्रदान किये जाने, प्रदेश स्तर पर गठित पत्रकार मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के 02 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किये जाने, लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय हेतु दारुलशफा में निःशुल्क भवन उपलब्ध कराये जाने, ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं का अध्ययन व समाधान करने हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाने, पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन करते समय परिस्थितियों वश होने वाले विवाद के प्रकरण में पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज कराने से पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने का आदेश निर्गत किये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान जिला संरक्षक आनंद गुप्ता, जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक अनौरा, सनमान सिंह तोमर, जिला महामंत्री रामेश्वर पाल, तुलसीराम अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष अमित कालरा, जिला मंत्री राजेन्द्र गोस्वामी, सुरेन्द्र रजक करमरा, जयहिंद राजा पाचौनी, जिला संगठन मंत्री दीपेश राय, जिला मीडिया प्रभारी सोहिब खान, ललितपुर तहसील अध्यक्ष विवेक जैन, मड़ावरा तहसील अध्यक्ष विजय सेंगर, अभय राजा, लक्ष्मी नारायण ताम्रकार, अमिर खान, राजाराम, महेंद्र राजा सिंह, महेंद्र बुंदेला, धर्मेन्द्र राजा, आशीष चौरसिया, राजेश राजौरिया, हरगोविंद अंडेला, इंद्रपाल सिंह, अक्षय शर्मा, अनिल जैन, मानवेन्द्र किसरदा, परमात्मा राजपूत, मनोज सिंह तोमर, अंकित गुप्ता, केहर रैकवार, भरत किंकर, सरदार रमन सिंह, अटल बिहारी, मानवेन्द्र राजावत, विक्रांत मोदी, लवकुश तिवारी, शंकर लाल छिल्ला, माखन कुशवाहा, अमित गुप्ता, दशरथ कुशवाहा, राजपाल यादव, इमरान खान, जाकिर मंसूरी, रोहित सोनी, संजय यादव, अंचल साहू, संतोष पाल, अखिलेश साहू, रवि नामदेव, अरविंद कुशवाहा, राजवीर जाट, नवीन नायक, जितेंद्र पाल, लखनलाल, सोनू सोनी, सुमित अवस्थी, शिवकुमार त्रिपाठी, अखिलेश साहू, रवि त्रिपाठी, राजेश गंधर्व, संजय सिंह, रामकुमार भास्कर, अभिषेक सिंह, आशीष कुमार, मनोज प्रजापति, विपिन रेजा, कृष्ण प्रताप बुंदेला, ब्रजेश साहू, देवदत्त पाठक, जीतू सिसौदिया, हरनाम सिंह तोमर, कमलेश चौधरी आदि क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

**विधायक निधि से बनेगा नया पत्रकार भवन**

धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने घोषणा की कि एक नया पत्रकार भवन विधायक निधि से बनवाया जाएगा। घोषणा का पत्रकारों ने स्वागत किया।

**महरौनी में बनेगा पत्रकार भवन**

पत्रकारों ने राज्यमंत्री से मांग की कि महरौनी में पत्रकार भवन बनवाया जाए। जिस पर राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि पत्रकार भवन बनवाने के लिए यथोचित सहयोग किया जाएगा।

## सर्दी में गौवंशों को न हो कोई परेशानी

**●तरपाल, अलाव, काऊकोट सहित सभी व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त : डीएम**

**शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कारीपहाड़ी गौशाला की देखी व्यवस्थाएं**

**अधिकारियों को समय-समय पर गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने के दिये निर्देश**

**पंचायत में बने बायोगैस प्लांट, सर्वर रुम और आटा चक्की का भी किया निरीक्षण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को विकास खण्ड जखौरा स्थित गौवंश आश्रय स्थल कारी पहाड़ी का औचक निरीक्षण कर गौशाला के संचालन, प्रबंधन व गौवंशों के रखरखाव का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें गौशाला में भोजन, पानी सहित गौवंशों के रखरखाव की व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गई। साथ ही बायोगैस संयत्र व उससे संचालित आटा चक्की को भी देखा। डीएम ने निर्देश दिये कि शीतलहर की स्थिति में सभी गौशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए, स्थानीय प्रशासन व ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार




व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। बीमार गौवंशों को अन्य गौवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठण्ड से बचाव हेतु पर्याप्त तरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गौशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। गौवंश आश्रय स्थल में साफ-सफाई, गौवंशों को भोजन, पीने के लिये पानी व रखरखाव की व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। बीमार पशुओं एवं छोटे बछड़ों लिए अलग अलग शेड बने हैं। आकस्मिक समय के लिए भी गौशाला में भूसा, चूनी, साइलेज आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, मौके पर गौवशों को भूसा, चूनी एवं साइलेज मिलाकर खिलाया जा रहा था, साथ ही गौवंश आश्रय स्थल में समस्त श्रमिक/गौसेवक उपस्थित पाये गये। खण्ड विकास अधिकारी जखौरा ने बताया कि गौवंश आश्रय स्थल में कुल 519 गौवंश जिसमें 210 नर एंव 309 मादा हैं, जिनमें 33 बछड़े भी शामिल हैं, इनमें से 492 गौवंशों की टैगिंग व 181 गौवंशो का बधियाकण हो चुका है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2023-24 में 68 गौवंशों को सहभागिता योजनान्तर्गत गौपालों को दिया गया है। इसके अलावा 05 गौवंश बीमार हैं, जिन्हें अलग रखकर उनका उपचार किया जा रहा है। गौशाला में नैपियर घास भी लगी है। उन्होंने बताया कि यहां पर 10 पशु शेड, 01 गोदाम, 14 भूसा चरही, 05 पानी चरही बनी हैं, साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत 08 सीसीटीवी कैमरे व 04 माईक लगे हैं। गौशाला में गौवंशों के लिए 174.73 कु0 भूसा, 80 कु0 साइलेज व 23.87 कि0ग्रा0 चूनी उपलब्ध है, जिसमें से 25.95 कु0 भूसा, 15.57 कु0 साइलेज व 6.64 कि0ग्रा0 चूनी एवं की प्रतिदिन की खपत होती है। गौशाला में दिन एवं रात्रि में श्रमिक और गौपालक उपस्थित रहते हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी ने पंचायत में बने बायोगैस प्लांट, सर्वर रुम और आटा चक्की का भी निरीक्षण किया। बताया गया कि यह गोबर गैस प्लाण्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत गोबरधन परियोजना के तहत 39.90 लाख की लागत से वर्ष 2022-23 में बनाया गया था, वर्तमान में इससे गांव के 13 परिवारों को कनेक्शन दिये गए हैं, साथ ही इससे आटा चक्की भी संचालित है, जिस पर जिलाधिकारी ने इस अभिनव प्रयास की प्रसंशा की और इस मॉडल को हर ग्राम पंचायत में लागू करने को कहा। उन्होंने सर्वर रुम में जाकर गांव के सीसीटीसी कैमरों का अवलोकन किया और इसकी गांव में सीसीटीवी बढ़ाने के निर्देश दियें।

### साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर एसपी ने ली सलामी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जमीन बेचने के नाम पर सात लाख रुपये हड़पने का आरोप

**●डायल 112 में तैनात होमगार्ड, उसके पुत्र, दामाद व पुत्री पर एफआईआर दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस महकमे के डायल 112 में तैनात होमगार्ड पर जमीन बेचने का झांसा देकर महिला से आरटीजीएस और चैक के जरिए लिये गये सात लाख रुपये हड़प लेने और गुमराह करते हुये गालियां देने, धमकाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने होमगार्ड, उसके पुत्र, पुत्री व दामाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी शिवानी कौशिक पत्नी अवधेश कौशिक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि ललितपुर में डायल 112 में तैनात होमगार्ड रामसहाय रिछारिया पुत्र स्व.धरनीधर रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश रिछारिया को उसने 7 लाख रुपये आरटीजीएस व चैक के माध्यम से दिये हैं। आरोप है कि थाना बार के ग्राम कठवर में दो एकड़ जमीन उसे बेचने की बात कहते हुये रजिस्ट्री करने का कहकर उसने होमगार्ड के एक्सिस बैंक के खाते में सात लाख रुपये दिये हैं। बताया कि रुपये लेने के बाद होमगार्ड उसे विश्वास व भरोसे में रखकर घुमाता रहा, जब उसने बार-बार कहा तो 29 सितम्बर को रजिस्ट्री करने की बात कही गयी। जब उसने बोला तो होमगार्ड ने रिश्तेदारी में मृत्यु होने की बात कहते हुये बात टालते हुये बाद में रजिस्ट्री करने की बात कही। 8 अक्टूबर को जब उसने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया को व उसके पुत्र दुर्गेश को फोन किया तो उन्होंने फोन बंद कर कहीं भाग गये और ड्यूटी भी नहीं आ रहा है। महिला जानकारी करते हुये जब ललितपुर में बाबू जगजीवन छात्रावास रिशाला मंदिर के पीछे वर्णी कॉलेज के पास पहुंची तो पता चला कि शालिक राम व प्रदीप पुरोहित के मकान में रामसहाय रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश, पुत्री सपना व दामाद विक्कू शुक्ला किराये से रहते हैं। जब महिला उनके कमरे पर पहुंची तो वहां पुत्र दुर्गेश रिछारिया व दामाद विक्कू शुक्ला मिले और उन्होंने रुपये की बात कही तो आरोप है कि उक्त लोगों ने बत्तमीजी करते हुये उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और धक्का देकर बाहर निकाल दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे मारकर फेंक देने की बात कहते हुये रुपये हड़प जाने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया, पुत्र दुर्गेश रिछारिया, दामाद विक्कू शुक्ला व पुत्री सपना के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जीजा की डिग्री में कूटरचना कर साला बना कार्डियोलॉजिस्ट, गिरफ्तार

**●जांच के बाद कूटरचित पाये गये दस्तावेज, एफआईआर दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में फर्जी दस्तावेज बनाकर महत्वपूर्ण हृदयरोग व कैंसर जैसे विभागों में सेवाएं दे रहे चिकित्सक के खिलाफ डिप्टी सीएमओ ने एफआईआर दर्ज करायी है। प्रकरण की जांच के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी मेडीकल कॉलेज प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच की गयी, जिसमें संविदा नौकरी के लिए आरोपित द्वारा दिये गये दस्तावेजों का मिलान किया गया, जो कि कथित तौर पर कूटरचित पाये गये। इस प्रकरण में डिप्टी सीएमओ डा.आर.एन.सोनी ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि यू.एस.ए. के टेक्सास 76513 बेलटन में रहने वाली डा.सोनाली सिंह ने मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को अवगत कराया कि उनके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह द्वारा उनके पति डा.राजीव कुमार गुप्ता की पहचान एवं उनकी एमबीबीएस व एमडी की डिग्री चुराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में



नौकरी कर रहे हैं। मामला प्रकाश में आते ही अधिकारियों के भी होश फाख्ता हो गये। मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच के लिए समिति गठित की। जांच के दौरान पाया गया कि अभिनव सिंह ने अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस एवं एमडी की डिग्री को कूटरचना कर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग में लायी गयी और मेडीकल कॉलेज में कूटरचित एम.बी.बी.एस. व एम.डी. की डिग्री, आधार कार्ड लगाकर संविदा पर सीसीयू एण्ड कैंसर केयर यूनिट में विशेषज्ञ (कॉर्डियोलॉजिस्ट एण्ड जनरल मेडिसिन) पद पर नौकरी प्राप्त कर अनैतिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उक्त अभिनव सिंह द्वारा कई दस्तावेजों की कूटरचना की गयी है। इसके द्वारा हृदय रोग जैसे विशेषज्ञ कार्य को कोई डिग्री न होने व अनुभवहीन होने के बावजूद कई मरीजों के जीवन के साथ जानबूझकर खिलबाड़ किया गया है। इनके द्वारा डा.राजीव गुप्ता का क्षदम प्रतिरूपण किया गया। उप सीएमओ डा.आर.एन.सोनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अभिनव सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 319 (2), 318 (4), 338, 336 (3), 336 (4), 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**फर्जी डाक्टर हुआ गिरफ्तार**

एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले अपने बहनोई की एमबीबीएस व एमडी की डिग्रियों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडीसन विभाग में डाक्टर बनकर भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे अभिनव सिंह को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभिनव सिंह के पास से डीएमसी सर्टिफिकेट 01 वर्क, म.प्र.आयुर्विज्ञान परिषद से सम्बन्धित प्रपत्र 01 वर्क, आधार कार्ड राजीव गुप्ता छायाप्रति 01 वर्क, ई-आधार की छायाप्रति 01 वर्क, निर्वाचन प्रमाण पत्र की छायाप्रति-01 वर्क, वेस्ट बंगाल मेडीकल काउसिंल की छाया प्रति 02 वर्क, प्रैक्टिस से सम्बन्धित प्रपत्र की छायाप्रति 01 वर्क आदि बरामद किया गया है।

## वीकली व उत्कल एक्सप्रेस में फोन्स व ट्रॉली बैग चोरी

**●लाखों रुपये के थे मोबाइल फोन, ट्रॉली बैग में थे जेवरात**

**जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच हुयी शुरू**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** महाराष्ट्र राज्य के पटेल कालोनी झोपे हॉस्पिटल के पास रहने वाले समद शेख पुत्र उसउद्दीन शेख ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पहली नवम्बर को वह अपने भाई वसीम के साथ ट्रेन नं. 14622 अप वीकली एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की बर्थ नं. 15 व 16 पर दिल्ली से भुसावल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर अपने बर्थ नं.15 पर सो गया। बताया कि उसने अपने दो मोबाइल जिसमें एप्पल 16 प्रो-मैक्स कीमत 1.50 लाख रुपये व दूसरा सेमसंग गैलैक्सी एस-25 एफई कीमत 70 हजार रुपये रखा था। बताया कि ट्रेन झांसी निकलने के बाद सुबह करीब 4 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके दोनों फोन तकिया के नीचे नहीं है, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिले।

आरोप है कि किसी अज्ञात बदमाश द्वारा सोते समय उसके मोबाइल फोन चोरी कर लिये गये। जीआरपी पुलिस ने समद शेख की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मोतीनगर के पंतनगर वाक्ड बलराम सेठ, बीडी ब्रांच की कुलिया में रहने वाले संदीप कोरी पुत्र भगवानदास कोरी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 सितम्बर 2025 को ट्रेन नं. 18478 उत्कल एक्सप्रेस के कोच एस में बर्थ नं. 42 व 43 पर गाजियाबाद से सागर तक अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर सो गये। बताया कि ललितपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के 10 मिनिट बाद उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी सीट नं. 44 के नीचे रखा एक ट्रॉली बैग नहीं था। उसने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसके ट्रॉली बैग में सोने की अंगूठी कीमत 10 हजार रुपये, मनचली कीमत 3 हजार रुपये, चांदी की पायल कीमत 10 हजार रुपये, 3500 रुपये नकदी व इस्तमाली कपडे थे। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बाल/किशोर श्रम रोकथाम पर व्यापारियों को किया जागरूक

**●निगरानी व जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तालबेहट।** बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत 12 दिसंबर को जे.के. पेट्रोल पंप के निकट एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों को बाल श्रम रोकथाम से जुड़े नियमों, सामाजिक दायित्वों और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

गोष्ठी में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों का स्थान मजदूरी नहीं, बल्कि शिक्षा है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे बाल श्रम के खिलाफ मुहिम में सक्रिय सहयोग करें और किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिक पाए जाने पर इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने बाल विवाह, भिक्षावृत्ति और बाल संरक्षण की अन्य चुनौतियों पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए तथा संबंधित योजनाओं और कल्याणकारी उपायों के बारे में जानकारी साझा की।

गोष्ठी के उपरांत अधिकारी एवं टीम के सदस्य नगर के बाजारों में पहुंचे और दुकानदारों से सीधा संवाद करते हुए बाल श्रम के दुष्प्रभावों तथा इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, एटीएचयू थाना प्रभारी ललितपुर मंसूर अंसारी, श्रम विभाग से रामप्रताप सिंह, कुलदीप गुप्ता, जिला प्रोबेशन विभाग से जयराम, महिला कांस्टेबल कल्पना वाजपेयी, चाइल्डलाइन से शुभम शुक्ला, पर्यवेक्षक शुभम अहिरवार सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसके अलावा नगर व्यापार मंडल के कमल प्रकाश शिवहरे, विजय मिश्रा, राजेश सोनी, पुरुषोत्तम चतुर्वेदी, शिशिर जायसवाल, रविन्द्र जैन, महेंद्र सोनी, रत्नेश जैन, अंकुर जड़िया, बृजेंद्र शर्मा, फूलचंद्र रैकवार, अशोक कुशवाहा, वीरन कुशवाहा, अभि राजपूत, राजेंद्र सूर्येश, नरेंद्र नामदेव सहित कई व्यापारी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत कानपुर पुलिस रही एलर्ट



**कानपुर।** दिनांक 12.12.2025 को जुम्मे की नमाज व शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व मे स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र अनवरगंज के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर रूट मार्च किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शांति एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज व प्रभारी निरीक्षक अनवरगंज उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एवं उद्घाटन आज

**कानपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कमलेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 (द्वितीय शनिवार) को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मा. न्यायमूर्ति श्री सरल श्रीवास्तव, प्रशासनिक न्यायाधीश, जनपद कानपुर नगर द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 09:30 बजे, दीवानी न्यायालय परिसर, प्रथम तल स्थित मीटिंग हाल में आयोजित किया जाएगा।

## रोशन विश्वकर्मा का चयन नेपाल की टीम से एशिया कप अंडर 19 के लिए हुआ



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर 2द्धश्य़द्द रहे रोशन विश्वकर्मा का चयन नेपाल देश की टीम से दुबई में हो रहे एशिया कप अंडर-19, 2025 के लिए हुआ है। मूल रूप से नेपाल के निवासी और जनपद प्रतापगढ़ में तीन पीढ़ियों से निवास कर रहे रोशन विश्वकर्मा का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उसके इस चयन से जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज उपक्रीड़ा अधिकारी श्री रणजीत यादव पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैंडबॉल सचिन शुक्ला, रोशन विश्वकर्मा के प्रशिक्षक पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला दुर्गेश तिवारी विक्रम प्रताप सिंह सोमनाथ यादव जयप्रकाश यादव बुद्ध प्रकाश सहित स्टेडियम के सारे प्रशिक्षक और क्रिकेट प्रेमियों ने रोशन विश्वकर्मा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।रोशन विश्वकर्मा का चयन इसके पहले भी शारजाह में हुए एशियाई कप के लिए नेपाल की टीम से हुआ था। नेपाल की टीम से इसका यह दूसरा विदेशी दौरा है। आज शनिवार को इसका पहला मैच श्रीलंका से होगा।

## रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिक प्रणाली के निर्माण से भूजल रिचार्ज होगा

**प्रतापगढ़।** भूगर्भ जल विभाग खण्ड-यात्रिक प्रयागराज के अधिशासी अभियन्ता ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद प्रतागपढ़ मे राजकीय पोलिटेक्निक प्रतापगढ़ में 3200 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को आच्छादित करते हुए रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 24 लाख 48 हजार लिटर वर्षा जल से भूजल रिचार्ज किया जा सकेगा। जनपद में विभिन्न विकास खंडो में भूजल स्तर के मापन हेतु 11 नवीन पिजोमीटर का निर्माण कराया गया है जिससे मानसून के पहले एवं मानसून के बाद का भूजल स्तर का मापन किया जा सकेगा। खंड द्वारा भूजल के प्रबन्धित एवं विवेकपूर्ण उपयोग हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 54 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ हुआ सम्पन्न

### ● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 53 हिन्दु जोड़े व 01 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राम प्रिया गार्डेन कटरा मेंदनीगंज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 54 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में 53 हिन्दू जोड़े एवं 01 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादी निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण नागेन्द्र कुमार मौर्य, प्रयागराज से उपनिदेशक द्वारा नामित नोडल जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) प्रयागराज अंजिका मोना सहित समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख रुपये की सहायता उपलब्ध करायी जाती है जिसमें 60 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भेजे जाते है, 25 हजार रूपये उपहार के रूप में व शेष 15 हजार रूपये कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर खर्च किये जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रभाकर ने किया।

## बीजेपी जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत की अध्यक्षता में बैठक हुई



**ललितपुर ।** बीजेपी जिला कार्यालय पर स्नातक एम एल सी चुनाव एवं एस आई आर मॉनिटरिंग सेल के साथ जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत द्वारा एस आई आर और स्नातक चुनाव के अंतर्गत आगामी कार्यक्रम के सम्बन्ध में चर्चा कर सुझाव दिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्षगण प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी ,एस आई आर के जिला संयोजक हरिराम निरंजन , जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, महेश श्रीवास्तव, बंशीधर श्रीवास, जिला मंत्री रमेश कुशवाहा, ध्रुव राजा, दीपक पाराशर, रूपेश साहू, गौरव गौतम, हरेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, वैभव गुप्ता, शशि शेखर पाण्डे, रजनी अहिरवार, रुचिका बुंदेला, लक्ष्मी रावत, सुनीता पंथ, धर्मेंद्र पाठक के साथ मॉनिटरिंग सेल के सभी सदस्य और पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तिल गुड़ की देशी खुशबू से महका सीएसए- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, सीएसए ,का मैदान शुक्रवार को तिल गुड़ देशी घी और इस जैसी परंपरागत खुशबू से महक उठा,मौका था सीएसए मैदान में शुरू हुए लड्डू महोत्सव का जिसमें विभिन्न तरह के स्वदेशी और सर्दियों में बनाएं जाने वाले लड्डुओं के स्टाल लगाए गए। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद जिला धिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने लड्डू महोत्सव का शुभारंभ किया,और इसके बाद सभी स्टाल पर जाकर वहां मौजूद देशी लड्डुओं की जानकारी ली, सीएसए मैदान में स्वयं सेवी संगठनों और महिला समूहों के जरिए यह लड्डू महोत्सव लगाया गया है, जिसमें सर्दियों के समय घर में तैयार किए जाने वाले देशी घी के लड्डुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने लड्डू महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद सभी स्टाल में जाकर उनकी विशेषताएं जानी, जिसके बाद उन्होंने कहा कि यह लड्डू भारतीय संस्कृति और पोषण की पहचान है पहले सर्दियों की शुरुआत होते ही हर घर में यह लड्डू तैयार किए जाते थें, लेकिन बदलते समय के साथ परंपराएं भी विलुप्त होती जा रही है नई जेनरेशन अपने बिजी शेड्यूल और नौकरी पेशा जीवन में इन चीजों को समय और तजव्वो नहीं दे पाते हैं, जबकि यह देशी चीजें लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफ़ी अहम् है, उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोग फिर अपनी संस्कृति से जुड़ना शुरू करेंगे, लड्डू महोत्सव में महिला समूहों के जरिए विभिन्न स्टाल लगाए गए, जिसमें तिल, गुड़, सोंठ, गोंद,मेवा,समेत विभिन्न तरह के देशी लड्डुओं के स्टाल लगाए गए हैं,जिनकी सुगंध से ही भारत की परंपरा और विरासत का लोगो को एहसास होता रहा।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील इकाई ने विधायक को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तरबगंज/गोंडा।** शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन व पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के संदर्भ में गोण्डा जनपद के ग्रा. प. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के निर्देशानुसार गोण्डा जनपद के सभी विधानसभा में संगठन ने ज्ञापन सौंपा इसी क्रम में तरबगंज विधानसभा के विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को तरबगंज इकाई ने ज्ञापन सौंपा, विधायक की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बताया गया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों का प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है। संगठन का पंजीकरण संख्या 1153/86 है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ. प्र. की शाखा उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों व 551 तहसीलों में गठित होकर सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे इन पत्रकारों को सरकार व संस्थान की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे ये पत्रकार अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। अस्तु इनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए सात सूत्रीय मुख्य बिंदुओं को दर्शाया गया।

तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र संख्या - 1484/सू0एवं ज0स0 वि0 (प्रेस) - 36/2004 दिनांक 19-06-2008 को संशोधित करते हुए सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं के मान्यता प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत किया जाय । पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठके कराई जाय और मण्डल मुख्यालय पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाय और उसमे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाय। ग्रामीण पत्रकारों को स्वास्थ सुविधा से आच्छादित करने के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाय और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाय।

प्रदेश स्तर पर गठित पत्रकार मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के 02 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाय। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय हेतु दारुलशफा में निःशुल्क भवन उपलब्ध कराया जाए।ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं का अध्ययन व समाधान करने हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन कियाजाय। पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन करते समय परिस्थितियों वश होने वाले विवाद के प्रकरण में पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज कराने से पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने का आदेश निर्गत किया जाय। अतः आपसे अत्यंत विनम्रतापूर्वक अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओं पर सम्यक विचारोंपरांत आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश देने की माँग की गई। इस दौरान योगेश पाण्डेय तहसील अध्यक्ष, आर डी तिवारी उपाध्यक्ष, दीपक कौशल उपाध्यक्ष, रामकुमार कौशल मंडल कोषाध्यक्ष, रमेश मिश्रा महामंत्री, अमित पाण्डेय कोषाध्यक्ष, संजीव पाण्डेय उपाध्यक्ष, जयदीप शुक्ला

## नौबस्ता चौखड़ा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** जनपद सदर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा नौबस्ता चौखड़ा में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अजय प्रताप सिंह सम्मिलित हुये। जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आई हुई महिलाओं प्रशिक्षण, ऋण अनुदान, स्वरोजगार स्थापित करने की विभिन्न सरकारी योजनाओं व उनके लाभ के विषय में लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण अनुराग विश्वकर्मा, अवनीश पांडेय सूरज पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा, संतोष मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि ग्राम सभा सदस्य नौबस्ता, मनीष धुरिया बीडीसी, कार्यक्रम संचालक रहेंद्र शुक्ला सहायक विकास अधिकारी, राम अजीत पटेल कार्यक्रम प्रभारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय में हुआ पूरा

### ● जनपद में अब 20,15,316 ही होंगे मतदाता- जिला निर्वाचन अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में एक माह से अधिक चले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का काम निर्धारित समय सीमा में पूरा हो जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जनपद में कुल मतदाता 25 लाख 25 हजार130 के सापेक्ष अब 20 लाख 15 हज़ार 316 मतदाता ही शेष हैं।इस प्रकार 5 लाख 9 हज़ार 813 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिया गया है, जिसमें मृतक मतदाता, दूसरी जगह स्थानांतरित मतदाता और अनरोल्ड मतदाताओं के नाम शामिल हैं। डीएम ने बताया कि 147268 मतदाताओं का नाम पहले से वोटर लिस्ट में मिला लेकिन अब उनका अता पता नहीं चल रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी अवस्थी ने आगे बताया कि मतदाता सूची से हटाए गए मृतकों को छोड़कर शेष सभी मतदाताओं को नोटिस देकर सचेत किया जायेगा।यदि वह मतदाता सूची में बने रहने की पात्रता पूरी करते हैं तो उनसे फॉर्म-6 भरवाकर सूची में नाम शामिल कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ को फॉर्म-6 बांटने हेतु निर्देशित कर दिया गया है कि जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही हो, उनसे फॉर्म अवश्य भरवा जाय।

## युवक के निधन से नगर में शोक की लहर

**तालबेहट।** युवा जागृति मंच के कार्यकर्ता विवेक शर्मा के अनुज विनय शर्मा उर्फ बिन्नी के आकस्मिक निधन पर संगठन में शोक की लहर व्याप्त हो गई। मंगलवार को युवा जागृति मंच सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में कार्यकर्ताओं ने विनय शर्मा के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मंच के सदस्यों ने कहा कि बिन्नी सरल, मिलनसार और व्यवहार कुशल युवक थे, जिनके जाने से समाज ने एक जागरूक व सेवाभावी युवा को खो दिया है। शोक व्यक्त करने वालों में सुनील त्रिपाठी बाबा, संदीप अवस्थी, राकेश चौरसिया, विवेक अन्ना, आशीष लखेरा, गौरव व्यास, दिनेश कुशवाहा, रूपेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में ब्राह्मण समाज द्वारा भी एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें नवल किशोर बिलगैयाँ, आशुतोष बिलगैयाँ, शिक्षक ज्ञानेंद्र पाठक, विजय मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, संजीव त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## कानपुर पुलिस ने शुरू किया वसूलीबाजों के खिलाफ ऑपरेशन 500, गलत सूचना वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** वसूलीबाज यूट्यूबर्स, कथित पत्रकार, थाने के दलाल और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर शिकंजा कसने के इरादे से यहां के पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल द्वारा ऑपरेशन 500' शुरू कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत इसके लिए एक वॉट्सऐप नंबर जारी किया गया है। वसूली बाजों के खिलाफ इस अभियान के मुताबिक सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। हालांकि सूचना झूठी मिलने पर उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। अवगत कराते चलें कि पूर्व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के ऑपरेशन महाकाल के बाद कमिश्नरेट पुलिस का यह दूसरा ऑपरेशन है जिसके शुरू होने से वसूलीबाजों में हड़कंप मचा है।

इस अभियान के बारे में जानकारी देतेहुए पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को लगातार वसूलीबाज, रंगदारी, थानों में दलाली और जांच के नाम पर पीड़ितों से उगाही की सूचनाएं मिल रहीं थी। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन 500 की शुरुआत की है। इस बारे में जो योजना बनाई गई है । उसके मुताबिक यह ऑपरेशन लगातार 500 घंटे तक चलेगा। पीड़ित आसानी से सूचनाएं दे सकें इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने वॉट्सऐप नंबर 7839863274 जारी किया है। आमजन से सही सूचना और शिकायत देने की अपील करते हुए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि पीड़ित इस नंबर पर साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत भेज सकते हैं। शिकायत भेजने के बाद कमिश्नरेट पुलिस अपना काम शुरू कर देगी। पीड़ित यदि इस नंबर की बजाय अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखना चाहें तो वह भी कार्यालय के समय में आकर शिकायत व साक्ष्य दे सकते हैं। पुलिस के इस ऑपरेशन से वसूलीबाजों में हड़कंप भी मचा हुआ है।

# कानपुर के गोविंद पुरी पुल से 40 फीट नीचे गिरा युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शहर के गोविंद पुरी पुल पर बीती देर रात एक बाइक सवार युवक बेकाबू होकर पुल से नीचे गिर गया, युवक की बाइक पुल की रेलिंग से टकराई और वह झटके से उछलकर रेलिंग के पार निकल गया,वह जमीन पर आ गिरा, और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी , घटना की सूचना मिलने पर गोविन्द नगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, और युवक को उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है, जरौली के फेस वन निवासी सोलोमियट राबर्ट् सर्वोदय नगर में एक प्राइवेट अस्पताल में मेडिकल स्टाफ के रूप में काम करते हैं, बीतीं देर रात को डियूटी खत्म होने के बाद वह वापस अपने घर जरौली जा रहें थें।

उनका ममेरा भाई शनि भी उनके साथ दूसरी बाइक से साथ जा रहा था, दोनों गोविन्द पुरी पुल पार कर रहे थे इसी दौरान गोविन्द पुरी पुल पर बाइक मोड़ने के दौरान सोलोमियट की बाइक बेकाबू हो गई, और वह रोलिंग से टकरा गई, बाइक टकरानै से रोलिंग भी टूट गई , युवक की बाइक तों पुल के ऊपर ही रह गई, लेकिन युवक नीचे जा गिरा, वहीं घटना की जानकारी मिलने पर उनका ममेरा भाई शनि और अन्य राहगीर? मौके पर पहुंचे, और तत्काल पुलिस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया, राहगीरों ने पुलिस को बताया कि घायल रोलिंग से टकरा ने के बाद उसे पटरियों से हटा कर किनारे किया गया, जिससे कि वह किसी ट्रेन की चपेट में न आ जाए, वहीं राहत इस बात की रही कि घटना के दौरान कोई ट्रेन टैंक से नहीं गुजरी, जिससे युवक की जान बच गई , गोविन्द नगर थाने के कार्यवाहक प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है।

# बिधनू में ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू में तेज़ रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए भाग निकला, हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है ,सचेडी थाना क्षेत्र के भीमसेन गांव निवासी संदीप यादव पुत्र वीरेंद्र यादव बीतीं देर रात बाइक से काम करके कानपुर से वापस घर लौट रहे थे,तभी कानपुर सागर हाइवे पर स्थित रमईपुर के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, इसके बाद ट्रक लेकर चालक मौके से भाग निकला, हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई, राहगीरों ने घटना की सूचना फ़ोन कर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिधनू पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस को युवक के जेब से मिले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त हुई, इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं पुलिस घटना की जांच कर रही है, बिधनू थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि बाइक सवार युवक के परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एडीजी आलोक सिंह ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर नगर में आयोजित 26वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष-2025 का फाइनल मैच मेरठ जोन व बरेली जोन की टीम के मध्य खेला गया, जिसके समापन समारोह में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये तथा विजेता रही बरेली जोन की टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं का उठाये लाभ, करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना संचालित की जा रही है।

उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्य/अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30.00 मीटर गहराई तक की 110 एम0एम0 (4इंच) व्यास की बोरिंग/नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है।

मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। बोरिंग हेतु विभाग से प्राप्त सामग्री की ढुलाई व गड्ढा की खुदाई, पानी भराई का कार्य कृषकों द्वारा स्वयं कराना होगा। योजना हेतु विभागीय पोर्टल https://miuponline.in पर आनलाइन आवेदन करना होगा। यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैम/तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु इस वित्तीय वर्ष में पूर्व निर्मित उथले नलकूप/मध्यम गहरे नलकूप/गहरे नलकूप पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है।

# सण्ड़वा चन्द्रिका के बझान में किसान कल्याण केन्द्र का किया गया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बझान संडवा चंद्रिका में किसान कल्याण केन्द्र के भूमि-पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष अन्तू संजय सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिबक्श सिंह, मण्डल अध्यक्ष अन्तू राजाराम वैश्य, महावीर पाल सदर की गरिमामई उपस्थिति रही। किसान कल्याण केन्द्र में मीटिंग हॉल, बीज गोदाम व कृषि रक्षा इकाई का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने किसान कल्याण केन्द्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केन्द्र क्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, गुणवत्ता-युक्त बीज, कृषि रक्षा रसायन तथा फसल सलाह उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। किसान समुदाय ने इस पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि किसान कल्याण केन्द्र की स्थापना से क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा तकनीकी पहुंच भी मजबूत होगी। इस दौरान जनप्रतिनिधि कृष्ण प्रताप सिंह, बसंत सिंह, मंगल मिश्र, शिवकुमार सिंह, बबलू, दीपक, दीपू, सरदार, गोविंद सिंह, कृषक अवधेश तिवारी, प्रमोद सिंह, रमाशंकर मौर्या, ग्रीस सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश गुप्ता, अंकित सरोज ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभी अतिथियों व स्थानीय कृषकों का आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडी परिसर में ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत



**हमीरपुर-** मौदहा कस्बा/कोतवाली स्थित मंडी समिति में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला सड़क पार कर रही थी, तभी पीछे की ओर बैक हो रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हादसा मंडी परिसर के मुख्य गेट से लगभग 50 मीटर अंदर हुआ। मृतका की पहचान फूला रानी, निवासी रागौल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह ऊंचा सुनती थीं और रोजाना की तरह शुक्रवार को भी मंडी में छोटे-मोटे काम के लिए आई थीं। यहां आढ़त के दुकानदारों के यहां काम करके वह अपना गुजर-बसर करती थीं। करीब 60 वर्षीय फूला रानी जैसे ही सड़क पार करने लगीं, तभी पीछे की ओर आ रहा ट्रक उन्हें दिखाई नहीं दिया और उसके पिछले पहिए महिला पर चढ़ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौदहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को सीज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात शव, ट्रेन की चपेट में आने की आशंका

**हमीरपुर-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है और उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना सिजनौडा रेलवे ब्रिज और करहिया गांव के बीच की है। सुबेदारगंज से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही ट्रेन संख्या 04115 के लोको पायलट ने अकौना स्टेशन पहुंचकर सूचना दी कि अप और डाउन ट्रैक के बीच एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौदहा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस के अनुसार शव किलोमीटर संख्या 1338/29-27 पर मिला। प्रारंभिक अनुमान है कि मृतक या तो चलती ट्रेन से गिरा होगा या फिर खेतों की सिंचाई कर लौटते समय ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटा रही है। शव की पहचान होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राशनकार्ड से सम्बन्धित सेवाओं के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट:** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर आमजनमानस के लिए राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं जैसे राशनकार्ड विभाजन, यूनिट स्थानान्तरण, राशनकार्ड स्थानान्तरण, राशनकार्ड समर्पण, यूनिट निरस्तीकरण, मुखिया परिवर्तन आदि के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिनके माध्यम से आवेदक सम्बन्धित सेवाओं के लिए अपने राशनकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लिंक कर आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद आवेदन कर सकेंगे। बताया कि इन सुविधाओं के लिए अब राशनकार्डधारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक इन सुविधाओं के लिए स्वयं आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदन सक्षम प्राधिकारियों की लॉगिन पर स्वतः प्रदर्शित हो जाएंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित किया जाएगा।

### 17 को होगी जनसुनवाई

**चित्रकूट:** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी 17 दिसंबर को जनपद के राजकीय गेस्ट हाउस में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला जनसुनवाई तथा जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# डीएम ने देर रात किया शहर का निरीक्षण, रैनबसेरों व अलाव की व्यवस्थाओं की ली समीक्षा

### ● ज़रूरतमंदों को वितरित किए कंबल, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** शीतलहर के तेज प्रकोप से आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने देर रात्रि शहर के प्रमुख स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड, जिला अस्पताल, गुरु नानक चौराहा सहित कई स्थानों पर बने रैनबसेरों एवं अलाव स्थलों का जायज़ा लिया और उपलब्ध व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैनबसेरों में ठहरे जरूरतमंद एवं असहाय लोगों से संवाद कर उनकी स्थितियों के बारे में जानकारी ली। ठंड से बचाव की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर राहत प्रदान की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शीतलहर की गंभीरता को देखते हुए नगर क्षेत्र में हर महत्वपूर्ण स्थान पर अलाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण नियमित रूप से करें, ताकि ठंड से कोई भी व्यक्ति प्रभावित न हो और प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शीतलहर के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा राजस्व, स्वास्थ्य, नगर निकाय और आपदा प्रबंधन विभाग परस्पर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने यह भी अपील की कि आमजन जरूरतमंद लोगों को रैनबसेरों तक पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक लोग राहत पा सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर अशोक कुमार गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विशाल कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य लिपिक फराज अहमद, डीपीएम नीतेश राठौर सहित नगर पालिका एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## लाइन में लगे रहे सैकड़ों किसान, खत्म हुई खाद

### ● पक्षपात के लगे आरोप



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर कस्बा के पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में सैकड़ों किसान कूपन लिए लाइन में लगे रहे और केंद्र प्रभारी ने खाद खत्म होने का बोर्ड लगा दिया। इससे खफा किसानों ने जमकर हंगामा मचाया और केंद्र प्रभारी पर खाद की कालाबाजारी करने के आरोप लगाए।

कस्बे के पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में वितरण के लिए बृहस्पतिवार को दो ट्रक में 1100 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध हुई थी। केंद्र प्रभारी शिव सिंह ने खाद वितरण के लिए किसानों को कूपन बांटे थे। बृहस्पतिवार से ही किसान लाइन में लगे थे। रात होने पर केंद्र प्रभारी ने सुबह खाद देने का आश्वासन दिया। सुबह किसान लाइन में लगे रहे और केंद्र प्रभारी ने दोपहर में खाद खत्म होने का बोर्ड लगा दिया। इससे नाराज किसानों ने जमकर हंगामा काटा और केंद्र प्रभारी पर खाद की कालाबाजारी करने के गंभीर आरोप लगाए। किसानों ने हंगामा करने पर केंद्र प्रभारी ने शाम तक सभी को खाद देने का भरोसा दिया और मामले को शांत कराया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि कालाबाजारी का आरोप निराधार है। तीन सौ से अधिक किसानों को कूपन बांटे गए थे। चार से पांच बोरी यूरिया एक कूपन में दी है। पचखुरा सहकारी समिति में दो ट्रक खाद आई थी। वहां से मांग कर बचे हुए किसानों को खाद वितरित किया जा रहा है।

## दावा रहित संपत्तियों के निपटान हेतु हुआ शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** वित्तीय क्षेत्र में दावा रहित (nclaimed Deposit) संपत्तियों के निपटान हेतु गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन विकास भवन हमीरपुर में किया गया। वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से दावा न की गई संपत्तियों के निपटान हेतु एक राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत 4 अक्टूबर 2025 से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गांधीनगर गुजरात से हुई थी, जोकि 10 जनवरी तक जारी रहेगी। प्रदेश में यह अभियान SLBC उत्तर प्रदेश के सहयोग एवं समन्वय से किया जाएगा। इसी क्रम में आठवें चरण में जनपद हमीरपुर में स्थित विकास भवन, सभागार में दावा न की गई संपत्तियों के निपटान हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी दावा न की गई वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे बैंक जमा, बीमा आय, म्युचुअल फंड, लाभांश और शेयरों का पता लगाने और उन पर दावा करने में सक्षम बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की यह अच्छी पहल है, जिसके माध्यम से आम जनमानस को उनकी दावा न की गई संपत्तियां सुगम रूप से प्राप्त हो सकेंगी। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से आई अग्रणी बैंक अधिकारी सुश्री पल्लवी सोम द्वारा सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से भी आहवान किया गया कि ऐसे मामलों का निपटान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो सके। अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) हमीरपुर ने इस अभियान के बारे में जागरूक करते बताया कि बैंक शाखा स्तर पर या स्वदेशीय कैम्प 01, अक्टूबर से चल रहा है, जो कि 10, जनवरी तक चलेगा। जिसमें आम जनमानस अपनी अदावित राशि का क्लेम प्रस्तुत कर सकते है। खाताधारक भारतीय रिजर्व बैंक के उद्गम पोर्टल पर भी अपने



नाम से किसी अनक्लेम्ड धनराशि की जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बैंकों के 25 लाभार्थीयों को अतिथिगणों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिन्होंने अपनी अनक्लेम्ड राशि प्राप्त कर ली है। शिविर में उपस्थित लाभान्वितों ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए बैंक को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी बैंक अधिकारी, नाबार्ड के जिला प्रबंधक सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य गणमान्य अथितिगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक ने किया।

## ग्राम पंचायत बिलहडी में तालाब सुंदरीकरण कार्य पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** सुमेरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बिलहडी में चल रहे तालाब सुंदरीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। जो पुलिया निर्माण हुआ था वह भी क्षतिग्रस्त हो गई है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार निर्माण कार्य में बालू की जगह उस्त का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे पूरे कार्य की मजबूती और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी तालाब के क्षेत्रफल को कम कर कार्य किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी को की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि तालाब की पुरानी बंधी पर बने कुछ मकानों को हटाकर नई बंधी बनाई गई है, जिसमें भी अनियमितताएँ स्पष्ट रूप से दिख रही हैं। इसके बावजूद निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण नहीं कराए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि सरकारी धन से किए जा रहे इस कार्य में मानकों की अनदेखी सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच कराने, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने तथा आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

इस संबंध में प्रार्थी नरेश, मंगल, नरेन्द्र कुमार और बाबूलाल ने संयुक्त रूप से शिकायत पत्र सौंपकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो तालाब का सुंदरीकरण कार्य बेकार हो जाएगा और सरकारी धन की भारी हानि होगी।

## 17 को लगेगा रोजगार मेला

**चित्रकूटः** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भांगा शिवरामपुर के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद के अर्ह युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए, जीनस कम्पनी द्वारा आगामी 17 दिसंबर को संस्थान में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि इस रोजगार मेले में आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, इलेक्ट्रानिक्स, पावर डिस्ट्रीब्यूटर) पास आउट पुरुष प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा 16,700-25000 सीटीसी व ट्रैवल अलाउंस तक का वेतन दिया जायेगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आज, 4261 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**भदोही।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरामुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का आयोजन आज 13 दिसंबर को जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा में 4261 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय 11:30 बजे से 1:30 बजे तक निर्धारित है। जिलाधिकारी भदोही ने सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं, वहीं पुलिस अधीक्षक को पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संचालन हेतु 11 केंद्र पर्यवेक्षक, 11 केंद्राध्यक्ष और 203 कक्ष निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो परीक्षा को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे।

## आजमगढ़ में विजय शक्ति मेडिकल हाल एवं मां शारदा ट्रैवल एजेंसी का भव्य शुभारंभ



**आजमगढ़** के भंवरनाथ स्थित नेक्सा शोरूम के पास (सैनिक भवन) शक्ति मेडिकल हॉल एवं मां शारदा टूर एजेंसी की शाखा का हुआ भव्य शुभारंभ अखिलेश मिश्रा गुड्डू प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया जहां पर मेडिकल सुविधाओं के साथ-साथ आजमगढ़ दिल्ली आजमगढ़ जयपुर आजमगढ़ नागपुर आदि स्थान के लिए बस ट्रेन वह जहाज का टिकट बुक किया जाता है।विजय शक्ति मेडिकल हाल के प्रबंधन ने कहा की बाबा भवरनाथ व माता रानी की असीम अनुकंपा से हम आप सभी क्षेत्र वासियों को सस्ती मेडिकल और ट्रैवल सुविधायें प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रोपराइटर राहुल सिंह पालीवाल सहित समस्त परिवार एवं मित्रगण के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्राइवेट कंपनी आर. के. टी. सी. अमलाई ओ.सी. एम.के द्वारा 50 से 60 वर्कों का मेडिकल एवं बीटीसी कराने के बाद भी उन्हें ड्यूटी पर नही रखा जा रहा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल धनपुरी-** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत कार्य कर रहे प्राइवेट कंपनी आर. के. टी. सी. अमलाई ओ.सी. एम.के द्वारा 50 से 60 वर्कों का मेडिकल एवं बीटीसी कराने के बाद भी उन्हें ड्यूटी पर नही रखा जा रहा है। जबकि बाहर से मजदूरों को बुलाकर रखा जा रहा है। अभी कुछ दिनों पहले 25 बाहरी लोगों को रखा गया है। जो स्थानीय बीटीसी किए हुए उनके द्वारा यह कहा गया कि हमें केवल आश्वासन दिया जा रहे है कि आप लोगों को हम जल्द से जल्द ड्यूटी पर उतार देंगे लेकिन हमारे साथ विश्वास घात कर बाहर से 25 बाहरी को रोको जिनको बुलाया गया है उनको हटाकर हम लोगों में से लिया जाए जबकि आर. के. टी. सी. कंपनी के पाठक का कहना है कि हम आप लोगों को 15 तारीख से 5 स्थानीय लोगों से शुरुआत करेंगे उसके बाद धीरे-धीरे हम पूरे वर्करों को ले लेंगे लेकिन स्थानीय लोगो का कहना है की आज से ही हमारे 5 लोगों को लिया जा उसके बाद पांच-पांच करके फिर लीजिएगा लेकिन बाहरी लोगों को जिस तरह से आप चुपचाप बुलाकर काम में रखा जा रहा है। यह सब हम लोगों की उपेक्षाएं अब बर्दाश्त नहीं होंगी।









## पंचायत उप निर्वाचन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

### ● निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

### पंचायत उप निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उपनिर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु जनपद पंचायतवार रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्ति किया है। जनपद पंचायत सोहागपुर हेतु रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार सोहागपुर श्रीमती भावना डेहरिया, सहायक सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार सोहागपुर श्री राजकुमार कोल को निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत पोंगरी, बरतरा, जनपद पंचायत ब्यौहारी हेतु रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार ब्यौहारी श्री डीलन सिंह, सहायक सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार श्री अजय पाण्डेय को निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत चरखरी, जनपद पंचायत बुढ़ार हेतु रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार बुढ़ार श्री सुमित गुर्जर, सहायक सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार श्री मनोज सिंह को निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत बरगंवा 24, मलयाकुंड, केशवाही, पडरिया, बचरवार, धुम्मोडोल,जनपद पंचायत जयसिंहनगर हेतु रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार जयसिंहनगर श्रीमती सुषमा धुर्वे, सहायक सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार श्री रोहित सिंह परिहार को निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत हिडवाह एवं टेटका के लिए नियुक्त किया है। साथ ही उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावषील कर दी गई है।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 16 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 29 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 29 दिसम्बर को ही मतगणना होगी। जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 02 जनवरी 2026 को होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को होगी।

## सम्पूर्ण जन कल्याण समिति के स्थापना दिवस पर सरजीत सिंह भाटी शौर्य वीरता पुरस्कार का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा!** सम्पूर्ण जन कल्याण समिति रजि. के 7वे स्थापना दिवस पर (नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में सेकंड लेफ्टिनेंट) सरजीत सिंह भाटी शौर्य वीरता पुरस्कार का आयोजन बिसरख गांव के बड़ा बारात घर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम योगाचार्य स्वामी कर्मवीर जी की अध्यक्षता में हुआ और कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अंकित भडाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक से सम्मानित जिला कमांडेंट (बिजनौर, अमरोहा) डॉ. वेदपाल चपराना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष सर्वधन परिषद उत्तराखंड प्रमोद खारी, योग आचार्य दीपक, बाबा अंतराम तंवर, यूपी कबड्डी टीम की कप्तान सोनिका नागर, पर्यावरण पुरुष रूपचंद नागर, अखिल भारतीय प्राइवेट चिकित्सक फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल पाण्डेय, समाजसेवी कैप्टन कुलदीप, सीआईएसएफ से बंसीलाल गुर्जर, महिपाल मंडार, अनिल भाटी एवं राष्ट्रीय लोक कलाकार हरेंद्र नागर नरेश भाटी आदि आदि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण जन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चैंपियन ने बताया की कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण जन कल्याण समिति रजि. के 7वे स्थापना दिवस पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष संजय सिंह भाटी के नेतृत्व मे राहुल बैसला, उपाध्यक्ष परवीन कुमार भाटी, महासचिव संजय सिंह जैन, कोषाध्यक्ष परवीन भाटी, कार्यालय प्रभारी अमरवीर, सदस्य डॉली शर्मा, मानसी भाटी



एवं सम्पूर्ण जन कल्याण समिति की पूरी टीम के सहयोग से हुआ। इस मौके पर सैकड़ों मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे देशराज सिंह, धन्नी सिंह भाटी, राजवीर भाटी, संदीप भाटी, हरेंद्र यादव, हरि सिंह भाटी, अजेश राणा, नवाब भाटी, धर्मवीर भाटी, नरेंद्र भाटी आदि ग्रामवासियों के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकारों की समस्याओं पर ग्रापए राठ इकाई ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हमीरपुर-** ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन ने पत्रकारों की सुरक्षा व हित को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन विधायक मनीषा अनुरागी को सौंपा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार के दिन एसोसिएशन की राठ इकाई ने प्रदेश में कार्यरत ग्रामीण पत्रकारों की उपेक्षा और समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल की। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधानसभा 229 राठ विधायक मनीषा अनुरागी को सौंपते हुए पत्रकारों के हित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

संगठन के तहसील अध्यक्ष रामसेंह राजपूत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करने वाले पत्रकारों को अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा अपेक्षित सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं। प्रदेश भर में संगठन के 18 मंडल, 75 जनपद और 551 तहसीलों में सक्रिय पत्रकार कार्यरत हैं, लेकिन आखिर स्तर तक मान्यता और सुरक्षा का अभाव बना हुआ है। बताया कि तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने का शासनादेश जारी किया जाए। पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए स्थानीय स्थायी समिति की नियमित बैठकें हों और उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रतिनिधित्व दिया जाए। पत्रकारों को स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। प्रदेश स्तर की स्टेट मीडिया कमेटियों में ग्रामीण पत्रकारों को शामिल किया जाए। लखनऊ में एसोसिएशन के कार्यों हेतु मुफ्त कार्यालय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण हेतु पत्रकार आयोग या कमेटी का गठन किया जाए।

किसी विवाद की जांच में पत्रकारों को राजनीतिक दबाव से मुक्त निष्पक्ष जांच देने का प्रावधान लागू किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारियों में पत्रकार जयशंकर त्रिपाठी, देवेन्द्र राजपूत, नेहा वर्मा, हरिमोहन चंसौरिया, सीतू सेंगर, दिलीप कुमार, भूपेंद्र, वसीम, संजय महान, मनोज शास्त्री, कैलाश सोनी, रोहित चौबे और समीम मिर्जा उपस्थित रहे।

## जिले के गामरिया एम.ई स्कूल में हेडमास्टर और SMC अध्यक्ष पर हमला, अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल; पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के गामरिया एम.ई स्कूल में दो छात्रों के बीच टकराव को लेकर शुरू हुई उत्तेजना आखिरकार बड़े हमले की घटना में बदल गई। आरोप है कि दो छात्रों की मारपीट को लेकर एक छात्र के अभिभावक हेडमास्टर बहार उद्दीन बड़भुइया के साथ झगड़े में लिप्त हो गए। बाद में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष (SMC President) आलाउद्दीन घटनास्थल पर पहुंचे और अभिभावक से शांत रहने का अनुरोध किया। लेकिन इससे अभियुक्त काईयुम अली और उसके समर्थक और भी अधिक गुस्से में आ गए। आरोप है कि उन्होंने आलाउद्दीन पर बेरहमी से हमला किया। घटना में अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थिति बिगड़ने पर हेडमास्टर बहार उद्दीन बड़भुइया ने कालिबाड़ी पुलिस आउटपोस्ट में फोन करके घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। गंभीर घायल अवस्था में अध्यक्ष आलाउद्दीन को कालिबाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी शारीरिक स्थिति बिगड़ने के कारण हाइलाकांडी सिविल अस्पताल में रेफर किया गया। बाद में और बिगड़ने पर उन्हें शिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, इस घटना को लेकर अलाउद्दीन के बेटे मुत्ताफल हक ने कालिबाड़ी पुलिस



आउटपोस्ट में एक FIR दर्ज की। FIR में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है–1. अब्दुल राशिद 2. कैयूम अली 3. रुषना बेगम 4. नाजमुल 5. बदर उद्दिन। घटना के बाद स्कूल और स्थानीय समुदाय में व्यापक रोष फैल गया है। शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार करने और सख्त सजाएं देने की मांग की है।